

ऋषभ पंत पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना
» 10


# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 43.2°C
न्यूनतम तापमान 27.4°C
सूर्योदय - 5.28 | सूर्यास्त - 6.45



दु:खद हादसा, करंट लगने से 9 वर्षीय बालक की मौत » 2



'हनुमान' के बाद अब 'महाकाली' में दिखेंगे रोहित सराफ » 7



मध्यप्रदेश में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का... » 9



# 'नीट' पेपर लीक गठजोड़ का नतीजा: राहुल गांधी

## नेता प्रतिपक्ष ने मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा

नई दिल्ली।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा में हुए कथित घोटाले को लेकर देश भर में मचा बवाल थमता नजर नहीं आ रहा है। इस संवेदनशील मुद्दे पर अब राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। लाखों छात्रों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी बात रखी है। राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा कि यह पेपर लीक कोई साधारण चूक या प्रशासनिक गलती नहीं है। यह भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से व्यवस्था में बिठाए गए अयोग्य प्रोफेसर के गठजोड़ का नतीजा है। राहुल गांधी ने यह गंभीर आरोप ऐसे समय में लगाया है जब देश के कोने-कोने से छात्र और उनके अभिभावक चिलचिलाती धूप में सड़कों पर उतर कर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता का कहना है कि वर्तमान सरकार ने देश के सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और परीक्षा कराने वाली एजेंसियों पर अपनी विचारधारा वाले लोगों को काबिज कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरिट और योग्यता को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। जब सिर्फ निष्ठा के आधार पर नियुक्तियां की जाती हैं, तो पूरा सिस्टम खोखला हो जाता है। एनटीए जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं का फेल होना इसी मिलीभगत का परिणाम है। इसी वजह से आज 24 लाख से अधिक होनहार युवाओं के सपनों को चकनाचूर होना पड़ा है।

### सुप्रीम कोर्ट की दहलीज पर पहुंचा मामला

यह विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। अब यह पूरा मामला देश की सर्वोच्च अदालत की दहलीज पर पहुंच चुका है। सुप्रीम कोर्ट में दायर कई याचिकाओं पर लगातार सुनवाई हो रही है। अदालत के आदेश पर ग्रेस मार्क्स वाले छात्रों की परीक्षा रद्द कर दोबारा एग्जाम कराने का फैसला आ चुका है। इसके बावजूद असली बवाल मूल पेपर लीक को लेकर बना हुआ है। इस बीच देश के कई राज्यों में पुलिस ने पेपर लीक गैंग के गुर्गों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारियां इस बात की पुष्टि करती हैं कि परीक्षा सिस्टम में बहुत बड़ी सेंधमारी हुई थी।

## नीट पेपर लीक : प्रश्नपत्र बनाने वाली प्रोफेसर गिरफ्तार

सीबीआई ने शनिवार को जीव विज्ञान की उस प्रवक्ता को गिरफ्तार कर लिया जो तीन मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने वाली एनटीए की समिति का हिस्सा थीं। यह गिरफ्तारी प्रश्नपत्र लीक मामले में कथित सरगना पी.वी. कुलकर्णी और अन्य आरोपियों से पूछताछ के आधार पर की गई है। जीव विज्ञान की प्रवक्ता मनीषा मंधारे को यहां एजेंसी के मुख्यालय में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। वह कथित तौर पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) से जुड़ी परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं और एनटीए द्वारा विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त की गई थीं।



# अब एआई के दौर में पहुंच गया फाउंटेन पेन से लिखा हमारा संविधान : न्यायमूर्ति सूर्यकांत

## सीजेआई की उपस्थिति में लॉन्च हुआ मप्र हाईकोर्ट का नया पोर्टल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा है कि अमरकंटक से निकलने वाले मां नर्मदा, छोटी-छोटी नदियों के मिलने से विशाल स्वरूप प्राप्त करती है। इसी प्रकार नई तकनीक की धाराओं के माध्यम से कोर्ट, पुलिस, प्रिजन, फॉरेंसिक और मेडिको लीगल की शाखाएं यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म में एकाकार होते हुए न्याय पाने में आमजन के लिए सहायक सिद्ध होंगी। आम नागरिक को त्वरित रूप से न्याय मिल सके इस उद्देश्य से अब हमारी न्यायपालिका को अस्पतालों की तरह 24 घंटे सातों दिन कार्य करना होगा। मप्र उच्च न्यायालय द्वारा नागरिकों के लिए डिजिटल सेवाओं का विकास कर न्याय प्रक्रिया को तेज और सरल बनाना सराहनीय और अनुकरणीय उदाहरण है। उच्च न्यायालय के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से समय पर बंदियों को मुक्त करने, अर्जेंट हियरिंग, कोर्ट ऑर्डर के डिजिटलीकरण जैसी अनेक सुविधाएं मिलेंगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मप्र उच्च न्यायालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था देश के सभी न्यायालयों में लागू की जाए। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत जबलपुर में आयोजित फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजन एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म इंटीग्रेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों तथा प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन कानूनविद एवं न्यायविद उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में वंदे मातरम और जन गण मन के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस अवसर पर हाईकोर्ट के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की लॉन्चिंग की गई। मप्र हाईकोर्ट ने लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए अपना नया लाइव ऑडियो विजुअल स्ट्रीमिंग सिस्टम लॉन्च किया। यह एक ओटीटी स्टाइल में तैयार किया गया डिजिटल सिस्टम है, जिससे थर्ड पार्टी सिस्टम पर निर्भरता खत्म होगी और लाइव स्ट्रीमिंग का पूरा कंट्रोल हाईकोर्ट अथॉरिटी के पास होगा। मप्र हाईकोर्ट का नया पोर्टल भी लॉन्च किया गया। यहां जज, वकील और फरियादियों के लिए कोर्ट के ऑर्डर, बेल एप्लिकेशन सहित अन्य जरूरी दस्तावेज आसानी से उपलब्ध होंगे। मप्र हाईकोर्ट ने डिजिटल डेटा मैनेजमेंट सिस्टम प्रथम भी लॉन्च किया है। यह सिस्टम आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस से लैस है। इसके साथ ही प्रिजनर रिलीज के लिए ऑनलाइन क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की शुरुआत की गई।



### सुशासन की दिशा में तेजी से बढ़ रहा प्रदेश : डॉ. यादव

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मप्र सुशासन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने टेक्नोलॉजी को सुशासन के मूल मंत्र के साथ जोड़ा है। प्रदेश में सायबर तहसीलों की स्थापना की जा रही है। पेपरलेस प्रक्रियाओं की ओर अग्रसर होते हुए मंत्रीपरिषद की कार्यवाही डिजिटल की जा चुकी है। प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से आम आदमी के जीवन को सरल बनाने की दिशा में राज्य सरकार लगातार कार्यरत है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने नवाचारों के माध्यम से व्यवस्थाओं को आसान बनाया है। केंद्रीय विधि एवं कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि देश की न्याय व्यवस्था में आज का दिन ऐतिहासिक है। मप्र सिंहासन बत्तीसी की धरती है, सम्राट विक्रमादित्य का सिंहासन धरती में दबकर भी न्याय करता था।

### फरियादियों को नहीं करना पड़ेगा इंतजार

मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने कहा कि मप्र उच्च न्यायालय आज एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च कर रहा है। अब फरियादियों को न्यायालय के फैसलों की कॉपी के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत के मार्गदर्शन में तैयार हुआ हाईकोर्ट का यह डिजिटल प्लेटफॉर्म नागरिकों के जीवन को आसान बनाएगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह ने कहा कि फाउंटेन पेन से लिखा गया हमारा संविधान अब एआई के दौर में पहुंच चुका है। किसी कैदी की रिहाई का आदेश पहुंचने में देरी कोई तकनीकी गड़बड़ी नहीं है। लेकिन इस देरी से रिहा हुए व्यक्ति को एक और रात जेल में गुजारनी पड़ती है। इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस आलोक अराधे, मप्र हाईकोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव जज जस्टिस विवेक रूसिया, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर अन्नू, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, न्यायाधीश न्यायिक प्राधिकरण से जुड़े प्रशिक्षु, प्रशासन व पुलिस के अधिकारी और बड़ी संख्या में वकील उपस्थित रहे।




## 'ऑपरेशन सिंदूर' में दिखा तकनीक का दम : सीडीएस

**अनिल चौहान बोले- पहली बार हुआ ऐसा सटीक युद्ध**

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भारतीय सेना के बदलते स्वरूप को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपने पुराने अनुभवों को याद करते हुए सेना के मानवीय चेहरे और आधुनिक युद्ध कौशल दोनों पर खुलकर चर्चा की। जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बेहद महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अतीत में लड़े गए सभी युद्धों से बिल्कुल अलग है। यह ऑपरेशन आज भी जारी है। इतिहास में पहली बार यह एक वास्तविक मल्टी-डोमेन ऑपरेशन था। इसका मतलब है कि सेना के तीनों अंगों ने एक साथ बेहद सटीक तालमेल के साथ काम किया। यह बड़े पैमाने पर 'नॉन-कॉन्टैक्ट वॉरफेयर' यानी बिना आमने-सामने आए लड़ा जाने वाला युद्ध था। इस ऑपरेशन में अंतरिक्ष और साइबर जैसी आधुनिक तकनीकों का भरपूर इस्तेमाल किया गया। जनरल चौहान ने बताया कि भले ही यह मुख्य सैन्य कार्रवाई केवल 88 घंटे चली, लेकिन इसके लिए बहुत बड़े स्तर पर समन्वय की जरूरत थी। इसमें थल सेना, वायु सेना और नौसेना के साथ-साथ सरकार के अन्य विभागों और विभिन्न एजेंसियों ने मिलकर काम किया। यह एक बेहद सुनियोजित ऑपरेशन था। सीडीएस ने कहा कि इस ऑपरेशन में जीत के पैमाने भी पूरी तरह अलग थे। उन्होंने तकनीक की ताकत को समझाते हुए कहा कि आप कल्पना कीजिए कि 300 या 400 किलोमीटर दूर से कोई चीज बिल्कुल सटीकता के साथ सीधे इस कमरे में आकर गिरे। हमारे भूगोल में ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया था। यही वजह है कि यह विशेष ऑपरेशन पहले की तुलना में पूरी तरह से अलग और ऐतिहासिक था।

## पाक तय कर ले भूगोल का हिस्सा रहना है या इतिहास बनना है

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को आतंकवाद को लेकर कड़ा संदेश देते हुए साफ कहा है कि अगर उसने भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों को समर्थन देना बंद नहीं किया, तो उसे तय करना होगा कि वह भूगोल का हिस्सा बना रहना चाहता है या इतिहास का हिस्सा बनना चाहता है। दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम के दौरान जनरल द्विवेदी ने यह बयान दिया। कार्यक्रम में उनसे पूछा गया कि अगर फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसी स्थिति बनती है, तो भारतीय सेना की प्रतिक्रिया क्या होगी। इस सवाल के जवाब में सेना प्रमुख ने कहा कि यदि देश के खिलाफ दोबारा वैसी परिस्थितियां पैदा होती हैं, तो भारतीय सेना पहले की तरह ही नहीं बल्कि उससे भी अधिक मजबूती के साथ जवाब देगी।



### कार-बाइक की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

**शहडोल (स्वतंत्र मत)।** शहडोल के ब्यौहारी में मानपुर मार्ग पर शनिवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक और एक युवती की मौत हो गई। बेडरा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ब्यौहारी थाना क्षेत्र के भन्नी गांव के रहने वाले बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई।

## पेट्रोल-डीजल और आर्थिक संकट की बड़ी वजह मोदी सरकार में लीडरशिप का अभाव

**भोपाल।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने देश में बढ़ते आर्थिक संकट और महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारत में मौजूदा आर्थिक संकट की बड़ी वजह मोदी सरकार में लीडरशिप क्राइसिस, दूरदर्शी सोच का अभाव और अक्षमता है। दिग्विजय ने इसे मोदी सरकार द्वारा निर्मित संकट बताते हुए कहा कि इसका खामियाजा देश की जनता पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के बढ़ते दामों के रूप में भुगत रही है। सोशल मीडिया पर शनिवार सुबह किए गए पोस्ट में दिग्विजय सिंह ने लिखा कि देश की जनता को यह समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय ईंधन क्राइसिस के साथ-साथ भारत में आर्थिक संकट की वजह केंद्र सरकार की नीतियां भी हैं। उन्होंने कहा कि डीजल के दाम बढ़ने से पूरे देश में महंगाई का असर पड़ता है, जिसका असर उद्योगों, किसानों और घरेलू बजट पर आता है।



## महर्षि आश्रम की भूमि पर माफिया की नजर

### ईडी के शिकंजे में सिंडीकेट, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी गठित करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली/जबलपुर।** जबलपुर के नाम को अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक क्राँति के जन्मदाता महर्षि महेश योगी के देश भर में फैले हुये आश्रमों में से जबलपुर मानेगांव, बिलासपुर, रायपुर, नोएडा की जमीनों को फर्जीबाड़ा कर बेचने के मामले में प्रवर्तन निर्देशालय (ईडी) ने जी. रामचन्द्र मोहन तथा आकाश मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है। ई.डी. के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार कई जगह प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी कार्यवाही न होने से इस बात की संभावना बनती है कि इसके पीछे कोई बड़ा संगठित गिरोह सफेद पोसों के संलग्न होने की संभावना प्रतीत हो रही है व व्यापक स्तर पर मनी लांड्रिंग के प्रमाण मिले है। वहीं, इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भी सख्त रुख अपनाया है। जबलपुर में महर्षि संस्थान के संस्थापक जादूगर एस.के. निगम ने बताया कि महर्षि संस्थान के श्रीकांत ओझा (एसआरएम फाउंडेशन ऑफ इंडिया) द्वारा की गयी अपील को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव की देखरेख में एसआईटी गठित करने का आदेश दिया है। यह टीम संस्थान की जमीनों के अनधिकृत हस्तांतरण और फर्जी दस्तावेजों के जरिए की गई बिक्री की गहन जांच करेगी। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस. चांदुरकर की पीठ ने निर्देश दिया कि इस एसआईटी में रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज को भी सदस्य के रूप में शामिल किया जाए। अदालत ने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में संस्थान की जमीनों से जुड़े कई आपराधिक मामले लंबित हैं, फिर भी संपत्तियों की बिक्री जारी है। कोर्ट ने एसआईटी को तीन महीने के भीतर अपनी फैक्ट-फाइंडिंग रिपोर्ट सौंपने का समय दिया है।

# 9वीं-10वीं में पढ़नी होंगी 3 भाषाएं

## सीबीएसई का नोटिफिकेशन जारी, 1 जुलाई से होगा लागू

नई दिल्ली

सीबीएसई ने अपने सभी स्कूलों में कक्षा 9वीं और 10वीं में थ्री लैंग्वेज पॉलिसी अनिवार्य कर दी है। इसके तहत 9वीं और 10वीं के बच्चों को तीन भाषाओं की पढ़ाई करनी होगी। इनमें से 2 भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। सीबीएसई का नोटिफिकेशन 1 जुलाई से लागू होगा। इस फैसले से 9वीं और 10वीं के मिलाकर लगभग 50 लाख बच्चे प्रभावित होंगे। साथ ही इस साल 10 वीं के बच्चों को तीसरी भाषा का पेपर नहीं देना होगा। थ्री लैंग्वेज पॉलिसी के तहत, एक भारतीय और एक विदेशी भाषा के साथ एक क्षेत्रीय भाषा पढ़ाई जानी है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि स्कूल, छात्रों की पसंद के अनुसार थर्ड लैंग्वेज चुन सकते हैं। सभी स्कूलों को अपनी चुनी हुई लैंग्वेज की जानकारी 30 जून तक बोर्ड को देनी होगी। बोर्ड ने कहा कि लैंग्वेज को लेकर ये डिसीजन हाल ही में 2026-27 के लिए रिलीज किए गए एनसीईआरटी सिलेबस को देखकर लिया गया है। इस सेशन की शुरुआत अप्रैल 2026 से हो चुकी है। लेकिन स्कूलों को 1 जुलाई से थर्ड लैंग्वेज की पढ़ाई शुरू करने का निर्देश दिया गया है। सीबीएसई ने साफ किया है कि इस साल 10वीं बोर्ड परीक्षा में थर्ड लैंग्वेज का पेपर नहीं होगा। हालांकि, छात्रों के लिए इसकी पढ़ाई करना जरूरी रहेगा। जब तक थर्ड लैंग्वेज की नई किताबें उपलब्ध नहीं होतीं, तब तक 9वीं के छात्र 6वीं कक्षा की थर्ड लैंग्वेज की किताबों से पढ़ाई करेंगे।



### 1 जुलाई से किताब उपलब्ध कराने के निर्देश

सीबीएसई ने माना कि कुछ स्कूलों को भारतीय मूल की भाषाओं के लिए क्वालिफाइड टीचर्स अरेंज करने में मुश्किल हो सकती है। ऐसे में स्कूलों को इंटर स्कूल रिसोर्सेस के माध्यम से हाइब्रिड टीचिंग सपोर्ट, रिटायर लैंग्वेज टीचर की नियुक्ति और क्वालिफाइड पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स के हायरिंग की परमिशन भी दी गई है। स्कूलों को यह भी कहा गया है कि वे पढ़ाई के लिए स्थानीय और राज्य स्तर का साहित्य उपलब्ध कराएं। इसमें कविताएं, छोटी कहानियां और अन्य साहित्यिक सामग्री शामिल होगी।

# शहर में वट सावित्री व्रत को लेकर आस्था और उत्साह का माहौल

## वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना की

शहडोल (स्वतंत्रमत)



शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं द्वारा वट सावित्री व्रत पूरे श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों एवं वट वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए व्रत रखा और पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने स्नान कर पारंपरिक वेशभूषा धारण की तथा सोलह श्रृंगार कर पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष के पास पहुंचीं। और वट वृक्ष का पूजा अर्चना करने के बाद महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए कच्चा धागा बांधा और भगवान विष्णु, माता सावित्री तथा सत्यवान का स्मरण किया। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट सावित्री व्रत कथा भी श्रद्धापूर्वक सुनी। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप, श्रद्धा और संकल्प के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से यह व्रत पति की दीर्घायु एवं अखंड सौभाग्य के लिए किया जाता है। महिलाओं में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर सामूहिक पूजा का आयोजन भी किया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। शहर के प्रमुख मंदिरों एवं वट वृक्ष स्थलों पर पूजा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। पूजा स्थलों पर सुबह से ही भक्तिमय वातावरण बना रहा। महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दीं और परिवार की सुख-शांति की कामना की। व्रत के दौरान महिलाओं ने उपवास रखकर धार्मिक परंपराओं का पालन किया। कई महिलाओं ने बताया कि यह व्रत भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक है, जो पति-पत्नी के अटूट रिश्ते एवं समर्पण को दर्शाता है। पूरे शहर में वट सावित्री व्रत को लेकर आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ महिलाओं ने अपने परिवार की खुशहाली और पति की लंबी उम्र की मंगलकामना की।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाअभियान जिला प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा अभियान जिला प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन, राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा दो दिवसीय आवासीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा अभियान जिला प्रशिक्षण वर्ग का दो दिवसीय आयोजन नगर होटल न्यू यश पैलेस में वर्ग का आयोजन किया गया इस दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग में 6 सत्र संपन्न हुए जिला प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ के अवसर पर अतिथियों द्वारा मां भारती की छायाचित्र एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया इस दौरान मंचासीन अतिथियों में उत्तर मध्य जबलपुर से विधायक एवं भाजपा जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे सीधी सांसद राजेश मिश्रा, विधायक मनीषा सिंह विधायक शरद कोल जिला प्रशिक्षण प्रभारी अजय सिंह पटेल एवं वक्त के रूप में के के त्रिपाठी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान जिला टोली के संयोजक राकेश पांडे सहसंयोजक संतोष लोहानी अन्य वरिष्ठ वक्तागण मंच पर उद्घाटन सत्र पर उपस्थित रहे। वक्ताओं के रूप में इनकी रही उपस्थित मध्य प्रदेश शासन की कुटीर निगम उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल जनजाति आयोग के प्रदेश अध्यक्ष रामलाल रौतेला मिथिलेश प्यासी प्रज्ञा त्रिपाठी अपने-अपने विषयों पर उद्बोधन दिया। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, जनसेवा, राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं




बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। यह अभियान कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक दक्षता एवं सेवा भाव को और अधिक सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। शनिवार को शुरुआती प्रशिक्षण वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चौथे, पांचवें, छठवें एवं आज के अंतिम सत्र में प्रशिक्षण वर्ग में पधारे वक्ताओं ने प्रमुखता से अपने विचार व्यक्त किया वहीं रविवार 17 मई को सत्र के दूसरे चरण में कुल पांच सत्र का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिला प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित वक्ताओं द्वारा अपना उद्बोधन देंगे। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं आपेक्षिक श्रेणी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# दु:खद हादसा, करंट लगने से 9 वर्षीय बालक की मौत

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिले के सरईकापा हांथीडोल निवासी एवं एचडीएफसी बैंक कार लोन शाखा शहडोल में



कार्यरत सुनील द्विवेदी के 9 वर्षीय पुत्र का शुक्रवार शाम लगभग 4.30 बजे दर्दनाक हादसे में निधन हो गया। बताया जा रहा है कि घर के बाहर लगे कूलर में अचानक करंट आने से बालक उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। परिवारजन का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग एवं परिचित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। परिवारजनो एवं समाज और क्षेत्र के लोगों ने विनम्र श्रृद्धांजलि दी

# लोक सेवा गारण्टी के तहत चिन्हित सेवाएं आवेदकों को समय-सीमा में देना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

शहडोल (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समय-सीमा की बैठक में लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के तहत सिटीजन चार्टर में निर्धारित समय-सीमा के भीतर चिन्हित सेवाओं के आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने निर्देश



दिए कि प्राकृतिक प्रकोप वन्य प्राणियों से फसलों को होने वाली हानि के प्रकरणों, अविवादित नामांतरण, सीमांकन प्रकरणों तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। उन्होने निर्देश दिए कि न्यायालयीन प्रकरणों में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करते हुए न्यायालय को अवगत कराया जाए। संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में न्यायालय में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मिनीषा पाण्डेय, एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर अन्तोनिआ एक्का, अर्चना मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आतिशबाजी विक्रेताओं और निर्माणकर्ताओं के भंडार गृहों का किया गया निरीक्षण

शहडोल (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देशन में जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से आतिशबाजी (पटाखा) विक्रेताओं और निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस और थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्थित आतिशबाजी निर्माण इकाइयों, थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों और उनके मैगजीन (भंडार गृहों) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस और परमिट की जांच सभी आतिशबाजी विक्रेताओं और निर्माताओं के वैध लाइसेंस और उनकी वैधता की सूक्ष्मता से जांच की गई। सुरक्षा मानकों का पालन



भंडार गृहों (मैगजीन) में विस्फोटक अधिनियम के तहत निर्धारित सुरक्षा मानकों (जैसे-अग्निशमन यंत्र, रेत की बाल्टियां, पानी की व्यवस्था आदि) की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। क्षमता से अधिक भंडारण पर रोक यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी मैगजीन या गोदाम में अनुमत क्षमता से अधिक आतिशबाजी या विस्फोटक सामग्री का भंडारण न किया गया हो। सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले, बिना वैध लाइसेंस के व्यापार करने वाले या अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री का भंडारण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# कृषक कल्याण वर्ष 2026 : जिले में 10 दिवसीय किसान रथ अभियान शुरू



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने हेतु 10 दिवसीय किसान रथ अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत किसान रथ जिले के विभिन्न विकासखंडों में भ्रमण कर किसानों को कृषि संबंधी योजनाओं एवं नई तकनीकों की जानकारी देगा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत डिंडौरी की अध्यक्ष श्रीमती आशा सिंह, अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव, उपसंचालक कृषि श्री संजय दोशी, पीडी आत्मा श्री आर.पी. नायक, अभिलाषा चौरसिया, नेहा धुरिया, कृष्णा सिंह चौहान एवं सहायक संचालक कृषि सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर किसान रथ को रवाना किया। किसान रथ के माध्यम से कृषकों को ई-विकास के जरिए उर्वरक वितरण व्यवस्था, खरीफ फसल के लिए बीज उपचार, मृदा परीक्षण, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, फसल सुरक्षा, पराली प्रबंधन तथा कृषि अभियांत्रिकी के तहत खरीफ पूर्व खेत समतलीकरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। उपसंचालक कृषि श्री संजय दोशी ने बताया कि किसान रथ निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं ग्राम पंचायतों में पहुंचेगा। इस दौरान किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# जल संरक्षण पर कलेक्टर का फोकस, ग्राम पंचायतों में योजनाओं का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश, ग्रामीणों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने पर जोर

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पाटनगढ़, सुनपुरी, बुंदेला, कटीगहन सहित अन्य ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, जनमन आवास, नल-जल योजना, सोख्ता टैंक निर्माण, जल जीवन मिशन, पशुपालन विभाग के टीकाकरण अभियान, मां की बगिया, वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जल संरक्षण के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि भविष्य में जल संकट से बचने के लिए अभी से प्रभावी प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि जिले में जनभागीदारी के माध्यम से च्गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में, हैंडपंप का पानी हैंडपंप में तथा कुएं का पानी कुएं मेंज्ज की अवधारणा के तहत जल संरक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत नल-जल योजनाओं, कुओं, तालाबों, नदी-नालों, खेत तालाबों एवं विभिन्न शासकीय-अशासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सोख्ता टैंक निर्माण के कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में पेयजल संकट एवं जल संरक्षण संबंधी समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा।

कलेक्टर ने जनपद पंचायत बाजाग के सीईओ, एसडीओ एवं आरईएस अधिकारियों को वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएचई विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम रामबाबू देवांगन, जनपद पंचायत बाजाग के सीईओ सचिन अग्रवाल, पीएचई विभाग के अफजल उल्ला खान, एसडीईओ वीरसिंह तिलगाम, मनोज उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहडोल के बेटे कनिष्क की बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री

## 29 मई को रिलीज होगी फिल्म रजनी की बारात, जिले में खुशी की लहर

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एसआर डॉईगोनिष्टिक एण्ड एमआरआई सेन्टर एवं श्रीराम हॉस्पिटल के संचालक तथा वरिष्ठ समाजसेवी विजय दुबे के पुत्र कनिष्क दुबे ने बॉलीवुड में कदम रखते हुए अपनी मेहनत, प्रतिभा और लगन के दम पर अभिनेता के रूप में शानदार पहचान बनाई है। कनिष्क अभिनीत बॉलीवुड फिल्म च्रजनी की बारातज्ज आगामी 29 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। खास बात यह है कि यह फिल्म शहडोल के सिनेमाघरों,




विशेष रूप से स्क्वायर थिएटर में भी प्रदर्शित होगी। फिल्म में कनिष्क मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। शहडोल के युवा कलाकार की इस उपलब्धि से पूरे जिले में उत्साह और गर्व का माहौल है। सामाजिक, सांस्कृतिक एवं युवा वर्ग के लोगों ने कनिष्क को शुभकामनाएं देते हुए इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया है। बॉलीवुड जैसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराने वाले कनिष्क ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों के युवाओं में भी बड़े सपनों को साकार करने की क्षमता होती है। जिलेवासियों से अपील की जा रही है कि वे 29 मई को सिनेमाघरों में पहुंचकर फिल्म च्रजनी की बारातज्ज देखें और शहडोल के होनहार कलाकार कनिष्क का उत्साहवर्धन करें।

# खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध उत्खनन और परिवहन में 3 वाहन जब्त

## कलेक्टर के निर्देशन में कार्रवाई, विभिन्न थानों में खड़े कराए गए वाहन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से खनिज विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 वाहनों को जब्त किया गया। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नान, तहसील डिंडौरी एवं थाना समनापुर क्षेत्र में एक डम्पर क्रमांक स्क्क्र8ब्व4420 को गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर थाना समनापुर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। वहीं ग्राम मोहत्तरा, तहसील बजाग में एक बिना नम्बर ट्रैक्टर-ट्रॉली (इंजन नम्बर स्क्क्521411) को खनिज गिट्टी का ओवरलोड अवैध



परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर थाना गाड़ासरई में खड़ा कराया गया। इसी प्रकार ग्राम धनुवासागर, तहसील डिंडौरी में एक नीले रंग का बिना नम्बर सोनालिका ट्रैक्टर रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया, जिसे थाना कोतवाली में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग ने बताया कि उक्त सभी वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगामी कार्रवाई हेतु न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# घायल बच्ची तड़पती रही, जंगल में खड़ी मिलीं दो-दो एम्बुलेंस गाड़ियां, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

## ग्रामीण क्षेत्रों में दम तोड़ रही आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के विकासखंड अमरपुर अंतर्गत ग्राम बिलासर से मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक घायल बच्ची को समय पर उपचार नहीं मिल सका और 108 एम्बुलेंस सेवा पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही 108 एम्बुलेंस सेवा अब कई स्थानों पर सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम बिलासर में एक मासूम बच्ची की आंख में गंभीर चोट लग गई थी। परिजनों ने घबराहट में तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा को फोन लगाया, ताकि बच्ची को जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सके। आरोप है कि कॉल रिसीव होने के बाद बिलासर के नाम से





दो एम्बुलेंस वाहन रवाना तो किए गए, लेकिन दोनों वाहन ऐसे स्थान पर जाकर खड़े हो गए जहां मोबाइल नेटवर्क तक उपलब्ध नहीं था। बताया जा रहा है कि वाहन चालक गाड़ी खराब होने का बहाना बनाकर घंटों समय बिताते रहे। इधर बच्ची दर्द से तड़पती रही और परिजन मदद का इंतजार करते रहे। जब काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची तो मजबूर होकर परिजन निजी वाहन से बच्ची को जिला अस्पताल ले जाने निकले। इसी दौरान केकरझर जंगल के पास उन्हें दो 108 एम्बुलेंस गाड़ियां खड़ी दिखाई दीं। परिजनों और ग्रामीणों ने जब वाहन चालकों से सवाल किए तो उन्होंने वाहन खराब होने और दूसरी गाड़ी को फॉरवर्ड किए जाने की बात कही। ग्रामीणों का आरोप है कि चालक सिर्फ बहानेबाजी कर रहे थे। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि यदि समय पर एम्बुलेंस पहुंच जाती तो बच्ची को तत्काल उपचार मिल सकता था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार 108 सेवा के वाहन चालक ऐसे इलाकों में वाहन खड़े कर देते हैं जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं रहता, जिससे उनकी वास्तविक स्थिति की जानकारी भी नहीं मिल पाती। इससे पहले भी इस प्रकार की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से कर्मचारियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। समाजसेवी राघवेंद्र राजपूत ने पूरे मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के लोगों के लिए जीवनदायिनी व्यवस्था है। यदि इसी प्रकार लापरवाही होती रही तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि शासन लाखों रुपये खर्च कर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन कुछ कर्मचारियों की लापरवाही सरकार की मंशा पर पानी फेर रही है।



## दुर्गा हनुमान मंदिर परिसर में वट सावित्री व्रत पूजन हुआ संपन्न

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ज्येष्ठमास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि सार्वजनिक दुर्गा हनुमान मंदिर प्रांगण, सरस्वती कॉलोनी में सुबह से ही मातृशक्तियों द्वारा अखंड सौभाग्य और पवित्रता का प्रतीक वट वृक्ष की रक्षासूत्र रोरी चंदन, सुपारी, अक्षत, नारियल, बरगद का फल मिठाई, दीपक, इत्र इत्यादि अर्पण कर श्रद्धा भाव से पूजा करते हुए कथा सुनी और पेड़ की परिक्रमा कर भजन गीत गाकर धूमधाम से पर्व मनाया। इस अवसर पर प्रतिभा भापकर, अनिता गुप्ता, शकुन ठाकुर, रश्मि चौधरी, किशोरी सोनी, सुनीता शर्मा, सुषमा अग्रवाल, अनिता शर्मा, पं वीरेंद्र दुबे, अध्यक्ष देवेंद्र नेमा सहित समिति के अनेक भक्तजन ने पूजन अर्चन किया।

## शहर की सुवर्णा ने बॉलीवुड फिल्म में बिखेरा अपने सुरों का जलवा



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संस्कारधानी का नाम देश-दुनिया में रोशन करने वाली मशहूर पार्श्व गायिका सुवर्णा तिवारी ने भारतीय संगीत जगत में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। बीते 7 मई को रिलीज हुई बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्म कृष्णावतारम में सुवर्णा तिवारी ने अपनी सुरीली आवाज में ठुमरी फिल्म के गीत प्रेम की लीला में गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इस गीत के सह गायक-श्रेया घोषाल जावेद अली भी हैं । बॉलीवुड के बड़े प्रोजेक्ट्स जैसे थप्पड़ (हयो रब्बा), बवाल (दिल से दिल तक), और वेब सीरीज बंदिश बैंडिट्स में अपनी गायकी का लोहा मनवा चुकीं सुवर्णा तिवारी ने कृष्णावतारम फिल्म में शास्त्रीय संगीत के प्रति अपने गहरे जुड़ाव को प्रदर्शित किया है। उनका कहना है कि जबलपुर की मिट्टी से जो संगीत के संस्कार मुझे मिले हैं, उसी की बदौलत मैं आज मुंबई में इस तरह के कठिन और खूबसूरत गीतों को न्याय दे पा रही हूँ। फिल्म को दर्शकों का जो प्यार मिल रहा है, उससे मैं बेहद अभिभूत हूँ। 7 मई को फिल्म की रिलीज के बाद से ही जबलपुर के कला और संगीत जगत में भारी उत्साह है।

## मानसिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान आयोजित



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता के रुप में साक्षी श्रीवास्तव, मनोवैज्ञानिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। वर्तमान समय में बढते कार्यभार, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक दबाव और डिजिटल जीवनशैली के कारण मानसिक तनाव तेजी से बढ रहा है। जैसे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक भोजन और व्यायाम आवश्यक है, वैसे ही मन को स्वस्थ रखने के लिए सकारात्मक सोच, संतुलित जीवनशैली और भावनात्मक शांति आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य केवल बीमारी का अभाव नहीं, बल्कि खुशहाल, आत्मविश्वासी और संतुलित जीवन जीने की क्षमता है। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने कहा कि स्वस्थ मन ही स्वस्थ जीवन की पहचान है।

# बर्थडे पार्टी से लौटे युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

### रात्रि लगभग 1-30 बजे की घटना

### आरोपियों की तलाश में पुलिस

### मदनमहल पुराना बस स्टैण्ड के समीप वारदात

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मदनमहल थाना क्षेत्र में पुराने बस स्टैण्ड के समीप रहने वाले एक युवक की देररात चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि मृतक अपने परिचित के किसी साथी की बर्थडे पार्टी में गया था, जहां उसका विवाद हुआ और फिर समझौता हो गया, लेकिन आरोपियों ने उसके घर पहुंचने से पहले ही उसकी हत्या कर दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

पुलिस को जहांगीराबाद रोहाणी ट्रेवल्स के सामने रहने वाले अतुल प्यासी ने बताया कि उसका बड़ा भाई कपिल प्यासी बीती रात बर्थडे पार्टी में गया था। रात्रि लगभग 1-30 बजे उसके घर के सामने से झगड़े की आवाज आने पर उसने घर के बाहर निकलकर देखा तो उसका भाई कपिल प्यासी सुपर कार बजार के सामने खून से लतपथ पड़ा था एवं अंकुश और निहाल को नवभारत प्रेस की तरफ भागते देखा। उसने अपने भाई कपिल से पूछा क्या हुआ तो बताया कि मुझे अंकुश सोंधिया एवं निहाल सोंधिया ने चाकू से मारा है मौके पर पूर्व से कपिल के दोस्त शिवम पटेल, हरी कृष्णा, हनी पटेल भी थे। जिन्होंने बताया कि अंकुश एवं निहाल दोनों कपिल को चाकू मारकर भागे हैं। जिसके बाद सभी लोग घायल कपिल को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां से उसे मेडिकल रेफर कर दिया गया।

### *गाली देने से मना करने पर किया था हमला*

रास्तें में घायल कपिल ने अपने भाई अतुल को बताया कि रात लगभग 12 बजे अमोदा रेस्टोरेंट के पास उसका एवं अंकुश, निहार से मामूली विवाद हो गया था। जिसे बाद में शिवम पटेल, हरी कृष्णा, हनी पटेल ने आपसी समझौता करा दिया था। रात्रि लगभग 1-30 वह एवं दोस्त शिवम पटेल, हरी कृष्णा, हनी पटेल अपने घर के सामने ही थे, तभी अशोका होटल तरफ से अंकुश व निहाल मोटर सायकल से आये और गाली गलोज करने लगे। गालियां देने से मना करने कपिल उनके पास गया तो निहाल ने उसे पकड़ लिया और अंकुश ने जान से मारने की नियत से चाकू मारकर कमर, में चोटें पहुँचा दी हैं। शिकायत पर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।



## तकनीकी चुनौतियों का दक्षतापूर्वक सामना करें: एमडी सुनील तिवारी

### एमपी ट्रांसको के नव-नियुक्त असिस्टेंट इंजीनियर्स ने नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में प्राप्त किया प्रशिक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 46 नव-नियुक्त असिस्टेंट इंजीनियरों ने देश के प्रतिष्ठित नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनपीटीआई), नागपुर में आयोजित 12 सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। नए शामिल इंजीनियर्स की तकनीकी दक्षता और व्यावसायिक क्षमता को सुदृढ़ करने के मूल उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 के ए बैच के इंजीनियर्स को विद्युत पारेषण प्रणाली, ग्रिड प्रबंधन, सबस्टेशन संचालन एवं अनुरक्षण, सुरक्षा मानकों, आधुनिक तकनीकी उपकरणों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय क्षमता से संबंधित उन्नत विषयों का व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। असिस्टेंट इंजीनियर्स के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण समाप्ति पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक (एमडी) सुनील तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि प्रशिक्षु असिस्टेंट इंजीनियर इस प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभव का उपयोग कंपनी की कार्यक्षमता बढ़ाने तथा प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत पारेषण व्यवस्था सुनिश्चित करने में करेंगे। नागपुर में आयोजित इस 12 सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन में अधीक्षण अभियंता सुनील यादव एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी व अधीक्षण अभियंता नवीन पांडे का विशेष योगदान रहा। इन अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण अवधि के दौरान सतत निगरानी एवं समन्वय करते हुए इंजीनियर्स को उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।

## आर्ट एंड क्राफ्ट कैंप में बच्चों ने सीखी एक से बढ़कर एक कलाएं

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शासनोदय विद्या गुरु पाठशाला दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, हनुमानताल के तत्वावधान में त्रिदिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह कैंप विभूति दीदी के मार्गदर्शन एवं एक्सपर्ट प्रशिक्षक शिक्षिका सुरभि जैन के निर्देशन में संपन्न हुआ। कैंप के प्रथम दिवस पर बच्चों को पूजा की थाली बनाना, द्वितीय दिवस पर फ्रिज मैग्नेट तथा तृतीय दिवस पर टाई एंड डाई के रुमाल एवं टेबल क्लॉथ बनाना सिखाया गया। सुरभि जैन ने अपने सुव्यवस्थित प्रशिक्षण, अनुशासन एवं मधुर वाणी से बच्चों का मन मोह लिया, जो अत्यंत सराहनीय रहा। ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम बच्चों के भविष्य को कला के क्षेत्र में उन्नति की ओर अग्रसर करते हैं तथा उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन में पाठशाला की शिक्षिकाओं नमिता जैन, नीलम जड़ी-बूटी, अवनि जैन, सोनम जैन एवं आर्यन जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कैंप के समापन अवसर पर बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक के रूप में मिश्री जैन, स्वाति जैन एवं आरती जैन उपस्थित रहीं।

## हृदय रोग से पीड़ित 2 मासूमों को मिला नया जीवन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और आयुष्मान भारत योजना के संयुक्त प्रयासों से जबलपुर जिले के दो मासूम बच्चों को नया जीवनदान मिला है। जन्म से ही गंभीर हृदय रोग से पीड़ित 3 वर्षीय बालक आदित्य और 3 वर्षीय बालिका नित्या ठाकुर का मुंबई के नारायणा हृदयालय में सफल और पूर्णतः निःशुल्क ऑपरेशन किया गया है। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई ने दोनों परिवारों के जीवन में खुशियां लौटा दी विकासखण्ड पाटन के अंतर्गत ग्राम पोड़ीकला, कटरा बेलखेड़ा के निवासी हेमराज के 3 वर्ष 2 माह के पुत्र आदित्य को जन्म से ही दिल की बीमारी थी। वहीं गंगा नगर, गढ़ा के निवासी नीरज ठाकुर की 3 वर्षीय बेटी नित्या ठाकुर भी इसी जन्मजात बीमारी से जूझ रही थी। न्यू आनंद नगर, आधारताल में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान आर.बी.एस.के. टीम की डॉ. मेघा जैन एवं डॉ. दीपशिखा जैन ने सूझबूझ दिखाते हुए नित्या के हृदय रोग को पहचाना और इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। जिला नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान के मार्गदर्शन और जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला की त्वरित कार्रवाई से दोनों बच्चों का पंजीकरण आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कराया गया। समस्त आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा कर, परिजनों की सहमति के बाद दोनों मासूमों को उच्च स्तरीय चिकित्सा के लिए नारायणा हृदयालय, मुंबई रेफर किया गया। मुंबई के चिकित्सालय में दिनांक 14 मई को दोनों बच्चों की सफल सर्जरी की गई।

## कर्मचारी हितों के लिए निरंतर लड़ता रहेगा एआईडीईएफ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



आयुध निर्माणी के मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें एआईडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक ने बताया कि उन्होंने मद्रास हाई कोर्ट में सरकारी कर्मचारी सेवा निवृत तक सरकारी ही रहने की याचिका दायर की थी।

इसमें मद्रास हाई कोर्ट ने एफिडेविड दिया, जिसमें कहा गया कि सेवा निवृत तक सरकारी कर्मचारी बने रहेंगे। इस मामले को लेकर आंदोलन भी किया जाता और नेशनल काउंसिल जेसीएम की मीटिंग में कैविनेट सचिव द्वारा कहा गया हम रिकमेंडट करेंगे उसके बाद अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में भी कई आंदोलन हुआ हमने सरकार कई बार गुहार लगाई तब जाकर अनुकंपा नियुक्ति पर लगे रोक को विराम लगा और भर्ती प्रक्रिया पर काम चालू किया गया। उन्होंने बताया कि एआईडीईएफ न केवल कर्मचारियों के हक की लड़ाई लड़ता है बल्कि सामाजिक कार्यों में भी आगे रहता हैं जिसका उदाहरण जबलपुर में घटे बरगी कांड में भी देखा गया। जहां फेडरेशन के पदाधिकारी द्वारा घटना में पीड़ित परिवारों की सहायता हेतु दिन रात एक किया आगामी दिनों आयुध निर्माणी द्वारा एमसीएम से चार्ज मैन प्रमोशन के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आदेश पारित कर दिया गया मगर डीओपीटी द्वारा इसमें विलंब किया जा रहा है। इसके खिलाफ दिनांक 28 मई से राष्ट्रव्यापी आंदोलन का शंख नाद किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में सगंठन मंत्री अर्नब दास गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य अमरीश सिंह, रोहित यादव, पुष्पेंद्र सिंह, विनय गुप्ता, राजा पांडे आदि उपस्थित रहे। इस दौरान एस एन पाठक द्वारा घोषणा कर उत्तम विश्वास को मध्य प्रदेश के एआईडीईएफ के मीडिया प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है।

## शराब दुकान हटाने महिलाओं व बच्चों ने संभाला मोर्चा

### बरनू तिराहा संचालित शराब दुकान का मामला

**गोसलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुलिस थाना गोसलपुर से चंद दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत हृदयनगर के धमधा गांव यानी बरनू तिराहा में पिछले दिनों नई शराब दुकान का संचालन प्रारंभ हुआ जिसको लेकर स्थानीय निवासी लगातार विरोध करते आ रहे थे। इस मामले की शिकायत पुलिस थाना गोसलपुर में भी की गई परंतु शराब दुकान हटाने के सबंध मे पुलिस व जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न करने पर शुक्रवार देर रात शराब दुकान मे महिलाएं पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर शराब दुकान पर हमला बोल दिये और सब ने मिलकर जमकर पत्थर बाजी की साथ ही डंडो द्वारा दुकान में तोड़फोड़ की भी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शराब दुकान के संचालक संतोष जायसवाल द्वारा मामले की शिकायत दर्ज कराई गई है पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की पहचान शुरू करदी। शराब दुकान संचालक का कहना है की बड़ी संख्या में महिलाओं बच्चों और पुरुषो ने उसकी दुकान में पहुँच कर तोड़फोड़ करते हुए बिक्री की रकम भी लूट ली है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## एथलीट सीव्ही आनंदन हुए सम्मानित



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मानस भवन सभागार राइट टाउन में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से सीव्ही आनंदन को खेलकूद के क्षेत्र में समान देकर सम्मानित किया गया। वह राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक प्रतियोगिताओं में मैडल प्राप्त कर मध्यप्रदेश और भारत का नाम रोशन कर चुके है । उनके 40 वर्षों के अमूल्य त्याग एवं समर्पण की भावना योगदान को देखते हुये उन्हें इस समान के लिए चुना गया । इस अवसर पर रिंकू ब्रिज, डॉ. पवन स्थापक, नरेश बरसैंया, प्रीति गुप्ता, राखी जैन, सीमा, डॉ. सुनील बहल, तरूण पटेल, लखन मिश्रा, डॉ. दीपक साहू, विनोद सेंगर, आशीष दुबे आदि ने उपलब्धि पर बधाई दी।

## शंकर कॉलोनी में बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग

गोसलपुर (स्वतंत्र मत)

शंकर कॉलोनी में नल जल योजना के माध्यम से जल आपूर्ति करने वाले बोर मे डला सबमर्सिबल पंप जलने से जल आपूर्ति बंद हो गयी जिस कारण शंकर कॉलोनी में शुक्रवार



की शाम से घोर जल संकट छा गया , लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं ,स्थानीय ग्राम पंचायत व खदान संचालक के द्वारा टैंकरों के माध्यम से कॉलोनी में जलापूर्ति की गई। जल संकट से निपटने के लिए पीएचई व स्थानीय पंचायत द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई हालांकि पीएचई विभाग द्वारा शंकर कॉलोनी के जल संकट को देखते हुए दो बोर का खनन किया गया परंतु दोनों फेल हो गए। जिससे शंकर कॉलोनी के लगभग सौ परिवार के सामने घोर जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अभी तक बोर से समर्सिबल पंप को निकाला नहीं गया इस संबंध में ग्राम पंचायत गोसलपुर के सचिव प्रदीप यादव से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया है वही आम जन मानस का कहना है की सचिव जनता के फोन नहीं उठाते और स्वयं सिहोरा में रहते हैं मुख्यालय में निवास नहीं करते इसलिए उन्हें गांव की जल संकट से कोई लेना देना नहीं रहता है।

# ईसाई धर्म न अपनाने पर महिला कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

### सेंट एलायसिस स्कूल पर धर्मांतरण का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




सदर स्थित प्रतिष्ठित सेंट एलायसिस स्कूल में महिला सफाई कर्मचारियों पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और इनकार करने पर नौकरी से निकालने का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित महिलाओं ने इस मामले की शिकायत पुलिस के उच्च अधिकारियों से करते हुए न्याय और कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं, इस मुद्दे को लेकर हिंदू धर्म सेना भी मैदान में उतर आई है और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। पुलिस अधिकारियों को सौंपे गए शिकायती पत्र में पीड़ित महिलाओं ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा उन पर जबरन ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव डाला जा रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो 3 से 4 महिला सफाई कर्मचारियों को नौकरी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। कर्मचारियों ने अपनी आर्थिक स्थिति और परिवार का हवाला देते हुए मिन्नतें कीं, लेकिन प्रबंधन ने उनकी एक न सुनी। थाना स्तर पर कार्रवाई न होने से परेशान होकर पीड़ित महिलाएं एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा के पास पहुंचीं, जिन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित जांच का भरोसा दिलाया है। इस पूरे मामले पर एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि स्कूल में धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने और मना करने पर नौकरी से निकालने की लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इसकी जांच विजय नगर थाना प्रभारी को सौंप दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

***हिंदू धर्म सेना ने दी आंदोलन की चेतावनी***- इस मामले में पीड़ित महिलाओं के समर्थन में उतरे हिंदू धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत, योगेश अग्रवाल, मुकेश रजक ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिर्फ दीपा या राजेश ही नहीं, बल्कि ऐसी कई महिलाएं हैं जिन्हें ईसाई धर्म स्वीकार न करने पर निकाला गया है। शहर के कई मिशनरी स्कूलों में नौकरी के नाम पर धर्मांतरण का खेल चल रहा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी फादर के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो सेंट एलायसिस स्कूल के सामने उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

# उमरिया में 3 दिवसीय नाट्य समारोह का शुभारंभ आज से

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

बालीवूड के बेहतरीन एक्टर व निर्देशक संदेश नाटय मंच के संस्थापक श्री पंकज दुबे द्वारा उमरिया जिले में संदेश नाटय मंच के तीस वर्ष पूर्ण होने पर दिखाये जाने वाले बेहतरीन नाटकों का श्रवण अवश्य किया जाना चाहिये। उमरिया निवासी पंकज दुबे एक मजे हुऐ कलाकार है उन्होने एनएसडी पास आउट होकर कई थियेटर ,टी.वी.सिरीयल ,वेब सिरीज और फिल्मों में काम किया है ।प्रमुख रूप से उन्होने आस्कर नामिटेड फिल्म होम बाउंड जिसमें मुख्य किरदार के पिता की भूमिका निभाई ,वेब सिरीज गर्मी,ब्लैक वारंट,निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म हल्ला बोल में अभिनय किया है ।इसके अलावा पंकज दुबे ने राष्ट्रीय नाटय मंच से जुड़कर अभिनय,निर्देशन,लेखन,लाईटिंग म्यूजिक,मेकअप व कास्टूयम के क्षेत्र में भी काम किया है ।उन्होने मुम्बई में कई बड़े रंगकर्मियों,और कलाकारों के साथ थियेटर किया है ।उमरिया जिले के लिये यह गर्व का विषय है कि संदेश नाटय मंच लगातार थियेटर के नाटको का आनन्द यहां दे रहा है।




आप 17,18 व 19 मई 26 को सिंधी धर्मशाला में आयोजित नाटकों का स्वस्थ्य मनोरंजन करने के लिये सादर आंमत्रित है ।संदेश नाटय मंच (रंगमंडल उमरिया)की प्रस्तुति के तहत दिनांक 17 मई को शिकारी (सिडक्सन)लेखक एंटोन चेखव निर्देशक पंकज दुबे ,तथा मौसाजी (कहानी मंचन)लेखक उदय प्रकाश निर्देशक पंकज दुबे, 18 मई को तुमने क्यों कहा था मैं खूबसुरत हूं कहानी यशपाल नाटय रूपांतरण अख्तर अली निर्देशक गौरव सिंह राजपूत है तथा 19 मई को उल्लू पंचायत नाटक जिसे पंचतंत्र की कहानी से लिया गया है, जिसका मार्गदर्शन डॉ. योगेन्द्र चौबे संगीत परिकल्पना एवं निर्देशन मोहन सागर प्रस्तुति कहानी बाज थियेटर सोसायटी रायगढ़ छतीसगढ़ है ।स्वदेश,शायोप्रस के विजय कुमार कहते है कि विगत संदेश नाटय मंच द्वारा आयोजित हुऐ नाटक स्वांग मल्टीनेशनल का मंचन अभी तक यहां के जिलेवासियों ने भुलाया नहीं है तथा वे कहते हैं कि यह उमरिया जिले वासियों के लिये गर्व का विषय है बड़े शहरों में होने वाले थियेटर नाटक का लुत्फ यहां आदिवासी बाहुल्य जिले वासियों को मिल रहा है यदि सरकार जन प्रतिनिधी प्रयास कर यहां थियेटर की स्थापना करें तो अंचल के कई नागरिकों को अपनी दबी विधा निखारने व आगे जाने का अवसर मिलेगा ।फिल्मों से पहले थियेटर ही मनोरंजन के स्वस्थ्य साधन थे थियेटर में कलाकारों की कला अदायगी का प्रत्यक्ष प्रमाण आंनन्द के रूप में मिलता है जो सिने फिल्मों में देखने को नहीं मिलता इसलिये जिले वासियों से आग्रह है कि तीन दिन चलने वाले इस नाटय सामारोह का हिस्सा बन आनन्द उठायें।



# विधायक बांधवगढ़,कलेक्टर ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## रथ के माध्यम से दी जाएगी योजनाओं की जानकारी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप मे मनाए जाने के अवसर पर कृषि एवं अन्य संबंधित विषयों की जानकारी देने के उद्देश्य से 10 दिनों के लिए कृषि रथ यात्रा निकाली जा रही है। रथ यात्रा को विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह,कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ करकेली, पाली एवं मानपुर विकासखंड में जाकर उर्वरको का अत्यधिक उपयोग नुकसान का कारण, नरवाई न जलाकर इसे आय का जरिया बनाने, ई विकास पोर्टल की जानकारी प्रदाय करेगा। उन्होने कृषि अमले से कहा कि जिन कर्मचारियो कि ड्यूटी कृषि रथ के लिए लगाई गई है ,वे रूटचार्ट के अनुसार कृषि रथ को उस ग्राम तक ले जाएं तथा किसानों से संपर्क स्थापित करते हुए उन्हे सहज,सरल भाषा में खेती किसानी करने के तौर तरीको को बताएं। रथ को हरी झंडी दिखाने के दौरान उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी,सहायक संचालक उद्यानिकी झनक सिंह मरावी, सहायक कृषि यंत्री मेघा पटले, मत्स्य विभाग से जी लाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने श्रद्धा भाव से की वट वृक्ष की परिक्रमा

उमरिया (स्वतंत्र मत)

सनातन धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व माना गया है। आज शनिवार को वट सावित्री अमावस्या तिथि पर जिला मुख्यालय सहित समूचे जिले में महिलाओं ने आस्था व श्रद्धाभक्ति के साथ निर्जला व्रत धारण कर बरगद पेड़ की पूजा अर्चना की। प्रात:काल से ही महिलाओं ने पूजा की सामग्री लेकर बरगद वृक्ष के पास जाकर विधिविधान से आराधना करने के साथ वट की परिक्रमा कर चारो ओर रक्षा हेतु धागा बांधा। इसके बाद बरगद वृक्ष के नीचे बैठकर कथा श्रवण किया। पूजा के दौरान फल फूल,मिष्ठान सहित विभिन्न प्रकार के पकवान अर्पित करते हुए पति की दीर्घायु व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। सावित्री व्रत को लेकर शनिवार को महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह स्नान-ध्यान के बाद व्रत रखकर महिलाओं ने वट वृक्ष पर कच्चा सूत बांधते हुए भगवान विष्णु एवं माता सावित्री का स्मरण कर महिलाओं ने व्रत कथा का श्रवण किया और अखंड सौभाग्य की मंगल कामना की। ज्ञात हो कि मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लगी रही ।समूचे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पूजा-अर्चना कर सनातन परंपरा का निर्वहन किया।



## घंघरी में अवैध उत्खनन पर संयुक्त कार्रवाई, जेसीबी मशीन जब्त

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले में अवैध उत्खनन एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम घंघरी स्थित शासकीय आर.जी. खसरा क्रमांक 8, रकबा 0.757 हेक्टेयर भूमि पर जेसीबी मशीन के माध्यम से किए जा रहे अवैध उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संयुक्त कार्रवाई की गई ।राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध उत्खनन कार्य को तत्काल रुकवाया। कार्रवाई के दौरान उपयोग में लाई जा रही जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया गया। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध अवैध उत्खनन तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के प्रकरण तैयार किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं शासकीय भूमि की सुरक्षा के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# पतौर कोर में तेंदुआ शावक की मौत



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर कोर क्षेत्र में शुक्रवार 15 मई को मझौली बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ-404 में गश्ती दल को एक तेंदुआ शावक मृत अवस्था में मिला है ।बांस भीरे क्षेत्र से उठ रही तेज दुर्गंध के बाद वन अमला मौके पर पहुंचा,जहां करीब डेढ़ वर्षीय नर तेंदुआ का शव पड़ा मिला। घटना के बाद तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई ।मामले की गंभीरता को देखते हुए एनटीसीए और मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक भोपाल के दिशा-निर्देशों के तहत घटनास्थल को सील कर सघन जांच शुरू की गई ।डॉग स्क्वाड,मेटल डिटेक्टर और वन अमले की टीम ने इलाके की बारीकी से तलाशी ली,लेकिन मौके से कोई संदिग्ध वस्तु या शिकार के संकेत फिलहाल नहीं मिले है ।खबर है कि प्रारंभिक जांच में तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं,जिससे फिलहाल शिकार की आशंका न्यून है ।विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों डॉ.राजेश तोमर और डॉ. विपिन चंद्र आदर्श ने तेंदुआ शावक का पोस्टमार्टम किया ।जांच में मृत तेंदुआ नर पाया गया,जिसकी उम्र लगभग डेढ़ वर्ष बताई गई है ।पोस्टमार्टम के बाद नियमानुसार शवदाह की कार्रवाई की गई ।पूरी कार्रवाई क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय,वन परिक्षेत्र अधिकारी पत्तौर कोर कु.अंजू वर्मा,तहसीलदार मानपुर सन्नत कुमार सिंह,एनटीसीए प्रतिनिधि अक्षय दलवी,सरपंच मूलचंद्र जायसवाल एवं वन अमले की मौजूदगी में हुई,घटनास्थल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई है।

वन विभाग ने वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।अधिकारियों का कहना है कि तेंदुआ शावक की मौत का असली कारण विसरा और अन्य नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।



## तेंदू पत्ता तोड़ने गई महिला पर बाघ ने किया हमला

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** पनपथा परिक्षेत्र के कुदरी गांव निवासी महिला गांव से कुछ दूर तेदुपत्ता तोडने गई थी, इसी बीच झाडियो मे छिपे बाघ ने उस पर हमला कर दिया । घटना में उसकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार मृत महिला का नाम ममता यादव पति पप्पू यादव उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। मृत महिला सुबह तेंदू पत्ता तोड़ने गांव से कुछ दूर वन क्षेत्र में गई थी,इसी बीच झाड़ियों में छिपे बाघ ने हमला कर दिया । बाद में ग्रामीणों के चिल्लाने के बाद बाघ घटना स्थल से जंगल की ओर भाग गया। घटना सुबह लगभग 7 बजे घटना बताई जा रही है ।

# लू से बचाव के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की एडवायजरी

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** गर्मी और बड़ते तापमान को देखते हुए मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनसामान्य को लू (तापघात) से बचाव के लिए एडवायजरी जारी की गई है। एडवायजरी में लोगों को गर्मी के दौरान विशेष सावधानी बरतने एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। जारी निदेर्शों के अनुसार लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी, छाछ, ओआरएस घोल, लस्सी, नींबू पानी एवं आम का पना जैसे तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। धूप में निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छतरी से ढंककर रखना चाहिए तथा शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए। विशेषज्ञों ने धूप में बाहर जाने से पहले तरल पदार्थ लेने की भी सलाह दी है। एडवायजरी में बताया गया है कि सूर्य दाह (सनबर्न) होने पर त्वचा पर लाल चकत्ते, सूजन, फफोले या सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को बार-बार नहलाना चाहिए तथा फफोले होने पर स्टरलाइज ड्रेसिंग कर डॉक्टर की सलाह लेना आवश्यक है। ताप के कारण शरीर में ऐंठन, अत्यधिक पसीना या मांसपेशियों में दर्द होने पर प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर आराम देना चाहिए। प्रभावित अंगों को धीरे-धीरे दबाकर सहलाने की सलाह दी गई है। लू लगने की स्थिति में व्यक्ति को ठंडा पानी, छाछ अथवा पना पिलाया जा सकता है, लेकिन उबकाई आने पर तुरंत पेय देना बंद कर चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए। इसके अलावा अत्यधिक थकावट, कमजोरी, सिरदर्द, उल्टी, शरीर ठंडा पड़ना अथवा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई देने पर प्रभावित को ठंडे स्थान पर लिटाकर गीले कपड़े से शरीर की स्पंजिंग करनी चाहिए। यदि संभव हो तो उसे वातानुकूलित कमरे में रखा जाए।

# मिट्टी के मैदान से सपनों की उड़ान तक

## पीएमश्री योजना ने बदली लांजी की बेटियों की खेल दुनिया

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

जिले के विकासखंड लांजी स्थित शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी की छात्राओं के लिए खेलकूद कभी आसान नहीं था। विद्यालय में समुचित खेल मैदान नहीं होने के कारण छात्राएं खुले और सुरक्षित स्थान के अभाव में खेल गतिविधियों में पूरी तरह भाग नहीं ले पाती थीं। बरसात के दिनों में मैदान कीचड़ से भर जाता था और गर्मियों में उबड़-खाबड़ जमीन पर खेलना मुश्किल हो जाता था। कई छात्राओं के मन में खेलों में आगे बड़ने का सपना तो था, लेकिन संसाधनों की कमी उनके उत्साह को सीमित कर देती थी। इसी आवश्यकता को समझते हुए पीएमश्री योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक-02 बालाघाट द्वारा विद्यालय परिसर में 5 लाख रुपये की लागत से बैडमिंटन एवं लॉन्ग जंप खेल मैदान का निर्माण कराया गया। खेल मैदान तैयार होने के बाद विद्यालय का वातावरण पूरी तरह बदल गया है। अब छात्राएं नियमित रूप से खेल अभ्यास कर रही हैं और विद्यालय में खेल गतिविधियों को नया उत्साह मिला है।



विद्यालय की छात्राओं का कहना है कि पहले खेलकूद केवल वार्षिक कार्यक्रमों तक सीमित रहता था, लेकिन अब प्रतिदिन अभ्यास का अवसर मिल रहा है। खेल मैदान समतल और सुरक्षित होने से छात्राएं बिना किसी डर के खेल पा रही हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास बड़ा है और टीम भावना, अनुशासन तथा नेतृत्व क्षमता का भी विकास हो रहा है। विद्यालय के शिक्षकों के अनुसार खेल मैदान बनने के बाद छात्राओं की विद्यालय में रुचि बड़ी है। नियमित खेल गतिविधियों से विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। पड़ाई के साथ खेलों में भागीदारी से छात्राओं की एकाग्रता भी बड़ी है और वे अधिक उत्साह के साथ विद्यालय आ रही हैं।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री मनोज धुर्वे ने बताया कि यह खेल मैदान केवल खेल का स्थान नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के सपनों को नई दिशा देने वाला मंच बन गया है। अब छात्राओं को जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बेहतर तैयारी का अवसर मिल रहा है। विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन भी अब अधिक व्यवस्थित ढंग से हो पा रहा है। पीएमश्री योजना के अंतर्गत किया गया यह कार्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। यह खेल मैदान ग्रामीण अंचल की छात्राओं के लिए नई ऊर्जा, नया आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य की उम्मीद बनकर उभरा है।

## अनिवार्य सेवा में शामिल बिजली आखिर बार-बार क्यों हो रही ठपः समरीते

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** पूर्व विधायक एवं संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते ने जिले में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर विद्युत विभाग और शासन-प्रशासन पर तीखा सवाल खड़ा किया है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति केंद्र और राज्य सरकार की अनिवार्य सेवाओं में शामिल है, फिर भी मलाजखंड, बालाघाट, वारासिवनी और लांजी के 132 केवी केंद्रों से बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होना गंभीर लापरवाही को दशार्ता है। श्री समरीते ने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी क्या वजह है कि ह्ववोल्टेज सेटिंगह्व और ह्लफीडर चेंजह्व के नाम पर दिनभर लोड शेडिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि विशेषकर लांजी क्षेत्र में हालात बेहद चिंताजनक हैं, जहां 24 घंटे में कई-कई बार बिजली काटी जा रही है।

इस अव्यवस्था के कारण घरों में अंधेरा पसरा रहता है और भीषण गर्मी के बीच मासूम बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था सुधारने के बजाय कटौती का सिलसिला थाम नहीं पा रहे हैं। श्री समरीते ने कहा कि यदि बिजली जैसी अनिवार्य सेवा को सुचारू रूप से संचालित नहीं किया जा पा रहा है तो बैहर, बालाघाट, वारासिवनी और लांजी के संबंधित संभागीय अभियंताओं पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रहीड़ उन्होंने मांग की कि इन सभी 132 केवी विद्युत केंद्रों का तत्काल आकस्मिक निरीक्षण कराया जाये और लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाएं। उन्होंने कलेक्टर से भी हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि आम जनता की परेशानियों को देखते हुए बिजली व्यवस्था की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया जाना आवश्यक है, ताकि लोगों को बार-बार की कटौती और उमस भरी गर्मी से राहत मिल सके।

# डाककर्मी से मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया मामला

## मारपीट के विरोध में सहकर्मियों ने किया सांकेतिक प्रदर्शन

**कटंगी।** कटंगी शहर के सिवनी रोड पर शुक्रवार 15 मई को दोपहर लगभग डेढ़ बजे डाक बांटने निकले डाककर्मी से नशे में धुत पाँच युवकों ने घर में कैद कर जमकर मारपीट की है। घटना में डाककर्मी अनमोल पिता दर्शन पटले उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम आगरी घायल हो गए। डाककर्मी से हुई मारपीट की घटना के विरोध में शनिवार दोपहर 2 बजे कटंगी डाकघर में सहकर्मियों ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की और कहा कि डाककर्मी पर हमला न केवल व्यक्ति विशेष पर बल्कि सरकारी सेवा पर भी हमला है। अगर, आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई तो उनके हौसलें बुलंद रहेगे। डाककर्मी अनमोल पटले ने बताया कि वह डाक बांट रहे थे, तभी उन्होंने सतीश हिरकने नामक व्यक्ति का पता आरोपियों से पूछा। एक आरोपी ने पहले कहा कि उसी की डाक है जब डाककर्मी ने डाक देकर हस्ताक्षर करने तो कहा तो उन्हें घर के अंदर चलने के लिए कहा गया जब डाककर्मी ने ऐसा नहीं किया तो दूसरे आरोपी ने डाककर्मी को सीधे घर के अंदर खींच लिया गया और दरवाजा बंद कर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जब डाककर्मी ने इसका विरोध किया तो उसके हाथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। इस दौरान डाककर्मी का मोबाइल भी छीन लिया गया और हाथ में रखी कुछ डाक सामग्री छिनकर फाड़ दी गई। किसी तरह डाक कर्मचारी ने अपनी जान बचाई और उपडाकघर पहुंचकर डाक निरीक्षण अधिकारी मुकेश सोनी और पोस्टमास्टर कन्हैया लाल कटौते को सूचना दी, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।



अनमोल पटले डाककर्मी जिससे मारपीट की गई।



सहकर्मी घटना पर सांकेतिक विरोध करते हुए।

**इनके खिलाफ अपराध दर्ज** - डाककर्मी का दावा है कि उसके साथ 05 युवकों ने मारपीट की है किंतु थाने में दो के खिलाफ ही नामजद एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने रूपेश पिता आनंदराव हुमनेकर निवासी वार्ड क्रमांक 07, सिवनी रोड, कपिल पिता मनोहर देशमुख निवासी वार्ड क्रमांक 15 के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296 (ए), 115 (2), 351(3), 3 (5) तथा अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम 1989 की धारा 3(1)(द), 3(1) (ध), 3(2)(वीए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट के बाद आत्मग्लानी में वृद्ध ने कीटनाशक का किया सेवन, हुई मौत

कटंगी (स्वतंत्रमत)

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम अतरी में शुक्रवार की शाम को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की एक घटना के बाद आहत हुए वृद्ध की मौत का मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद 61 वर्षीय वृद्ध सुरेश बिसेन ने कथित तौर पर आत्मग्लानी में आकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। उपचार के लिए अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार को दोपहर 12 बजे शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को ग्राम अतरी में दो पक्षों में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि विकेश पिता राधेश्याम गौतम ने वृद्ध सुरेश बिसेन से मारपीट कर दी। बताया जाता है कि इस घटना से आहत होकर सुरेश बिसेन ने शाम 08 घर पर ही कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजन जब तक उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, तब तक उनकी स्थिति बिगड़ चुकी थी। सरकारी अस्पताल में चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कटंगी थाना पुलिस सक्रिय हुई। रात में ही मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने मारपीट की घटना और आत्महत्या के कारणों की विवेचना प्रारंभ कर दी है।



### पीएम के लिए घंटों इंतजार

मृतक के शव को शुक्रवार की रात ही लाया गया था बावजूद शनिवार दोपहर तक शव विच्छेदन गृह में पड़ा रहा। अस्पताल में स्वीपर न होने की वजह से यह स्थिति बनी और मृतक के परिजनों को घंटों इंतजार करना पड़ा। पुलिस ने शुक्रवार रात को ही शव को अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में रखवा दिया गया था। लेकिन अस्पताल में स्वीपर की अनुपस्थिति के कारण पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। अंतत: शनिवार दोपहर 12 बजे के बाद पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान परिजनों और स्थानीय नागरिकों में आक्रोश देखा गया। बता दें कि अस्पताल में लंबे समय से स्वीपर की कमी बनी हुई है, लेकिन जनप्रतिनिधि और अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। उनकी लापरवाही के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी अस्पताल कटंगी को नई इमारत को मिल गई है किंतु चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी राज्य सरकार अब तक दूर नहीं कर पाई है। चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मचारी तो दूर की बात है कि नेताओं से स्वीपर तक की नियुक्ति नहीं हो पा रही है।

# छत्तीसगढ़ के राज्यपाल पहुंचे आदि उत्सव में कहा रामनगर की मिट्टी में इतिहास की महक





मण्डला (स्वतंत्रमत)।

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आयोजित भव्य आदि उत्सव में जनजातीय संस्कृति इतिहास परंपरा और गौरवशाली विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरा आयोजन गोंडवाना साम्राज्य की ऐतिहासिक विरासत जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित रहा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने अपने संबोधन में कहा कि रामनगर की मिट्टी में इतिहास की महक है। यह केवल एक स्थान नहीं बल्कि हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय अस्मिता का प्रतीक है। मुझे इस पावन धरा में शामिल होने का अवसर मिला यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मंडला एवं आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में जनजातीय भाई-बहन इस वृहद आयोजन में सम्मिलित होते हैं जो इस उत्सव की लोकप्रियता और सामाजिक महत्व को दर्शाता है। आदि उत्सव ने अपनी विशिष्ट पहचान और ख्याति स्थापित की है तथा यह आयोजन जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। राज्यपाल ने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य का इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य, बलिदान और मातृभूमि के प्रति समर्पण आज भी पूरे देश को प्रेरणा देता है। उन्होंने गोंडवाना नरेश दलपत शाह अमर शहीद शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह के बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, गुजरात के मंत्री नरेश भाई पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, लखनादौन पूर्व विधायक श्रीमती शशि ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, रुद्रेश परस्ते, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम श्रीमती सोनाली देव, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती वंदना गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण, वेदप्रकाश कुलस्ते, चौगान सरपंच श्रीमती विमला उइके, श्रवन परते सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, प्रदेश सहित विभिन्न जिलों से आए जनजातीय समाज के लोगों, पत्रकारगण, कलाकारों, इतिहासकारों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने आदि उत्सव की शुरुआत की पृष्ठभूमि से लेकर अब तक की उसकी ऐतिहासिक यात्रा का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं बल्कि जनजातीय समाज के गौरव, इतिहास और पहचान को संरक्षित करने का एक व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व जिस उद्देश्य के साथ आदि उत्सव की शुरुआत हुई थी, आज वह एक विराट स्वरूप ले चुका है। देश और प्रदेश के विभिन्न राज परिवारों के सदस्य भी इस आयोजन में शामिल होते हैं जो इसकी ऐतिहासिक महत्ता और बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि आदि उत्सव में शामिल होने वाली जनजातीय प्रतिभाओं और कलाकारों का सम्मान किया जाता है। पूर्व में अनेक प्रतिभाओं को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री स्तर पर भी सम्मान प्राप्त हो चुका है। सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी इस आयोजन में शामिल होकर जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपराओं को सम्मान दे चुके हैं। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि इस उत्सव का प्रमुख उद्देश्य गोंड वंश की प्राचीन परंपरा, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ भावी पीढ़ी तक पहुँचाना है। वीरांगना रानी दुर्गावती, गोंडवाना नरेश दलपत शाह तथा अमर शहीद शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह के जीवन, संघर्ष और इतिहास को जीवंत करने का यह सतत प्रयास है। उन्होंने कहा कि रामनगर स्थित मोतीमहल का एक-एक पत्थर गोंडवाना साम्राज्य के पराक्रम, शौर्य और वैभव की कहानी कहता है। यह ऐतिहासिक धरोहर केवल भवन नहीं, बल्कि जनजातीय गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है।

कार्यक्रम के शुरूआत में अतिथियों द्वारा मोतीमहल परिसर में स्थित शिलालेख पर जनजातीय संस्कृति की परंपरा अनुसार पूजन किया गया। इसके पश्चात मुख्य कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन भी किया गया। सांसद श्री कुलस्ते द्वारा राज्यपाल श्री डेका एवं अन्य अतिथियों को पगड़ी एवं बीरन माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जनजातीय लोकनृत्य, पारंपरिक संगीत, लोकगाथाओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाओं, जनजातीय वेशभूषा, चित्रकला और ऐतिहासिक विरासत पर आधारित प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में जनजातीय समाज की जीवन शैली, संस्कृति और प्राचीन परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा कक्षा बारहवी में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा मीना तिलगाम को भी सम्मानित किया गया।



## एसपी ने किया जिम का शुभारंभ

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** शहर के युवाओं और फिटनेस प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। कृषि उपज मंडी के सामने नवनिर्मित एफ-2 फिट फैक्ट्री जिम का उद्घाटन संपन्न हुआ इस आधुनिक फिटनेस सेंटर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के कर-कमलों द्वारा किया गया उद्घाटन समारोह के दौरान एक उत्साहजनक नजारा तब देखने को मिला जब पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने केवल रिबन नहीं काटा बल्कि खुद जिम के उपकरणों पर वर्कआउट कर अपनी फिटनेस का प्रदर्शन किया। जिम के संचालक नितिन सेरमनी और निमेष मिश्रा ने बताया कि एफ-2 फिट फैक्ट्री को अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है यहां न केवल वेट ट्रेनिंग बल्कि कार्डियो और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के लिए भी विशेषज्ञ ट्रेनर की सुविधा उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से प्रभात जैन आकाश क्षत्री, शंकर वानी, संकेत राय सहित शहर के कई प्रतिष्ठित नागरिक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## निर्माण उल्लंघन पर होगी कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कार्यालय श्रम पदाधिकारी द्वारा निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने तथा श्रमिक कल्याण योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व संबंधित जानकारी देना अनिवार्य है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के प्रावधानों के तहत किसी भी भवन अथवा अन्य निर्माण कार्य को प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिन पूर्व संबंधित क्षेत्र के निरीक्षक को स्थल सुरक्षा उपाय एवं अन्य आवश्यक जानकारी देना आवश्यक होगा। निर्माण स्थल का पंजीयन श्रम सेवा पोर्टल, मोबाइल ऐप अथवा जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से कराया जा सकता है। श्रम विभाग ने बताया कि निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बिना पंजीयन के संचालित निर्माण कार्यों की जानकारी अथवा शिकायत कंट्रोल रूम नंबर 18002338888 पर दर्ज कराई जा सकती है।

## आवेदकों की सूची जारी

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी बीएलसी घटक 2.0 अंतर्गत भूमिहीन आवेदकों को म.प्र. नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्तियों के पट्टाधिकार प्रदान किए जाने के लिए अधिनियम 1984 के तहत आवासीय भूमि के पट्टे प्रदान किए जाने की प्रक्रिया जारी है। प्राप्त आवेदनों की जाच दल द्वारा परीक्षण किया गया जिसमें 30 आवेदक पट्टे के लिए पात्र पाए गए हैं। वहीं 22 आवेदकों को पट्टे के लिए अपात्र घोषित किया गया है। कुल 52 आवेदकों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन कार्यालय नगर पालिका के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

## वैन में अचानक लगी आग

**मण्डला/निवास(स्वतंत्र मत)।** निवास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिन्हा रिपटा में रवि चक्रवर्ती पिता स्व. मदन लाल चक्रवर्ती ग्राम जुझारी अपने परिवार के साथ बबलिया से अपने रिश्तेदार के यहां से लौट रहे थे तभी अचानक से वैन में शॉर्ट सर्किट होने कारण गाड़ी में आग लग गई। अचानक आग लगने से वैन में सवार लोग दहशत में आ गए और जैसे तैसे वाहन से बाहर निकले लेकिन वैन गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।

## 30 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण प्रारंभ

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 30 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का संचालन मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार बोर्ड भोपाल द्वारा किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान युवाओं एवं महिलाओं को विभिन्न रोजगारमूलक व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें फैंसी डिजाइनिंग, बेसिक सिलाई, मास्टर टेलर, ब्यूटी पार्लर, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, कम्प्यूटर नेटवर्किंग, मोबाइल रिपेयरिंग, फोटोग्राफी, मोटर वाइंडिंग, सेंट्रल टेबल डिजाइनिंग सहित अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम शामिल हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## मार्ग से हटाया अतिक्रमण

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** बम्हनी बंजर नगर में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने कार्यवाही की गई। लंबे समय से कई दुकानदार अपनी दुकानों का सामान सड़क तक फैला कर रख रहे थे जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था और आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासन की टीम ने बाजार पहुंचकर सड़क किनारे रखे सामान को हटवाया और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि दोबारा अतिक्रमण न करें।

कार्यवाही के दौरान अधिकारियों ने कहा कि बाजार की व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और सड़क पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी ने भी दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## एक दिन में बीस से अधिक बार होती अघोषित कटौती, उपभोक्ता हो रहे परेशान

मण्डला/घुघरी (स्वतंत्रमत)।

भीषण गर्मी की शुरुआत होते ही घुघरी क्षेत्र में विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था और लापरवाही खुलकर सामने आने लगी है। आलम यह है कि पूरे साल चैन की नींद सोने वाला विभाग अब आंधी-तूफान के मौसम में मेंटेनेंस की सुध ले रहा है जिसके कारण क्षेत्र की जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

दिनभर में करीब 20 से अधिक बार की जा रही अघोषित बिजली कटौती ने स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार विगत दिनों सुबह 5 बजे से बंद हुई बिजली देर रात करीब 12 बजे बहाल हो सकी। इसके बाद भी लगातार ट्रिपिंग और कटौती का सिलसिला जारी है। जब इस अव्यवस्था को लेकर विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता जेई चेतराम बैगा से बात की जाती है, तो उनके पास हर बार एक नया बहाना तैयार रहता है। अधिकारी का अक्सर एक ही रटा-रटाया जवाब होता है कि पेड़ की डाली गिरने के कारण बिजली बंद है।



अब जनता यह सवाल उठा रही है कि यदि बिजली लाइनों के पास मौजूद पेड़ों की डालियों की छंटाई का काम समय रहते पहले कर लिया जाता तो हवा-तूफान में यह नौबत क्यों आती मेंटेनेंस के नाम पर हर साल लाखों रुपये का बजट ठिकाने लगाया जाता है लेकिन जमीनी हकीकत देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सब सिर्फ कागजी खानापूर्ति और फर्जी बिल बाउचर निकालकर राशि आहरण करने का खेल है। एक तरफ जहां विभाग चौबीस घंटे सुचारू बिजली देने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है वहीं दूसरी तरफ गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम द्वारा की जा रही मनमानी कार्यवाही से लोगों में भारी आक्रोश है। मामला यह है कि यदि किसी गरीब के पास महज दो कमरों का मकान है जिसमें से एक कमरे में वह परिवार सहित गुजर-बसर कर रहा है और दूसरे छोटे से कमरे में अपनी जीविका चलाने के लिए कोई छोटा-मोटा व्यापार दुकान कर रहा है तो विभाग उन पर व्यावसायिक कमर्शियल मीटर लगवाने का दबाव बना रहा है।

हद तो तब हो जाती है जब गरीब उपभोक्ताओं की मजबूरी को समझे बिना उन पर मनमाने तरीके से कार्यवाही करते हुए 10 हजार 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक के भारी-भरकम केस और जुर्माने थोप दिए जाते हैं। अघोषित कटौती से परेशान जनता को इस भीषण गर्मी में कब तक अधिकारियों के बहानों का शिकार होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि घुघरी क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती पर तुरंत लगाम नहीं कसी गई और मेंटेनेंस के नाम पर हो रही लापरवाही व गरीबों के उत्पीड़न को बंद नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## अमदरी में उल्टी-दस्त से ग्रामीण परेशान

मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।



आदिवासी बाहुल्य विकासखंड निवास के ग्राम पंचायत पिपरिया अंतर्गत पोषक ग्राम अमदरी में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने ग्रामीणों की सेहत पर सीधा हमला बोल दिया। भीषण गर्मी और उमस के बीच गांव में अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत फैलने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते करीब 10 ग्रामीण एक-एक कर बीमार पड़ गए। किसी को लगातार उल्टियां होने लगीं तो किसी को तेज दस्त और कमजोरी ने जकड़ लिया।

स्थिति बिगड़ती देख परिजन घबराकर मरीजों को संभालने में जुट गए। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ और एम्बुलेंस के जरिए सभी मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास पहुंचाकर भर्ती कराया गया। गांव में बीमारी फैलने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास से स्वास्थ्य अमला हरकत में आया। एम्बुलेंस गांव पहुंची और मरीजों को तत्काल अस्पताल लाया गया।

अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का उपचार जारी है। डॉक्टरों ने मरीजों को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए ग्लूकोज चढ़ाना शुरू किया और जरूरी दवाइयां दीं। चिकित्सकों की टीम लगातार मरीजों की निगरानी कर रही है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक फिलहाल सभी मरीज खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

## सतीश चंद्रोल बने उपाध्यक्ष

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सतीश चंद्रोल सेवानिवृत होकर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की जिला सदस्यता लेकर आजीवन सदस्य बने जिनका एसोसिएशन द्वारा पेंशनर परिवार में शामिल करते हुए सम्मानित किया गया श्री चन्द्रोल इस अवसर पर कहा कि मैं पूरे सर्विस के दौरान कर्मचारियों की सेवा में समर्पित रहा और अब मुझे पेंशनर्स की सेवा का अवसर मिला है पूरी निष्ठा एवं लगन से संगठन की सेवा करता रहूंगा आजीवन सदस्यता ग्रहण करने के अवसर पर जिलाध्यक्ष बीके राय, एसके पटेल, एनके शुक्ला, विनोद जायसवाल उपस्थित रहे।

## वैदिक गुरुकुल में लगा विशेष शिविर

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल के वार्षिक उत्सव के अवसर पर ग्राम गयाजीपुर में सनातन वैदिक गुरुकुलम गोशाला समिति द्वारा आयोजित युवक व युवती चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ किया गया। विशेष शिविर का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन पूजन के साथ किया गया। गुरुकुल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन अभिभावक ग्रामीणजन एवं युवा उपस्थित रहे। शिविर के शुभारंभ अवसर पर विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक परंपरा के अनुसार हवन एवं पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान उपस्थित युवाओं को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं अनुशासित जीवन के महत्व से अवगत कराया गया। आचार्य भीमदेव जी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, संस्कार आत्मविश्वास अनुशासन एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि का विकास करना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा पीढ़ी को आधुनिकता के साथ-साथ अपने संस्कारों एवं संस्कृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। गुरुकुल में आयोजित यह शिविर युवाओं के शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिविर के दौरान योग ध्यान वैदिक अध्ययन, प्रेरणादायक व्याख्यान, व्यक्तित्व विकास एवं



नैतिक शिक्षा जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अभिभावकों एवं श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में सार्थक प्रयास बताया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में तारेंद्र चौरसिया समाजसेवी, प्रेमलाल गुप्ता भूतपूर्व सैनिक, राजू राजपूत, हेमंत सोनी, श्री राजपूत एवं पतंजलि योग समिति सदस्यगण व जिले समाजसेवी व ग्राम गाजीपुर के ग्रामीणो की विशेष उपस्थिति में शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर से जुड़ने एवं युवाओं को संस्कारवान बनाने के इस अभियान में सहभागी बनने अपील की है।

## एचपी गैस कम्पनी का जागरूकता अभियान

मण्डला (स्वतंत्रमत)।



घरेलू गैस उपयोग को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से एचपी गैस कम्पनी द्वारा जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नीली लौ अपनाएं सुरक्षित घर बनाएं अभियान के तहत उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग और सावधानियों की जानकारी दी जा रही है। अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर लेते समय उसका वजन और लीकेज अवश्य जांचें। साथ ही गैस रिसाव की स्थिति में तुरंत 1906 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रिक स्विच, मोबाइल या आग का उपयोग न करें। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर बड़े हादसों से बचा जा सकता है। इसके अलावा उपभोक्ताओं को गैस चूल्हे की नियमित जांच रेगुलेटर सही तरीके से बंद रखने और रसोई में पर्याप्त हवा आने-जाने की व्यवस्था बनाए रखने की सलाह भी दी जा रही है। एचपी गैस कम्पनी का यह अभियान लोगों को सुरक्षित गैस उपयोग के प्रति जागरूक करने और दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। अभियान के दौरान महिलाओं और घरेलू उपभोक्ताओं को विशेष रूप से सुरक्षित गैस उपयोग के व्यावहारिक तरीके बताए जा रहे हैं। लोगों को गैस पाइप की एक्सपायरी तिथि जांचने, आईएसआई मार्क वाले उपकरणों का ही उपयोग करने और सिलेंडर को हमेशा सीधी स्थिति में रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान आम लोगों के लिए बेहद उपयोगी हैं और इससे दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलेगी। एचपी गैस का यह अभियान जिले में सुरक्षित गैस उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## कोई न रहे प्यासा चला अभियान

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** पश्चिमी विक्षोभ भी असर होने के साथ-साथ गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है दिन की शुरुआत अब तीखी धूप और तपन लगातार बढ़ा रही है गर्म हवाओं से जनजीवन पर भी असर दिखाई दे रहा है इस दौरान अधिकतम तापक्रम 42 से 44 डिग्री तक बढ़ रहा है। अपने घरों में दाना पानी तथा घर के सामने पानी रखकर सामाजिक पशु पक्षियों को जीवन में योगदान देकर अपना मानव होने का परिचय दें कहीं ऐसा ना हो हमारे लेट होने से इतिहास के पन्ने में गौरैया एवं कौवा यह एक सामाजिक पक्षी है जो आने वाली पीढ़ी को पढ़ने में मिलेगी उदाहरण के लिए गिद्ध वन विभाग की गणना के अनुसार कई ब्लाकों पर एक भी गिद्ध नहीं पाया गया है।

## 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण जारी

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल सुव्यवस्थित एवं प्रभावी संचालन के लिए घर-घर योग हर व्यक्ति निरोग थीम के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है। इसी क्रम में 11 मई से 25 मई तक 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रदेश स्तरीय योग शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है, जिसका सीधा प्रसारण जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सुबह 8 बजे से 9 बजे तक किया जा रहा है।

## किसानों को दी जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम पंचायत बरगांव में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को विभागीय योजनाओं, ई-केवाईसी, ई-टोकन एवं नरवाई प्रबंधन संबंधी जानकारी प्रदान की गई। कृषि विस्तार अधिकारी अनिल मुनिया ने किसानों को एमपी किसान ऐप के माध्यम से आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर द्वारा ई-टोकन बुकिंग की प्रक्रिया समझाई तथा इसकी वैधता संबंधी जानकारी दी। साथ ही नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान एवं शासन द्वारा निर्धारित जुर्माने की जानकारी भी किसानों को दी गई। कार्यक्रम में खरीफ वर्ष 2026 की तैयारियों को लेकर बीज उपचार, खेतों की साफ-सफाई, उर्वरक भंडारण, मृदा नमूना परीक्षण एवं प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## सिर्फ सर्टिफिकेशन करने से भी मिलेगी लाखों सैलरी वाली नौकरी



आजकल डिग्री के अलावा भी कई ऐसे सर्टिफिकेशन कोर्स हैं, जो आपको लाखों की सैलरी वाली नौकरी दिला सकते हैं। ज्यादातर अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियां अक्सर बैचलर और मास्टर डिग्री से जुड़ी होती हैं। हालांकि, सर्टिफिकेशन के आधार पर आप भी एक बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं।

### डेटा विश्लेषण

डेटा एनालिटिक्स सर्टिफिकेशन प्राप्त करना डेटा साइंटिस्ट, बिजनेस इंटेलिजेंस प्रोफेशनल, प्रोजेक्ट मैनेजर या सांख्यिकीविद् के रूप में बेहतरीन कॅरियर की दिशा की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सर्टिफिकेशन पेशेवरों को इन-डिमांड कौशल से लैस करता है और आकर्षक वेतन पैकेज मिलने की संभावना बढ़ती है। इसके जरिए, आप औसतन व्यक्ति प्रतिवर्ष 7 लाख रुपए से अधिक की शुरुआती वेतन की उम्मीद कर सकते हैं, जबकि अनुभवी पेशेवर प्रतिवर्ष 14 लाख रुपए तक कमा सकते हैं।

### पेनिट्रेशन टेस्टिंग



साइबर खतरों के बढ़ने के साथ कंपनी सिस्टम की सुरक्षा के लिए प्रमाणित पेनिट्रेशन टेस्टिंग पेशेवरों की मांग बहुत ज्यादा है। कई बड़े ऑर्गेनाइजेशन हैं, जो वैश्विक साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से अनुभवी पेन टेस्टर की तलाश करते हैं। पेनेट्रेशन टेस्टिंग कोर्स पूरा करने से आपको कॅरियर के कई अवसर मिल सकते हैं, जिसमें अनुभव और प्रदर्शन के आधार पर 2.0 लाख रुपए से लेकर 22.5 लाख रुपए प्रतिवर्ष तक का वेतन मिल सकता है। यह आपके लिए बेहतरी विकल्प हो सकता है।

### कम्प्यूटर नेटवर्क



कम्प्यूटर नेटवर्क में सर्टिफिकेशन प्राप्त करने से आपके कॅरियर में काफी अच्छी ग्रोथ मिल सकती है। इससे कई नौकरी के अवसरों के द्वार खुल सकते हैं। वास्तव में कई बड़े से बड़े संगठन में इस सर्टिफिकेशन को रोजगार का एक शर्त मानते हैं। इस प्रमाण पत्र को पाने के बाद आप अच्छे वेतन की उम्मीद कर सकती हैं। अगर आप 1-4 साल के अनुभव वाले कैंडिडेट हैं, तो प्रतिवर्ष 3,07,034 रुपए से लेकर अधिक अनुभवी व्यक्तियों के लिए प्रतिवर्ष 5,40,361 रुपए तक का पैकेज हो सकता है।

> टीवी की लत सीधे तौर पर मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, जिससे तनाव, नींद की कमी और अकेलापन बढ़ता है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी स्लीप हॉर्मोन को कम करती है, जबकि बिंज-वॉचिंग से असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है, जो डिप्रेशन का कारण बनती है।

# टीवी की लत बना रही है डिप्रेशन का शिकार

एकता



हाल ही में यूरोपियन साइकिएट्री जर्नल में प्रकाशित एक रिसर्च के अनुसार, टीवी देखने के समय में कटौती करने से डिप्रेशन का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंगन के शोधकर्ताओं ने 65 हजार से ज्यादा लोगों पर 4 साल तक अध्ययन किया। इस रिसर्च में पाया गया कि रोजाना केवल 1 घंटा टीवी कम देखने से डिप्रेशन का जोखिम 11% तक घट सकता है। यदि इसे 2 घंटे कम कर दिया जाए, तो यह जोखिम 40% तक कम हो सकता है। इसका सबसे अधिक सकारात्मक प्रभाव 40 से 65 साल की उम्र के लोगों में देखा गया है।

### ज्यादा टीवी देखने से डिप्रेशन का खतरा क्यों?


एक्सपर्ट के अनुसार, टीवी सीधे तौर पर डिप्रेशन पैदा नहीं करता, लेकिन यह उन स्थितियों को जन्म देता है जो डिप्रेशन का कारण बनती हैं। लंबे समय तक स्क्रीन के सामने रहने से फिजिकल एक्टिविटी कम हो जाती है और सामाजिक मेलजोल घट जाता है। इसके अलावा, हिंसक या हाई-ड्रामा कंटेंट देखने से दिमाग हमेशा अलर्ट मोड पर रहता है, जिससे तनाव पैदा करने वाले हॉर्मोन रिलीज होते हैं और मानसिक थकान बढ़ने लगती है।

### नींद पर बुरा प्रभाव

टीवी और मोबाइल की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी हमारे दिमाग को दिन होने का भ्रम देती है। इससे शरीर में मेलाटोनिन नामक स्लीप हॉर्मोन कम बनता है, जिससे नींद आने में समस्या होती है और बॉडी क्लॉक बिगड़ जाती है। शारीरिक रूप से, टीवी के सामने घंटों बैठे रहने से मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और वजन बढ़ने लगता है, जो भविष्य में कई गंभीर बीमारियों को न्योता देता है।

### बिंज-वॉचिंग के नुकसान

ज्यादा टीवी देखने से व्यक्ति अकेलापन महसूस करने लगता है। बिंज-वॉचिंग की लत दिमाग को बार-बार नए कंटेंट की मांग करने पर मजबूर करती है। अक्सर स्क्रीन पर दूसरों की परफेक्ट लाइफ या डरावना कंटेंट देखने से इंसान में असुरक्षा की भावना और आत्मविश्वास की कमी आ सकती है। इसके अलावा, टीवी देखते समय मंचिंग यानी जंक फूड खाते रहने से शरीर का शुगर लेवल बिगड़ता है, जिससे चिड़चिड़ापन और मूड स्विंग्स बढ़ते हैं।



### फिजिकल एक्टिविटी का महत्व

एक्सपर्ट्स का मानना है कि वयस्कों के लिए रोजाना 1 से 2 घंटे का स्क्रीन टाइम सुरक्षित है। एक्सरसाइज, वॉक या योग करने से शरीर में फील-गुड केमिकल्स जैसे सेरोटोनिन और डोपामिन बढ़ते हैं, जो मूड सुधारते हैं। टीवी के दुष्प्रभावों से बचने के लिए इसे बेडरूम से बाहर रखें, अंधेरे कमरे में टीवी न देखें और सोने से कम से कम 2 घंटे पहले स्क्रीन बंद कर दें। टीवी देखते समय बीच-बीच में ब्रेक लेना और 10 फीट की दूरी बनाए रखना भी जरूरी है।

### टीवी की लत को कैसे कम करें?

अगर टीवी देखने की आदत कंट्रोल से बाहर हो रही है, तो इसे धीरे-धीरे कम करें। आप 30 दिन का नो टीवी चैलेंज ले सकते हैं या टीवी देखने के समय को किसी नई हॉबी (जैसे बुक रीडिंग) में बदल सकते हैं। घर में नो-स्क्रीन नियम लागू करें और टीवी के ऊपर अपने लक्ष्यों का पोस्टर चिपका दें, ताकि जब भी आप टीवी चलाएं, आपको अपने जरूरी कामों की याद आ जाए। टीवी का समय कम करने से न केवल नींद बेहतर होगी, बल्कि आपका फोकस और मानसिक ऊर्जा भी बढ़ेगी।



अकेले काम करना चाहते हैं तो इन फील्ड्स में ढूंढे

# कॅरियर ऑप्शन

काम के दौरान हमें सिर्फ अपने काम पर ही ध्यान नहीं देना होता है, बल्कि ऑफिस में अपने काम को करते हुए टीम के अन्य कलीग्स से लेकर लगातार होने वाली मीटिंग्स को भी मैनेज करना होता है। ऑफिस का वर्क कल्चर शायद हर किसी के लिए फिट नहीं बैठता है। दरअसल, ऐसे कई कॅरियर ऑप्शन हैं, जो आपको अकेले काम करने का मौका देते हैं। इन फील्ड्स में आप बिना किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी के भी अपना काम कर सकते हैं और नाम कमा सकते हैं।

### फ्रीलांस राइटर



अगर आप क्रिएटिव फील्ड में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं तो ऐसे में बतौर फ्रीलांस राइटर लिख सकते हैं। एक फ्रीलांस राइटर के रूप में आप कहीं से भी ब्लॉग, आर्टिकल या किताब लिख सकते हैं। अपनी राइटिंग स्किल्स के दम पर ना केवल आप अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं, बल्कि इसमें आपको किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी की जरूरत नहीं होती है।

### फ़ोटोग्राफ़र

फोटोग्राफर के रूप में भी आप अपना एक उज्ज्वल भविष्य देख सकते हैं। आप अपनी पसंद के अनुसार फोटोग्राफी में फील्ड का चयन कर सकते हैं। मसलन, आप वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर बन सकते हैं या फिर प्रोडक्ट फोटोग्राफी के कॅरियर ऑप्शन को चुन सकते हैं।

### ऑनलाइन बिजनेस



जो लोग खुद का कुछ करना चाहते हैं, वे ऑनलाइन बिजनेस का ऑप्शन भी चुन सकते हैं। ऑनलाइन बिजनेस करते हुए आप ड्रॉपशिपिंग कर सकते हैं या फिर अपने कस्टमर से आमने-सामने बात किए बिना ऑनलाइन स्टोर चला सकते हैं। इस तरह, आप अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं या फिर खुद का भी एक ब्रांड क्रिएट कर सकते हैं।

### रिमोट वर्क

जिन लोगों को अकेले काम करना काफी पसंद है, वे रिमोट वर्क का ऑप्शन भी चुन सकते हैं। आप वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में अपना कॅरियर देख सकते हैं, जिसमें आप ई-मेल बेस्ड काम कर सकते हैं। ऐसे में आपको कॉल की जरूरत नहीं होती है।

### गार्डनिंग



जो लोग प्रकृति के करीब रहना पसंद करते हैं, वे गार्डनिंग को भी बतौर कॅरियर ऑप्शन चुन सकते हैं। इसके लिए आपको थोड़ी अतिरिक्त जगह की जरूरत होगी, लेकिन आप कई प्लांट्स को वहां पर रख सकते हैं। छोटे पैमाने पर खेती करके आप ना केवल नेचर के करीब रह सकते हैं, बल्कि अपना एक अलग कॅरियर भी बना सकते हैं।

### ग्राफिक डिजाइनर

आर्टिस्टिक लोग बतौर ग्राफिक डिजाइनर भी अपना कॅरियर देख सकते हैं। यह उन लोगों के लिए एक अच्छा कॅरियर ऑप्शन है, जो अकेले काम करना पसंद करते हैं और कुछ अलग करना पसंद करते हैं। जरूरी नहीं है कि आप ऑफिस जाकर ही काम करें। आप फ्रीलांस प्रोजेक्ट ले सकते हैं या अपने डिज़ाइन ऑनलाइन बेच सकते हैं।

# गर्मी में ठंडा पानी पीना बढ़ा सकता है जान का खतरा



मई-जून के महीने में मौसम अक्सर अनिश्चित रहता है। कभी तेज धूप और कभी अचानक बारिश होती है। लेकिन एक छोटी सी लापरवाही आपके सेहत को बिगाड़ सकती है। इस मौसम में ठंडा पानी पीना भी सेहत के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। होली के बाद हल्की गर्मी होने लगती है। जिस कारण लोग ठंडा पानी पीना शुरूकर देते हैं। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो बदलते मौसम में गर्म और ठंडे पानी का संतुलित सेवन करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मौसम बदलने पर ठंडा पानी पीने से शरीर को कौन-कौन से नुकसान हो सकते हैं।

### पाचन संबंधी समस्या होना

ठंडा पानी पीने से पाचन तंत्र प्रभावित होता है। खाना खाने के फौरन बाद ठंडा पानी पीने से गैस, पेट में ऐंठन और डकार जैसी समस्या हो सकती है। ठंडा पानी पाचन एंजाइम्स जैसी गतिविधि को धीमा कर देता है। ठंडे पानी के कारण खाना सही से पच नहीं पाता है।

### सर्दी-जुकाम और खराश

ठंडा पानी पीने से गले में खराश और नाक बहने जैसी समस्या हो सकती हैं।

बदलते मौसम में ठंडा पानी पीना खतरनाक हो सकता है। यह प्रतिरोधक क्षमता में गिरावट करता है, जिससे वायरल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

### कमजोर इम्यूनिटी

अगर आप लगातार ठंडा पानी पीते हैं, तो शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है। इम्यूनिटी कमजोर होने पर आपको सर्दी-जुकाम, बुखार और अन्य संक्रमण जल्दी पकड़ सकते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक बदलते मौसम में गुनगुना या फिर तापमान के मुताबिक पानी पीना चाहिए।

### माइग्रेन और सिरदर्द

कुछ लोगों को ठंडा पानी पीने से सिर दर्द या फिर माइग्रेन की शिकायत हो सकती है। ब्रेन फ्रीज या फिर सिर में रक्त वाहिकाओं के संकुचन की वजह से होता है। माइग्रेन की समस्या है, तो आपको ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए।

# पार्ट टाइम जॉब कर करनी है कमाई तो लें इन टिप्स की मदद

आत्मनिर्भर बनना हर इंसान के लिए जरूरी है, लेकिन जरूरी नहीं है कि आप फुल टाइम नौकरी करके ही खुद के पैरों पर खड़े हों। बहुत से लोग अलग-अलग कारणों की वजह से फुल टाइम नौकरी नहीं कर पाते हैं।

आजकल ट्रांसक्रिप्शन के काम की हर एक क्षेत्र में बहुत ज्यादा डिमांड बढ़ गई है। मल्टीनेशनल कंपनी, विश्वविद्यालय और अलग-अलग संस्थाओं द्वारा ट्रांसक्रिप्शन के कई सारे प्रोजेक्ट निकाले जाते हैं। आपको बस लिंक्डइन और इंटर्नशाला जैसे प्लेटफॉर्म पर जाकर ट्रांसक्रिप्शन से जुड़े प्रोजेक्ट की जानकारी निकालनी है और अप्लाई करना है। आपका रिज्यूम एचआर टीम स्क्रीन करेगी और उसके बाद आप काम स्टार्ट कर सकते हैं।




अगर आपको ट्रांसलेशन का नॉलेज है तो आप इससे जुड़े प्रोजेक्ट लेकर भी कम समय में ज्यादा कमाई कर सकते हैं। किताबों से लेकर किसी स्कूल के प्रॉस्पेक्ट्स को ट्रांसलेशन करने के लिए आपको अपने कुछ घंटों का समय देना पड़ेगा और इसके बदले में आपको अच्छी रकम मिल सकती है। अलग-अलग हाइरिंग प्लेटफॉर्म पर ट्रांसलेशन प्रोजेक्ट्स से जुड़ी बहुत सारी हाइरिंग होती है।

अगर आपका कुकिंग में इंटरेस्ट है तो आप खाना बनाने का पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं। जैसे रोजाना किसी पीजी या घर में कुक की तरह 3 से 4 घंटे का काम करना। इसके साथ-साथ आप पापड़ और अचार जैसी चीजों को बनाने के भी प्रोजेक्ट्स ले सकते हैं। आजकल कई सारे प्ले स्कूल और ट्यूशन सेंटर में कई ऐसे टीचरों की जरूरत होती है, जिनका केवल कुछ घंटों का ही काम होता है। रोजाना 2-3 घंटे की क्लास पढ़ाना भी पार्ट टाइम जॉब का अच्छा विकल्प है।

# मुश्किल वक्त सिर्फ परीक्षा है, और परिवार उसका सबसे मजबूत उत्तर

कृति आरके जैन

**टूटते रिश्तों की खामोशी जब जीवन में फैलती है, तो हर दिशा सूनी और अर्थहीन लगने लगती है। इंसान जीता तो है, पर भीतर से खाली हो जाता है। परिवार इसी सच को उजागर करता है कि परिवार ही वह अटूट आधार है, जो हमें स्थिरता देता है, कठिन समय में संभालता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा बनता है। यह दिन केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की जड़ों को मजबूत करने का आह्वान है। परिवार बिखरा, तो समाज का संतुलन डगमगा जाएगा। आज बढ़ती असमानताओं के दौर में यह दिवस हमें चेताता है कि परिवार ही वह सुदृढ़ कवच है, जो बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखता है।**

परिवार की संरचना सदियों से बदल रही है, लेकिन उसका मूल मर्म आज भी प्रेम, सहयोग और जिम्मेदारी ही है। 1980 के दशक से संयुक्त राष्ट्र ने पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान दिया, परिवारों को प्रभावित करने वाली सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय चुनौतियों की याद दिलाता है। आधुनिक युग में न्यूक्लियर परिवार बढ़े हैं, फिर भी संयुक्त परिवार की गर्मजोशी कई संस्कृतियों में बरकरार है। भारत में जहां परिवार शब्द ही संस्कृति का पर्याय है, यह दिवस हमें सिखाता है कि परिवार सिर्फ रक्त के रिश्ते नहीं, बल्कि भावनात्मक बंधन है। 2026 की थीम परिवार, असमानताएँ और बाल कल्याण दर्शाती है कि सशक्त परिवार ही समानता और बच्चों के सुरक्षित भविष्य का मार्ग बनाते हैं।

परिवार व्यक्ति के विकास की पहली पाठशाला है, जहाँ बच्चा भाषा के साथ संस्कार, नैतिकता और संघर्ष की क्षमता सीखता है। शोध बताते हैं कि मजबूत पारिवारिक सहारे वाले बच्चे चुनौतियों का सामना अधिक दृढ़ता से करते हैं। चंद्रयान-3 मिशन के दौरान वैज्ञानिकों के परिवारों ने लगातार समर्थन देकर लंबे कार्यदबाव में उनका मनोबल बनाए रखा-यह परिवार की अदृश्य शक्ति का उदाहरण है। परिवार आत्मविश्वास का आधार है, जो गिरने पर संभालता है और डर में हिम्मत देता है। इसके अभाव में बच्चे अकेलेपन और मानसिक तनाव से जूझ सकते हैं। इसलिए परिवार दिवस हर बच्चे के लिए इस सहारे की आवश्यकता याद दिलाता है।

दौड़ती-भागती आधुनिक जिंदगी ने परिवारों के सामने कई नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। शहरीकरण, काम का दबाव, सोशल मीडिया और आर्थिक असमानताएँ रिश्तों में दूरी बढ़ा रही हैं। कई माता-पिता रोज़गार के कारण बच्चों से दूर रहते हैं, जिससे भावनात्मक जुड़ाव कमजोर होता है। बढ़ती विषमताएँ गरीब परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित कर देती हैं। फिर भी कुछ परिवार इन हालात में मजबूत बनकर उभरते हैं। महामारी के दौरान कई परिवारों ने साथ रहकर संकट झेला-बच्चों ने ऑनलाइन पढ़ाई की, माता-पिता ने घर से काम किया। यह दिखाता है कि एकजुट परिवार कठिन समय में बड़ी शक्ति बनता है। परिवार टूटने से समाज में अपराध, अवसाद और अस्थिरता बढ़ती है, जो विकास को भी प्रभावित करती है।

राष्ट्र की नींव परिवारों पर ही टिकी होती है। सशक्त परिवार जिम्मेदार नागरिक गढ़ते हैं, जो



देश के विकास में योगदान देते हैं। आर्थिक रूप से परिवार उपभोक्ता बनकर बाजार को गति देते हैं और मानव संसाधन भी तैयार करते हैं। बच्चों के कल्याण की शुरुआत परिवार से होती है-पोषण, शिक्षा और नैतिक दिशा यहीं मिलती है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि परिवार-केंद्रित नीतियाँ सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार हैं। भारत में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान भी परिवारों की भागीदारी से सफल हुए हैं। स्पष्ट है, स्वस्थ परिवार ही स्वस्थ समाज बनाते हैं; अन्यथा असमानताएँ बढ़ती जाएँगी। परिवार दिवस हमें यही सिखाता है कि नीतियों में परिवार को प्राथमिकता दी जाए।

तुर्की और सीरिया के हालिया भूकंप ने दुनिया को यह दिखाया कि टूटते मलबे के बीच भी परिवार की डोर नहीं टूटती-माँ ने बच्चों को बचाने के लिए घंटों उन्हें अपनी बाहों में थामे रखा, यह दृश्य वैश्विक संवेदना का प्रतीक बना। इसी तरह केरल के निपाह संकट में अस्पताल में भर्ती माता-पिता ने दूरी के बावजूद बच्चों की पढ़ाई और मानसिक साहस बनाए रखने के लिए लगातार संपर्क साधा। भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में भी अनेक परिवार सीमित साधनों के बीच शिक्षा को प्राथमिकता देकर बच्चों का भविष्य संवारते हैं। ये घटनाएँ साबित करती हैं कि परिवार केवल सामाजिक इकाई नहीं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी जीवित रहने वाली गहरी भावनात्मक शक्ति है। मजबूत परिवार ही बच्चों को हर संकट में स्थिर रखते हैं और जीवन की हर परीक्षा के लिए तैयार करते हैं।

रिश्तों की नींव छोटे रोज़मर्रा के प्रयासों से मजबूत होती है। परिवार को सशक्त बनाने के लिए व्यावहारिक कदम जरूरी हैं। माता-पिता बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएँ और संवाद को प्राथमिकता दें। सरकारें परिवार-समर्थक नीतियाँ जैसे मातृत्व अवकाश, बाल देखभाल और आर्थिक सहायता लागू करें। स्कूलों में परिवार शिक्षा शामिल हो ताकि संबंधों की समझ बढ़े। समुदाय स्तर पर ऐसे कार्यक्रम हों जहाँ परिवार अनुभव साझा कर सीखें। डिजिटल युग में सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग भी रिश्तों को जोड़ सकता है। इन प्रयासों से असमानताएँ घटेंगी और बच्चों का कल्याण मजबूत होगा। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस केवल तिथि नहीं, बल्कि निरंतर सुधार का संकल्प है।

अंधकार के बीच जो निरंतर स्थिर प्रकाश बनकर मार्ग दिखाता है, वह परिवार ही है। इस अवसर पर संकल्प होना चाहिए कि हर घर को सशक्त और संवेदनशील बनाया जाए, हर बच्चे को स्नेह, सुरक्षा और सम्मान मिले तथा समाज में एकता और भरोसा लगातार मजबूत हो। मजबूत परिवार ही मजबूत राष्ट्र और सुदृढ़ दुनिया की नींव बनते हैं। यह केवल भावनात्मक विचार नहीं, बल्कि व्यावहारिक सत्य है-जैसे गहरी और मजबूत जड़ें पेड़ को हर तूफान, आंधी और विपरीत परिस्थितियों में भी टिकाए रखती हैं। यह दिन हमें गहराई से याद दिलाता है कि परिवार की शक्ति को केवल समझना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे अपने जीवन में अपनाकर हर रिश्ते में सहेजना और आगे बढ़ाना ही सच्चा संकल्प है।

## सुपर अल-नीनो ने बजाई खतरे की घंटी

# प्रशांत महासागर उम्मीद से ज्यादा गर्म, भारत में भीषण गर्मी और सूखा पड़ने की आशंका

नई दिल्ली

जलवायु परिवर्तन को लेकर एक नई चेतावनी की चर्चा दुनिया भर के मौसम विज्ञान से जुड़े हलकों में लगातार हो रही है। शुरुआती रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में अभी बन रहा अल नीनो अगले कुछ महीनों के भीतर बेहद मजबूत हो जाएगा। इस बात की संभावना है कि यह अब तक का सबसे मजबूत अल नीनो होगा। इस तरह के घटनाक्रम से दुनिया भर में अभूतपूर्व लू और जलवायु संबंधी गड़बड़ियों की आशंका बढ़ गई है। अपेक्षा से कहीं ज्यादा जल्दी और तेजी से तापमान बढ़ने के संकेतों के बीच, समुद्र की सतह पर की जा रही निगरानी को और तेज कर दिया गया है।


### 2026 के आखिर तक और मजबूत हो जाएगा अल-नीनो

अमेरिकी मौसम एजेंसी नोआ और ऑस्ट्रेलियन ब्यूरो ऑफ मेट्रोलॉजी जैसे मौसम पूर्वानुमान केंद्र, इस स्थिति पर लगातार बारीकी से नजर रखे हुए हैं। वहीं, बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस बात के बढ़ते प्रमाण मिल रहे हैं कि अल नीनो की स्थितियां जल्द ही उभर सकती हैं और 2026 के आखिर तक इनके और ज्यादा मजबूत होने की संभावना है।

फिलहाल, स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, लेकिन इस पर लगातार बारीकी से नजर रखी जा रही है। नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61त्न थी, जो अब बढ़कर 82%हो गई है।

### भारत में बढ़ जाएगा भीषण गर्मी और सूखे का खतरा

भारतीय मौसम विभाग के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इसका सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा। इससे देश में सूखे का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा। इस स्तर को अक्सर अल नीनो की स्थिति बनने की शुरुआत का शुरुआती संकेत माना जाता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह बदलाव सामान्य से ज्यादा तेजी से हो रहा है।



प्रशांत क्षेत्र पिछले चक्र में ठंडी ला नीना स्थितियों से बाहर निकल आया है और अब अपेक्षाकृत कम समय में फिर से गर्म हो रहा है। इस तरह का तेज बदलाव हर साल नहीं होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह शुरुआती गर्मी, एक ज्यादा मजबूत अल नीनो पैटर्न का पहला चरण हो सकती है।

### एक प्रबल अल नीनो घटना की पहचान क्या है?

एक प्रबल अल नीनो को आमतौर पर प्रशांत महासागर के नीनो 3.4 सूचकांक द्वारा मापा जाता है। नीनो 3.4 इंडेक्स एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जिसका उपयोग वैज्ञानिक समुद्र की सतह के तापमान में होने वाले बदलावों की निगरानी के लिए करते हैं और इसकी तुलना वे ऐतिहासिक औसत से करते हैं।

जब समुद्र की सतह का तापमान 1.5°C से ज्यादा हो जाता है, तो उस अल नीनो घटना को मजबूत या सुपर अल नीनो की श्रेणी में रखा जाता है। कुछ मौजूदा पूर्वानुमानों के अनुसार, इस साल के बाकी बचे समय में तापमान 2°C से भी ज्यादा बढ़ सकता है। कुछ पूर्वानुमान तो 2.5°C से भी ज्यादा तापमान बढ़ने की बहुत मजबूत संभावना जता रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो यह अब तक दर्ज की गई सबसे शक्तिशाली घटनाओं में से एक होगी।

### एक मजबूत अल नीनो वैश्विक मौसम को कैसे बदल सकता है?

एक मजबूत अल नीनो का असर सिर्फ प्रशांत महासागर तक ही सीमित नहीं रहता। आमतौर पर यह पूरी दुनिया के मौसम के मिजाज को प्रभावित करता है। इसका सबसे आम असर यह होता है कि दुनिया का औसत तापमान बढ़ जाता है।

रिपोर्ट के अनुसार, अल नीनो की वजह से दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ भी आ सकती है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला क्षेत्र कृषि है। सूखे से प्रभावित इलाकों में फसलों की पैदावार कम हो सकती है, जबकि दूसरी जगहों पर बाढ़ की वजह से खेती की जमीन को नुकसान पहुंच सकता है। जलवायु परिवर्तन के विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने यह अनुमान लगाया है कि अल नीनो के कारण गंभीर मानवीय समस्याएं पैदा हो सकती हैं। अल नीनो के परिणाम केवल मौसम तक ही सीमित नहीं हैं। इसके अन्य प्रभावों में भोजन की कीमतें, परिवहन और पानी की उपलब्धता जैसे मुद्दे भी शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दे भी सामने आ सकते हैं, क्योंकि अल नीनो वाले वर्षों के दौरान कई क्षेत्रों में फसलों की पैदावार कम हो सकती है, जिसका असर वैश्विक बाजारों पर पड़ सकता है। कीमतें भी बढ़ सकती हैं, जिससे गरीब देशों पर अन्य देशों की तुलना में अधिक प्रभाव पड़ेगा।

# चीन से लौटने के बाद ईरान पर हमले की तैयारी में ट्रंप, क्या फिर से शुरू होगा ऑपरेशन एपिक फ्यूरी?

नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप शुक्रवार को चीन से लौटकर अपने देश पहुंच गए। ईरान युद्ध को लेकर उन पर दबाव बढ़ता जा रहा है और अगर कूटनीति नाकाम रहती है तो उनके टॉप सहयोगी तेहरान के खिलाफ फिर से मिलिट्री कार्रवाई के लिए विकल्प तैयार कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पेंटागन के अधिकारियों ने एक नए मिलिट्री अभियान के तहत फिर से हमले शुरू करने की योजना का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अप्रैल में हुए सीजफायर के दौरान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को रोक दिया गया था। हालांकि, ट्रंप ने अभी तक कोई फाइनल फैसला नहीं किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएस, इजरायल और क्षेत्रीय अधिकारी एक ऐसे समझौते की कोशिश कर रहे हैं, जिससे ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोल दे। इससे ट्रंप को इस महंगे संघर्ष को लेकर देश के अंदर बढ़ रही आलोचना के बीच एक कूटनीतिक सफलता का दावा करने का मौका मिल जाएगा।




रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने इस हफ्ते सांसदों से कहा कि अमेरिकी सेना के पास जरूरत पड़ने पर तनाव बढ़ाने की योजना है। साथ ही सेना की तैनाती कम करने के विकल्प भी खुले रखे गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि पेंटागन ने कई मिलिट्री परिदृश्य तैयार किए हैं, जिनमें ईरान के मिलिट्री और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों को निशाना बनाकर जोरदार बमबारी करना भी शामिल है। एक और विकल्प में कथित तौर पर यूएस स्पेशल ऑपरेशंस सैनिकों को तैनात करना शामिल है ताकि उस अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम को सुरक्षित किया जा सके, जिसके बारे में माना जाता है कि वह ईरान की इस्फहान परमाणु सुविधा के अंदर जमीन के बहुत नीचे जमा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इस साल की शुरुआत में ऐसी आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी के लिए सैकड़ों स्पेशल ऑपरेशंस कर्मियों को मिडिल-ईस्ट भेजा गया था। हालांकि, अधिकारियों ने माना कि किसी भी जमीनी ऑपरेशन में जान-माल के नुकसान का बड़ा जोखिम होगा और इसके लिए हजारों सहायक सैनिकों की जरूरत पड़ेगी।

इस बीच, ईरान ने फिर से दुश्मनी शुरू करने की तैयारी का संकेत दिया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबफ ने कहा, हमारी सेना किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। होर्मुज स्ट्रेट इस संकट के केंद्र में बना हुआ है, जहां एक तरफ ईरान तेल परिवहन के इस अहम रास्ते को पूरी तरह से खोलने से इनकार कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने अपनी नाकेबंदी जारी रखी है।

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बातचीत के बाद ट्रंप ने कहा कि वॉशिंगटन और बीजिंग दोनों इस बात पर सहमत हैं कि स्ट्रेट को फिर से खोला जाना चाहिए। बीजिंग में रहते हुए ट्रंप ने कहा, हम नहीं चाहते कि उनके पास परमाणु हथियार हों, हम चाहते हैं कि जलडमरूमध्य खुला रहे। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ उनका सब्र खत्म होता जा रहा है और उन्होंने तेहरान को कोई समझौता करने की चेतावनी दी।

## बिहार नए औद्योगिक हब के रूप में उभर रहा : सम्राट चौधरी

**पटना (वार्ता)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि राज्य देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है और इस दिशा में महत्वपूर्ण निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने आज कहा कि बिहार में औद्योगिक निवेश का नया अध्याय शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 67वीं बैठक में मुजफ्फरपुर और किशनगंज में डालमिया सीमेंट और अंबुजा सीमेंट की बड़ी औद्योगिक इकाइयों को स्वीकृति दी गई है।उन्होंने कहा कि इसके साथ ही 16 परियोजनाओं को स्टेज-1 क्लीयरेंस तथा चार परियोजनाओं को वित्तीय मंजूरी प्रदान की गई है। सीमांचल के युवाओं को अब रोजगार के लिए घर छोड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि उद्योग खुद उनके द्वार तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प विकसित बिहार और समृद्ध बिहार का निर्माण करना है तथा इसी दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे

# मालदीव में बड़ा डाइविंग हादसा, समुद्री गुफाओं की खोज में गए इटली के 5 गोताखोरों की मौत

नई दिल्ली

मालदीव के वावू एटोल में समुद्र के नीचे मौजूद गुफाओं की खोज के दौरान इटली के पांच गोताखोरों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे मालदीव के इतिहास का सबसे बड़ा डाइविंग हादसा बताया है। सभी गोताखोर करीब 50 मीटर गहराई में मौजूद अंडरवॉटर गुफाओं की जांच के लिए गए थे, लेकिन वापस नहीं लौट सके। अब तक केवल एक शव बरामद किया गया है। खराब मौसम और समुद्र की कठिन परिस्थितियों के कारण बचाव अभियान में परेशानी आ रही है। अधिकारियों का मानना है कि बाकी चार गोताखोरों के शव अब भी गुफा के अंदर हो सकते हैं। सर्च ऑपरेशन शनिवार को फिर शुरू किया जाएगा। मालदीव सरकार ने मृतकों की पहचान मोनिका मोंटेफाल्कोने, जॉर्जिया सोमाकाल, फेडेरिको गुआल्तिएरी, म्यूरियल ओडेनिनो और जियानलुका बेनेडेट्टी के रूप में की है। यह टीम %ड्यूक ऑफ यॉर्क% नाम की बोट से समुद्र में गई थी।रिपोर्ट्स के मुताबिक पांच में से कम से कम चार गोताखोर इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ जेनोवा से जुड़े थे। जियानलुका बेनेडेट्टी बोट ऑपरेशंस मैनेजर थे और उनका शव ही अब तक बरामद हो पाया है। मोनिका मोंटेफाल्कोने मरीन बायोलॉजिस्ट थीं और यूनिवर्सिटी



ऑफ जेनोवा में ट्रॉपिकल मरीन इकोलॉजी और अंडरवॉटर साइंस की प्रोफेसर थीं। वह मालदीव में चल रहे एक आइलैंड मॉनिटरिंग अभियान की वैज्ञानिक निदेशक भी थीं। उनकी बेटी जॉर्जिया सोमाकाल को भी समुद्र और डाइविंग में रुचि थी। उन्होंने बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। वहीं 31 वर्षीय म्यूरियल ओडेनिनो मरीन बायोलॉजिस्ट और इकोलॉजिस्ट थीं। फेडेरिको गुआल्तिएरी ने हाल ही में मरीन बायोलॉजी और इकोलॉजी में डिग्री पूरी की थी और वह प्रमाणित स्कूबा डाइविंग इंस्ट्रक्टर भी थे। बचाव अधिकारियों के अनुसार, बेनेडेट्टी का शव अंडरवॉटर गुफा के प्रवेश द्वार के पास मिला। बाकी गोताखोरों के अंदर फंसे होने की आशंका है। जिस गुफा में टीम गई थी, उसमें तीन बड़े चैम्बर्स हैं, जो पतले रास्तों से जुड़े हुए हैं।

# आंधी-तूफान पीड़ितों की पूरी उदारता से मदद करे सरकार: मायावती

लखनऊ, (वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में हाल ही में आए भीषण आंधी-तूफान से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार से पूरी उदारता बरतने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सुश्री मायावती ने शनिवार को एक्स पर लिखा, यूपी के कई हिस्सों में जबरदस्त आंधी-तूफान से जान-माल की भारी तबाही हुई है। राज्य सरकार को पूरी उदारता के साथ हर प्रकार से पीड़ितों के सहयोग के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वे लोग अपने उजड़े/बिखरे हुए पारिवारिक जीवन को समेट कर दोबारा से अपनी जिंदगी शुरू कर सकें।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि करोड़ों गरीबों, मेहनतकश परिवारों, खेती-किसानी के साथ-साथ मिडिल क्लास के जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करेगी। इस महंगाई का सीधा असर इन सबके परिवार के पालन-पोषण पर पड़ेगा। बसपा प्रमुख ने कहा कि सरकार को महंगाई और जीवन दुष्कर करने वाली इस प्रकार की नियमित वृद्धि को कम करने के लिए जरूरी सार्थक कदम उठाने चाहिए। यही समय की मांग है। गौरतलब है कि मंगलवार रात यूपी के भदोही, फतेहपुर, सोनभद्र, बदायूं समेत कई जिलों में आए आंधी-तूफान में 54 लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।

# कोरोना से दुनियाभर में जितनी बताई गई उससे तीन गुना ज्यादा हुई थीं मौतें

नई दिल्ली

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा जारी विश्व स्वास्थ्य सांख्यिकी 2026 रिपोर्ट के अनुसार, साल 2020 से 2023 के बीच वैश्विक स्तर पर कोविड-19 महामारी के कारण 22.1 मिलियन अतिरिक्त मौतें हुईं। यह आंकड़ें आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट की गई सात मिलियन (70 लाख) कोविड मौतों से लगभग तीन गुना अधिक है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि महामारी ने 2021 तक वैश्विक जनसंख्या समूह और स्वस्थ जनसंख्या समूह में लगभग एक दशक की प्रगति को खत्म कर दिया, और इसे वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए ऐतिहासिक अनुपात का झटका बताया। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, 2019 और 2021 के बीच वैश्विक जीवन प्रत्याशा में 1.8 वर्ष की गिरावट आई, जबकि इसी अवधि के दौरान स्वस्थ जीवन प्रत्याशा में 1.5 वर्ष की गिरावट आई, जो हाल के दशकों में सबसे तेज उलटफेर को दर्शाता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य प्रणालियों पर अत्यधिक दबाव के कारण 2021 में वैश्विक स्तर पर 10.4 मिलियन अतिरिक्त मौतों के साथ अतिरिक्त मृत्यु दर चरम पर पहुंच गई। 2022 में अतिरिक्त मौतों की संख्या घटकर 4.9 मिलियन और 2023 में 3.3 मिलियन रह गई, हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि स्थिति में सुधार अभी भी असमान है और कई देश अभी भी महामारी से पहले की स्वास्थ्य स्थिति में वापस नहीं आ पाए हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि पुरुष असमान रूप से प्रभावित हुए, और 2021 में महामारी के चरम पर पुरुषों में आयु-मानकीकृत अतिरिक्त मृत्यु दर महिलाओं की तुलना में लगभग 50त्न अधिक थी। विशेष रूप से 85 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को मृत्यु दर का सबसे अधिक बोझ उठाना पड़ा। बुजुर्गों में डायबिटीज, दिल की बीमारी, लंग्स की परेशानी और कमजोर इम्यून सिस्टम जैसी दिक्कतें पहले से मौजूद थीं, जिससे कोरोना इंफेक्शन उनके लिए ज्यादा घातक साबित हुआ।




# गरीबों के इलाज में भरपूर मदद करेगी सरकार: योगी

**गोरखपुर(वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि उपचार कराने में सरकार भरपूर मदद करेगी और इसके लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि दी जाएगी।मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मिले। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक जाकर उनकी समस्याओं को सुना। उनके प्रार्थना पत्र लिए और पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। कई समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषप्रद होना चाहिए।जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद का अनुरोध करने आए थे।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# 'हनु-मान' के बाद अब 'महाकाली' में दिखेंगे रोहित सराफ



आरकेडी स्टूडियोज और फिल्ममेकर प्रशांत वर्मा की फिल्म महाकाली को लेकर उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है।

ज़्हनु-मानज़ की दुनिया के अगले अध्याय ज़्महाकालीज़ से अब अभिनेता रोहित सराफ जुड़ गए हैं। यही नहीं, रोहित ने इस फिल्म के लिए हैदराबाद में शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिससे फिल्म की कहानी को एक नया मोड़ मिल गया है।


गौरतलब है कि रोहित सराफ के जुड़ने से फिल्म की स्टारकास्ट और मजबूत हो गई है। खासकर नॉर्थ इंडिया में उनकी अज़्छी फैन फॉलोइंग है, जो फिल्म को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने में मदद करेगी।हालांकि फिल्म में अक्षय खन्ना और भूमि शेट्टी भी अहम भूमिकाओं में नजर आनेवाले हैं और दोनों कलाकारों के फर्स्ट लुक पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर चुके हैं। फर्स्ट लुक के ज़रिए उनके दमदार और इंटेंस अंदाज को देखते हुए फिल्म से दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

भव्य स्तर पर बनाई जा रही ज़्महाकालीज़ का निर्माण आरके दुग्गल और रिवाज रमेश दुग्गल द्वारा आरकेडी स्टूडियोज़ के बैनर तले किया जा रहा है। यह फिल्म प्रशांत वर्मा की उस सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसे ज़्हनु-मानज़ की सफलता के बाद और आगे बढ़ाया जा रहा है।

फिलहाल फिल्म की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है और इसे आने वाले समय की सबसे बहुप्रतीक्षित पैन-इंडिया फिल्मों में से एक माना जा रहा है।

# बाबिल खान लगातार पांचवीं बार अपना जन्मदिन सेट पर मनाएंगे

बाबिल खान के लिए शायद सेट पर होना ही सबसे बड़ा जन्मदिन का तोहफा है। 15 मई को अपना जन्मदिन मना रहे बाबिल इस साल लगातार पांचवीं बार अपना जन्मदिन काम करते हुए बिताएंगे। यह उनके कहानी कहने के जुनून, मेहनत और अपने काम के प्रति गहरे लगाव को दर्शाता है। फिलहाल बाबिल मुंबई में अपने अगले प्रोजेक्ट के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग कर रहे हैं और वह अपना खास दिन वहीं सेट पर कलाकारों और पूरी टीम के साथ बिताएंगे, जहां उन्हें सबसे ज़्यादा सुकून और खुशी मिलती है। बाबिल के लिए जन्मदिन अब काम, सीखने और आभार के एहसास से जुड़ चुके हैं, जो हर साल को और खास बना देते हैं।अपनी सच्चाई, भावनात्मक गहराई और हर प्रोजेक्ट के प्रति पूरी ईमानदारी के लिए पहचाने जाने वाले बाबिल लगातार अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। बाबिल ने कहा,।पिछले कुछ सालों में मुझे एहसास हुआ है कि मेरे लिए जन्मदिन मनाने का सबसे अच्छा तरीका काम करना ही है। सेट पर होना, उन लोगों के बीच रहना जो मिलकर कुछ खास बनाने की कोशिश कर रहे हों, मेरे लिए बेहद खास महसूस होता है। मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानता हूं कि मुझे वही करने का मौका मिलता है जिसे मैं दिल से प्यार करता हूं। इस दिन को उसी काम के साथ बिताने में एक अलग ही खूबसूरती है, जो मुझे सबसे ज़्यादा ज़मीन से जोड़े रखता है। मेरे लिए यही सबसे अच्छी सेलिब्रेशन है – बस उस पल में रहना, सीखना, कुछ नया बनाना और अपना काम करते रहना।



# निखिल द्विवेदी के कहने पर अयान अग्निहोत्री ने गाया है बंदर का गाना 'कम ऑन बेबी'

निर्माता निखिल द्विवेदी के कहने पर अयान अग्निहोत्री ने फिल्म बंदर का गाना 'कम ऑन बेबी' गाया है।

बॉबी देओल स्टारर बंदर ने अनाउंसमेंट के बाद से ही जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया था। लंबे इंतजार के बाद मेकर्स ने आखिरकार फिल्म का बहुप्रतीक्षित टीज़र रिलीज कर दिया। अनुराग कश्यप और बॉबी देओल की यह पहली फिल्म है, जिसमें सान्या मल्होत्रा, राज बी शेट्टी, सपना पब्बी, सबा आज़ाद, ऋद्धि सेन, जितेंद्र जोशी, इंद्रजीत सुकुमारन और नागेश भोसले जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म का टीज़र रिलीज होते ही इसके इंटेंस और अलग दुनिया की झलक ने दर्शकों का ध्यान खींच लिया। बॉबी देओल का बिल्कुल नया अवतार, रॉ एनर्जी और दमदार विजुअल्स सोशल मीडिया पर छा गए और दर्शकों के साथ कई सेलेब्स ने भी इसकी तारीफ की। हालांकि, टीज़र में इस्तेमाल हुआ गाना कम ऑन बेबी भी लोगों को काफी पसंद आया। यह गाना सलमान खान के भांजे अयान अग्निहोत्री का पहला हिंदी ट्रैक है, जिसे निर्माता निखिल द्विवेदी के कहने पर बनाया गया। बताया जा रहा है कि खान परिवार के करीबी दोस्त निखिल द्विवेदी ने एक प्राइवेट फंक्शन में अयान को गाते हुए सुनने के बाद उन्हें यह गाना गाने के लिए मनाया। एक सूत्र के मुताबिक, अयान आमतौर पर हिंदी में नहीं गाते। निखिल को लगा कि उनकी आवाज़ काफी अलग है, इसलिए उन्होंने अयान को यह ट्राय करने के लिए कहा। निखिल ने भरोसा दिलाया कि अगर उन्हें खुद यह पसंद नहीं आया तो गाना इस्तेमाल नहीं होगा। लेकिन अपनी आवाज़ सुनने के बाद अयान भी मान गए। यहां तक कि बॉबी देओल ने भी स्क्रैच वर्जन सुनने के बाद उन्हें काफी प्रोत्साहित किया। दिलचस्प बात यह है कि कम ऑन बेबी1977 की फिल्म विदेश के एल्बम से रीक्रिएट किया गया है, जिसमें महेंद्र संधू, शोमा आनंद और प्रेम कृष्णन नजर आए थे। यह गाना सालों से निखिल द्विवेदी के दिमाग में था। सूत्र ने आगे बताया, बंदर बनाते समय निखिल इसे बॉबी देओल के किरदार पर इस्तेमाल करना चाहते थे, जो एक उम्रदराज टीवी अभिनेता है और जिसका करियर ढलान पर है। गाने के बोल वही रखे गए हैं, लेकिन इसे आदित्य देव और पायल देव ने नए अंदाज में रीक्रिएट किया है। अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बंदर उनकी बॉबी देओल के साथ पहली फिल्म है। इसमें सान्या मल्होत्रा, सबा आज़ाद और कई अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी द्वारा लिखी गई यह फिल्म शोहरत, स्कैंडल, चाहत और सार्वजनिक पतन की दुनिया में सेट एक इमोशनली इंटेंस और नैतिक रूप से खतरनाक कहानी पेश करेगी।निखिल द्विवेदी के सैफ्रन मैजिकवर्क्स और ज़ी स्टूडियोज के सहयोग से बनी बंदर 05 जून 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का नरसिंहपुर जिले में हुआ आगमन, युवाओं ने अगवानी कर किया भव्य स्वागत

### राष्ट्र निर्माण और संगठन सशक्ति करण में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि : श्याम टेलर



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के नरसिंहपुर जिले में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष पं रामस्नेही पाठक भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष प्रियांक जैन के नेतृत्व में उनका अभूतपूर्व और भव्य स्वागत करते हुए उनकी अगवानी की सर्वप्रथम युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने जिले में प्रवेश करते हुए मां नर्मदा जी के झिकोली घाट में पूजन अर्चन कर जिले मे अपने प्रवास कार्यक्रम की शुरुआत की तत्पश्चात आयोजित प्रवास कार्यक्रम मे साईखेड़ा से होते हुए गाडरवारा पहुंचे जहाँ पर वे युवा जनप्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम मे उपस्थित जनप्रतिनिधियों से वार्तालाप कर विचारों का आदान-प्रदान किया तदुपरांत गाडरवारा, कौड़ियां,करेली होते हुए नरसिंहपुर पहुंचे रास्ते भर मे मोर्चा पदाधिकारियो ने जगह जगह भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया सभी मोर्चा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने मोदी जी के ऊर्जा बचत के आह्वान का पालन किया।प्रवास के अंत मे जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा के पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ संवाद एवं युवा मोर्चा जिला बैठक में शिरकत की।

इस अवसर पर जिला कार्यालय में कार्यक्रम में मंचस्थ भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, भाजपा जिला अध्यक्ष पं रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रियांक जैन,जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा,राहुल कौरव,राजाराम कस्तवार, डॉ. जय रोहाणी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं युवा मोर्च जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हमारे संगठन के शीर्ष नेतृत्व हम युवाओं के बीच उपस्थित हैं। मैं जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष के नाते, अपनी पूरी जिला टीम की ओर से आपका इस पावन धरा पर हृदय की गहराइयों से कोटि-कोटि स्वागत, वंदन और अभिनंदन करता हूँ। विगत दिनों में संगठन और समाज हित में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, आपके नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आने वाले समय में नए आयाम स्थापित करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की सबसे मजबूत रीढ़ है। राष्ट्र निर्माण और संगठन सशक्तिकरण में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि है, उन्होंने युवाओं में ऊर्जा भरते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश संगठन के नेतृत्व में युवा मोर्चा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का काम पूरी निष्ठा से करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को रीढ़ की हड्डी बताते हुए आह्वान किया कि प्रत्येक कार्यकर्ता 'डिजिटल और मैदानी' दोनों स्तरों पर सक्रिय रहे।



# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गेहूं खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शुक्रवार को गोटेगांव तहसील के अंतर्गत शिव शक्ति वेयर हाउस पिंडरई एवं न्यू कमल स्टोरेज गोहचर का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गेहूं खरीदी व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्लॉट बुकिंग कराने वाले किसानों से प्राथमिकता के आधार पर गेहूं की खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने भंडारित अनाज के समय पर उठाव एवं उसके सुव्यवस्थित रखरखाव करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तौल प्रक्रिया को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पारदर्शी एवं सटीक बनाए रखने को कहा। खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि गेहूं खरीदी का कार्य नियमित एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि किसानों को खरीदी केन्द्रों में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और उनकी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम गोटेगांव श्रीमती संघमित्रा गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जूम लिंक के माध्यम से उपार्जन की समीक्षा की

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शुक्रवार को सभी एसडीएम और जिला उपार्जन समिति के सदस्यों की जूम लिंक के माध्यम से उपार्जन की समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन के सुचारू क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह को अवगत कराया गया कि जिले में अभी तक 20 हजार 263 किसानों से समर्थन मूल्य पर 13 लाख 18 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी जा चुकी है।

# चना एवं मसूर उपार्जन, भंडारण एवं भुगतान का कार्य सतत जारी

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में रबी विपणन वर्ष अंतर्गत चना एवं मसूर उपार्जन का कार्य शासन के निर्देशानुसार सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। कुछ समाचार माध्यमों में चना की बोरियों में खुले में रखने संबंधी प्रकाशित खबर तथ्यों से परे एवं भ्रामक है। प्रशासन द्वारा उपार्जन एवं भंडारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में चना एवं मसूर उपार्जन के लिए कुल 18 हजार 473 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। इनमें से अब तक 7 हजार 123 किसानों के द्वारा स्लॉट बुक किए गए हैं। अद्यतन स्थिति अनुसार 2 हजार 234 किसानों से 4316.70 मीट्रिक टन चना एवं 1612 किसानों से 2607.25 मीट्रिक टन मसूर का उपार्जन किया जा चुका है। उपार्जन का कार्य निरंतर जारी है। उपार्जित उपज के भुगतान की प्रक्रिया भी सतत जारी है। अब तक 23.73 करोड़ के ईपीओ जनरेट हो चुके हैं, जिसमें से किसानों को लगभग 14.75 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। स्लॉट बुकिंग की सुविधा निरंतर चालू है। जिन किसानों की स्लॉट तिथि निकल चुकी है, उनकी स्लॉट दिनांक बढ़ाने की सुविधा डीडीए लॉगिन पर उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसी भी किसान को असुविधा नहीं हो। जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों पर सुचारू रूप से खरीदी का कार्य किया जा रहा है तथा वारदानों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उपज की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रबंधक संचालक मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ जहांगीराबाद के द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में जिस वेयर हाउस में खरीदी की जा रही है, वहां खरीदी गई उपज का भंडारण अन्य सुरक्षित वेयर हाउस में किया जा रहा है, जिससे चना एवं मसूर उपज की गुणवत्त बनी रहे। जिला प्रशासन किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा उपार्जन कार्य को पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से सम्पादित किया जा रहा है।

# दो सौ रेल कर्मचारियों ने मजदूर संघ की सदस्यता ली

नरसिंहपुर स्वतंत्रमत।




वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल सचिव का आगमन शनिवार को नरसिंहपुर स्टेशन पर हुआ । स्टेशन पर कार्यक्रम में जिला सचिव सुनील जाट के द्वारा स्वागत किया गया। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की मजदूर हितैषी नीति नीति से प्रेरित होकर लाल झंडा के पदाधिकारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुमन कुमार अपने सभी साथियों के साथ एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर टी आर डी अखिलेश झरवड़े, सीनियर सेक्शन इंजीनियर अभिमन्यु चौहान, कार्य निरीक्षक दिनेश कौरव सहित करीब दो सौ रेल कर्मचारियों ने मजदूर संघ की सदस्यता ली। जिला सचिव सुनील जाट ने कहा कि हमारा संगठन गांधी वादी विचार धारा से प्रेरित होकर कर्मचारी हित में कार्य करता है । मंडल सचिव डी पी अग्रवाल ने मंडल स्तर पर कर्मचारियों के हित में अन्य फोरम में उठाए जाने वाले मुद्दों के बारे में कर्मचारियों को बताया एवं आठवे पे कमीशन के बारे में कर्मचारियों से चर्चा की। इस अवसर पर नम्रता सोलंकी , सुषमा बाई, आरिफ ख़ान , ओमप्रकाश , भारत सिंह , राजेंद्र , बंटी राजपूत, विकास श्रीवास्तव , मान सिंह , ताराचंद , निरंजन सिंह , नईम खान , पवन रजक , पंकज बघेल सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने किया उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** स्वतंत्रमतं सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत कौंड़िया में बनाए गये गेहूं उपार्जन केन्द्र राधारमण वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों को टोकन वितरित करने, श्रमिकों की संख्या बढ़ाने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने न्यू चौकसे वेयर हाउस सिंहपुर का निरीक्षण किया।

# गाडरवारा पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करते हुए 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से 50 पेटी देशी शराब एवं तस्करी में प्रयुक्त एक जायलो वाहन जब्त किया गया, कुल कीमत लगभग 15 लाख रुपये



गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।

नरसिंहपुर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध च्ह्क्क्ष्क्रञ्ढ्ढह्ह श्व्तरख्र छ्रुज्ज किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जा रही है। इसी क्रम में गाडरवारा पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गाडरवारा ललित सिंह डागुर के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 14.05.2026 की दोपहर अमर शांति कॉलोनी, जमाड़ा रोड, गाडरवारा में व्यक्तियों को अवैध शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।आरोपी हीरालाल पिता डब्बू लाल बाथरे, निवासी खमतरा, जिला नरसिंहपुर। मुकेश पिता उमाशंकर कुर्मी, निवासी शास्त्री वार्ड गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर। आयुष पिता संतोष मिश्रा निवासी शंकरगढ़, प्रयागराज, (उत्तरप्रदेश) आरोपियों के कब्जे से 30 पेटी देशी मसाला शराब, 20 पेटी देशी प्लेन शराब, कुल 50 पेटी देशी शराब कीमती करीबन 2 लाख 30 हजार एवं तस्करी में प्रयुक्त जायलो कार कीमती करीबन 12.5 लाख रूपये जप्त की गई हैं।

**वैधानिक कार्यवाही**- धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### सराहनीय भूमिका-

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी, गाडरवारा, निरीक्षक अशोक सिंह चैहान, उप निरीक्षक अंकित रावत, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, परमानंद, आरक्षक रूपेन्द्र चैबे, सुजीत बागरी, शिवम पटेल, दीपक राजपूत, बालकिशन रघुवंशी, यश मेहरा, अक्षय श्रीवास्तव, ऐश्वर्य वेंकट, सृजल भार्गव, शुभम चैधरी, महेन्द्र बावरिया की सराहनीय भूमिका रही है।

# एनसीएल की अमलोरी एवं बीना परियोजनाओं में 'बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0' का आयोजन

### 62 विद्यार्थियों ने सीखे जीवन रक्षण के गुर



**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा प्रथम चरण में गृहिणियों को बेसिक फर्स्ट-एड प्रशिक्षण देने के बाद 'बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0' का शुभारंभ किया गया है। इस चरण के अंतर्गत एनसीएल पोषित स्कूलों के बच्चों में प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूकता तथा आपातकालीन परिस्थितियों हेतु उन्हें सक्षम बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जा रहा है 7 इसी क्रम में एनसीएल की अमलोरी एवं बीना परियोजना में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के मूलभूत सिद्धांतों, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता, घायल व्यक्ति की देखभाल, सीपीआर एवं दैनिक जीवन में सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएवी विद्यालय, बीना से 80 विद्यार्थी और डीएवी विद्यालय, अमलोरी से 82 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि 'बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0' के फेज -1 की शुरुआत में एनसीएल के 10 स्कूलों के 3200 बच्चों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पहल के तहत पहला कार्यक्रम खड़िया परियोजना के डीएवी विद्यालय में आयोजित किया गया।

# एनसीएल में धूम धाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2026



सिंगरौली।

मंगलवार को सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2026 मनाया गया। इस दौरान अधिकारी क्लब, सिंगरौली में केंद्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कृति महिला मण्डल उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, सीएमएस , केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली, डॉ. मंजरी मेहता व टीम एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बी. साईराम एवं निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार के संदेशों का वाचन किया गया। इस दौरान अपने संदेशों में सीएमडी एनसीएल एवं निदेशक (मानव संसाधन) ने एनसीएल के समस्त नर्सिंग स्टाफ के सेवा भाव, मानवीय संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की एवं उन्हें कोयला योद्धाओं एवं उनके परिवारों सहित परिधीय समुदायों की स्वास्थ्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों ङ्क गीत, डांस, प्ले/स्कीट, मेडिकल अवेयरनेस स्पीच, कविता वाचन, फ़ैशन वॉक, सोलो डांस एवं गायन का आयोजन किया गया जिसमें हॉस्पिटल स्टाफ एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। गौरतलब है कि हर साल स्वास्थ्य संस्थानों में नर्सों के योगदान को सम्मान देने हेतु अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है।

# माँ सुखी परिवार की आधारशिला : उर्मिला दीदी

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र पर माँ सुखी परिवार की आधारशिला एवं समर कैंप का गणमान्य जनों की उपस्थिति में समापन किया गया । माँ सुखी परिवार की आधारशिला होती है इस सुंदर भावना को केंद्र में रखते हुए समर कैंप का भव्य समापन बड़े ही उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में उर्मिला दीदी के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों, अभिभावकों और गणमान्य अतिथियों ने समर केम्प में भाग लेने वाले बच्चों की सराहना की । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और अतिथियों की स्वागत से किया प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गाडरवारा सेवा केंद्र पर माँ सुखी परिवार की आधारशिला एवं समर कैंप समापन समारोह कार्यक्रम। माँ सुखी परिवार की आधारशिला होती है इस सुंदर भावना को केंद्र में रखते हुए समर कैंप का भव्य समापन समारोह बड़े ही उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उर्मिला दीदी के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों, अभिभावकों और गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत से हुई।

इसके बाद बच्चों ने समर कैंप के दौरान सीखी गई नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षाओं पर आधारित सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत कविता और प्रेरणादायक भाषण शामिल रहे। माँ विषय पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत भावनात्मक नृत्य ने सभी का मनमोह लिया और यह संदेश दिया कि माँ ही परिवार की सच्ची शक्ति और आधार होती है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ प्रियंका राजपूत फिजियो थैरेपिस्ट, वंदना राठी (इनर व्हील क्लब की पास्ट प्रेसिडेंट) अलका जैन एवं नम्रता जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने मां की ममता को अपने भाव में प्रकट किया साथ ही बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनमें अच्छे संस्कारों का निर्माण करते हैं। उर्मिला दीदी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही नैतिकता आध्यात्मिकता और संस्कारों की शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे एक अच्छे नागरिक और सुखी परिवार के निर्माता बन सकें। और बच्चों द्वारा माता-पिता के सम्मान की प्रतिज्ञा भी कराई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समापन के साथ ही सभी ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों की तारीफ करते हुए कहा ऐसे आयोजन प्रेरणादायक होते हैं।

# नो बिल, नो पे नियम कागजों में दफनः कटनी में यात्रियों से खुली लूट

## 30 की कोल्डड्रिंक 40 में, 14 का पानी 20 रुपए में

कटनी (स्वतंत्रमत)

रेलवे स्टेशन में यात्रियों की जेब पर खुलेआम डाका डाला जा रहा है। प्लेटफॉर्मों पर संचालित खानपान और पैक्ड सामग्री के स्टॉलों में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूली जा रही है, लेकिन रेलवे प्रशासन की कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित दिखाई दे रही है। हालत यह है कि 30 रुपए की कोल्डड्रिंक 40 रुपए में और 14 रुपए की पानी की बोतल 20 रुपए तक में बेची जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि यात्रियों को सामान खरीदने के बाद बिल तक नहीं दिया जा रहा, जबकि रेलवे का स्पष्ट नियम है कि पहले बिल दिया जाए और उसके बाद ही भुगतान लिया जाए। कटनी स्टेशन में यह पूरा खेल लंबे समय से चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग या तो अनजान बने हुए हैं या फिर कार्रवाई के नाम पर केवल प्रतीकात्मक जुर्माना लगाकर मामला शांत कर दिया जाता है।




### सोशल मीडिया शिकायत से खुली पोल

हाल ही में रेल यात्री सत्यम सोनी ने स्टेशन के एक स्टॉल से मिल्क प्रोडक्ट खरीदा। पैकेट पर कीमत 30 रुपए अंकित थी, लेकिन स्टॉल संचालक ने उनसे 40 रुपए वसूल लिए। यात्री ने इसकी शिकायत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रेलवे से की। शिकायत वायरल होने के बाद संबंधित स्टॉल संचालक पर मात्र एक हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। यात्रियों का कहना है कि हजार-दो हजार रुपए के जुर्माने से स्टॉल संचालकों पर कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि प्रतिदिन हजारों यात्रियों से अतिरिक्त वसूली कर उससे कई गुना अधिक कमाई की जा रही है। लोगों का सवाल है कि यदि बार-बार शिकायतें सामने आ रही हैं तो फिर लाइसेंस निरस्त करने जैसी कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही।

### भीड़ और जल्दबाजी का फायदा उठाकर वसूली

इन दिनों गर्मी और शादी सीजन के चलते ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ है। कटनी जंक्शन से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनें पहले से ही खचाखच भरी हुई पहुंच रही हैं। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन रुकते ही यात्री पानी, कोल्डड्रिंक, दूध, नाश्ता और अन्य जरूरी सामान खरीदने के लिए दौड़ पड़ते हैं। इसी अफरा-तफरी और जल्दबाजी का फायदा स्टॉल संचालक उठा रहे हैं। यात्रियों को ट्रेन छूटने का डर रहता है, इसलिए वे कीमत पूछने या बहस करने की बजाय मजबूरी में सामान लेकर ट्रेन में चढ़ जाते हैं। कई बार जब कोई यात्री एमआरपी से ज्यादा कीमत पर सवाल उठाता है तो स्टॉल कर्मचारी उलझने लगते हैं। विवाद की आशंका के चलते अधिकांश यात्री चुप रहना ही बेहतर समझते हैं।

### पहले बिल, फिर भुगतान का नियम पूरी तरह गायब

रेलवे बोर्ड ने करीब दो साल पहले देशभर के रेलवे स्टेशनों पर स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि किसी भी स्टॉल पर बिक्री से पहले ग्राहक को बिल दिया जाएगा और उसके बाद भुगतान लिया जाएगा। इसका उद्देश्य यात्रियों को ओवरचार्जिंग से बचाना और बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना था लेकिन कटनी स्टेशन में यह नियम पूरी तरह दम तोड़ चुका है। प्लेटफॉर्मों पर संचालित अधिकांश स्टॉलों में बिलिंग मशीन या बिल बुक तक मौजूद नहीं है। यात्री सामान खरीदते हैं, भुगतान करते हैं और बिना बिल के ही रवाना हो जाते हैं। पानी की बोतल हो, पैकेट बंद खाद्य सामग्री, चाय-नाश्ता या अन्य कोई उत्पाद किसी भी वस्तु का बिल यात्रियों को नहीं दिया जा रहा। इससे न केवल रेलवे के नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं, बल्कि टैक्स चोरी और राजस्व नुकसान की आशंका भी बढ़ रही है।

### स्टेशन में कहीं नहीं दिखता नियम संबंधी बोर्ड

रेलवे ने नो बिल, नो पे व्यवस्था लागू तो कर दीए लेकिन स्टेशन परिसर में यात्रियों को इसकी जानकारी देने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं दिखाई देती। प्लेटफॉर्मों या स्टॉलों के आसपास कहीं भी बड़े सूचना बोर्ड नजर नहीं आते, जिनमें लिखा हो कि बिल लिए बिना भुगतान न करें। यही वजह है कि अधिकांश यात्रियों को इस नियम की जानकारी ही नहीं है। सतना निवासी शशिदीप मिश्रा ने बताया कि वे कई बार स्टेशन से पानी और खाने-पीने का सामान खरीद चुके हैं, लेकिन कभी किसी स्टॉल संचालक ने बिल नहीं दिया। उन्होंने कहा कि बिल मांगने पर कई बार विवाद जैसी स्थिति बन जाती है, इसलिए लोग चुपचाप सामान लेकर चले जाते हैं। वहीं जबलपुर के तुलसीनगर निवासी मनीष कुमार ने बताया कि उन्हें पहली बार जानकारी मिली है कि रेलवे स्टेशन के स्टॉलों में पहले बिल दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि यदि रेलवे ने नियम बनाया है तो उसका पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी भी प्रशासन की है।

### रोज गुजरती हैं 100 से ज्यादा ट्रेनें, हजारों यात्रियों पर असर

कटनी रेलवे स्टेशन पश्चिम मध्य रेलवे का महत्वपूर्ण जंक्शन माना जाता है। यहां से पांच दिशाओं में ट्रेनों का संचालन होता है और प्रतिदिन एक सैकड़ा से अधिक यात्री ट्रेनें स्टेशन से होकर गुजरती हैं। स्टेशन के छह प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों की सुविधा के लिए खानपान, पैक्ड फूड, पानी, दूध, चाय, स्नैक्स और अन्य सामग्री के दर्जनों स्टॉल संचालित किए जा रहे हैं। रोजाना हजारों यात्री इन स्टॉलों से खरीदारी करते हैं। ऐसे में यदि प्रत्येक यात्री से पांच से दस रुपए अतिरिक्त भी वसूले जाएं तो प्रतिदिन लाखों रुपए की अवैध कमाई का अनुमान लगाया जा सकता है। यही कारण है कि छोटे जुर्माने के बावजूद यह खेल लगातार जारी है। रेलवे प्रशासन और रेलवे सुरक्षा बल द्वारा समय-समय पर स्टेशन के स्टॉलों की जांच के अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों में साफ-सफाई, लाइसेंस और खाद्य गुणवत्ता जैसे मुद्दों पर तो कार्रवाई दिखाई देती है, लेकिन ओवरचार्जिंग और बिलिंग व्यवस्था की गंभीर जांच शायद ही कभी होती हो। सूत्रों के अनुसार कई बार जांच की सूचना पहले ही स्टॉल संचालकों तक पहुंच जाती है, जिसके चलते कुछ समय के लिए नियमों का पालन दिखाया जाता है और फिर पुरानी स्थिति लौट आती है। पिछले दो वर्षों में ऐसा कोई बड़ा मामला सामने नहीं आया, जिसमें लगातार शिकायतों के बाद किसी स्टॉल का लाइसेंस निरस्त किया गया हो। यही वजह है कि यात्रियों को राहत नहीं मिल पा रही और स्टेशन परिसर में मनमानी का सिलसिला लगातार जारी है। स्टेशनों पर लगातार अभियान चलाकर जांच की जा रही है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के 217 परिवारों के सपनों को मिला स्वयं का आशियाना



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए शुक्रवार का दिन खुशियां और नई उम्मीदों को लेकर आया, जब प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत प्रेमनगर बस्ती में निर्मित आवासों का पारदर्शी तरीके से आवंटन किया गया। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 217 पात्र हितग्राहियों को लॉटरी पद्धति के माध्यम से पक्के आवास का आबंटन किया गया। यह कार्यक्रम महापौर प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य एवं एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद सीमा श्रीवास्तव की विशेष मौजूदगी में किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आवास आवंटन प्रक्रिया के दौरान जैसे-जैसे हितग्राहियों के नामों की घोषणा हो रही थी परिसर में उत्साह, भावुकता और खुशी का माहौल देखने को मिल रहा था। हितग्राही तालिया बजाकर आपस में खुशियां साझा कर रहे थे। अपने स्वयं के घर का सपना संजो, परिवारों के चेहरों पर संतोष स्पष्ट रूप से झलक रहा था। आयोजन के दौरान निगम प्रशासन द्वारा पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए लॉटरी पद्धति अपनाई गई, जिसकी हितग्राहियों ने सराहना की। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक शासकीय योजना नहीं, बल्कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के सम्मानजनक जीवन का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार का सपना होता है कि उसका अपना सुरक्षित एवं स्थायी घर हो और केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा नागरिकों के इसी सपने को साकार कर रही है। महापौर ने कहा कि नगर निगम कटनी शहर के समग्र विकास के साथ-साथ आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की कि वे अपने नए आवासों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखते हुए आदर्श आवासीय वातावरण विकसित करें। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अपना घर मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त कर भावुक होकर कहा कि आज हमारा स्वयं के अपने घर का सपना साकार हो गया।

## संगठन विस्तार और महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन पर जोर

कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी महिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी विजयलक्ष्मी मिश्रा का कटनी में प्रथम आगमन हुआ जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संगठन एवं सदस्यता की जानकारी ली एवं आगामी रणनीतियों को लेकर चर्चा की, महिला कांग्रेस प्रभारी विजय लक्ष्मी मिश्रा ने बताया कि संगठन को मजबूती देने एवं संगठन के विस्तार हेतु उन्हें कटनी महिला कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है और इसके लिए उन्होंने महिला कांग्रेस की समस्त पदाधिकारी नवनियुक्त प्रकोष्ठ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर संगठन की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए संगठन के विस्तार के लिए सुझाव दिए। कटनी महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा ने बताया की प्रदेश



महिला कांग्रेस द्वारा मध्य प्रदेश के सभी जिलों मैं संगठन की मजबूती हेतु जिला प्रभारी नियुक्त किए गए हैं जो अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र में जाकर उन क्षेत्रों की महिला कांग्रेस को एकजुट करके संगठन को मजबूती एवं विस्तार देने का कार्य करेंगी,डीजल, सीएनजी एवं दूध के बड़े हुए दामों को लेकर बरगवां स्थित पेट्रोल पंप के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया गया जिसमें महिला कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार से बढ़े हुए दामों को वापस लेने का आवाहन किया गया, प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा ने कहा कि यदि सरकार इन बड़े हुए दामों को वापस लेकर महंगाई कम नहीं करेगी तो जल्दी ही पूरी महिला कांग्रेस जनता के साथ सड़कों पर सरकार का विरोध प्रदर्शन करेगी दिन प्रतिदिन बढ़ते दामों ने महिलाओं की पूरी रसोई का बजट बिगाड़ दिया है और आम जनता की महंगाई से कमर तोड़ दी है इसके विरोध में पूरी महिला कांग्रेस पीड़ित जनता के साथ खड़ी है।

## दृढ़ संकल्प से बड़ी कोई शक्ति नहीं होतीः चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक

### वंशिका वाजपेयी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में किया टॉप

कटनी (स्वतंत्रमत)

सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का परिणाम बहुत ही उत्साहवर्धक रहा। सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा किए गए परिश्रम से कक्षा बारहवीं में वंशिका वाजपेयी ने 96.8 प्रतिशत स्नेहाशीष अहूजा ने 96.6 प्रतिशत और वेदिका वर्मा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, स्कूल, शहर एवं जिले का गौरव बढ़ाया है। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों में अपना परचम लहराते हुए जो सफलता प्राप्त की है वह प्रशंसनीय है। वंशिका वाजपेयी ने पेंटिंग में 100 प्रतिशत, अंग्रेजी में अधिकतम 99 प्रतिशत और राजनीति शास्त्र में 97 प्रतिशत, वेदिका वर्मा ने पेंटिंग में 100 प्रतिशत, राजनीति शास्त्र और इतिहास में 97 प्रतिशत, स्नेहाशीष अहूजा ने ई पी एस में 100 प्रतिशत, बिजनेस



Vanshika Bajpai - 96.8% Snehshish Ahuja - 96.6% Vedika Verma - 96.2%

स्टडी में 97 प्रतिशत और अकाउंटेंसी में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रिकार्ड बनाया। वहीं वैभवी वंसल और अलंकृति खरे ने भी पेंटिंग में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रिकार्ड बनाया। पलक गोमास्ता ने राजनीति शास्त्र और पी ई में 97 प्रतिशत व भूगोल में 95 प्रतिशत, शौर्य सिंह बघेल ने हिन्दी में 96 प्रतिशत, ललित शर्मा ने कम्प्यूटर साइंस में 96 प्रतिशत, अमन प्रताप और नारायण शर्मा ने आई पी में 95 प्रतिशत एवं अंशिका लाल ने जीव विज्ञान में अधिकतम 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मान बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में सम्मानित कर सायना के प्राचार्य डॉ शर्मा ने कहा कि यह सफलता केवल अंकों का खेल नहीं बल्कि यह आपके नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और लक्ष्य के प्रति सर्मपण का परिणाम है। आगे की प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के लिए इसी अनुशासन और लगन को बनाए रखना चाहिए। छात्रों की इस सफलता पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक पूर्व मंत्री म.प्र. शासन, पूर्व महापौर एवं सायना की सचिव निर्मला सत्येन्द्र पाठक, सायना ग्रुप के एम. डी. वरुण गौतम, मैनेजमेंट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा सहित अभिभावकों ने छात्रों व शिक्षकों को बधाई दी है। सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सायना स्कूल के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम से मैं गर्वित हूँ। यह परीक्षा परिणाम केवल सायना के विद्यार्थियों की मेहनत का ही नहीं, बल्कि संस्था के प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के संस्था पर अटूट विश्वास का समवेत परिणाम है। आप सभी ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और लगन से यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प से बड़ी कोई शक्ति नहीं होती। मैं सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

# सात दशक बाद भी खुसरा गांव प्यासा

## खाई की बूंदों से मिली निजात लेकिन घर-घर पानी सपना

कटनी (स्वतंत्रमत)

एक ओर सरकार हर घर नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के दावे कर रही है, वहीं रीठी विकासखंड का आदिवासी गांव खुसरा आज भी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहा है। जंगल और पहाड़ों के बीच बसे इस गांव के लोग वर्षों तक 500 मीटर गहरी खाई में उतरकर चट्टानों से रिसने वाले पानी से प्यास बुझाने को मजबूर रहे। सात दशक बीतने के बाद अब पंचायत ने अस्थायी राहत जरूर दी है, लेकिन स्थायी समाधान आज भी अधूरा पड़ा है। खुसरा गांव की आबादी करीब 238 है। गांव में ग्राम पंचायत द्वारा गांव में दो हजार लीटर क्षमता की प्लास्टिक की टंकी रखवाई गई है। करीब डेढ़ किलोमीटर दूर कराई गई बोरिंग से पाइपलाइन के जरिए पानी टंकी तक पहुंचाया जा रहा है। इसके बाद ग्रामीण टंकी में लगी दो टोटियों से पानी भरकर साइकिल और सिर पर ढोकर अपने घर ले जा रहे हैं।

**टंकी का निर्माण अधूरा**- ग्रामीणों का कहना है कि यह व्यवस्था केवल अस्थायी राहत है। घर-घर पानी पहुंचाने की दिशा में अब तक कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आता। जल जीवन मिशन के तहत



पाइपलाइन करीब चार माह पहले डाल दी गई, लेकिन आज तक पानी टंकी का निर्माण पूरा नहीं हो पाया। ठेकेदार की धीमी कार्यप्रणाली और विभागीय लापरवाही का खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं। ग्रामीण गुज्जी सिंह, सुमेर सिंह और शिव सिंह ने बताया कि खुसरा सहित नैगवां, सूखा, रमपुरा और कोड़ाई गांव के लोग मजदूरी और वनोपज पर निर्भर हैं। गर्मी के मौसम में महुआ, आंवला, चार, तेंदूपत्ता, हर्रा, बेहड़ा और जड़ी-बूटियां ही इनकी आजीविका का सहारा बनती हैं। ऐसे कठिन जीवन के बीच पेयजल संकट ने ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ा दी है।

खाई मिटी, लेकिन मजबूरी नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत द्वारा टंकी रखवा देने से कम से कम अब खाई में उतरने की मजबूरी कुछ हद तक खत्म हुई है, लेकिन यह व्यवस्था भी सीमित है। गांव में नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं होने से महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर ग्रामीण जल योजनाओं के सफल संचालन के दावे कर रही है, तब खुसरा जैसे आदिवासी गांव अब भी मूलभूत सुविधा से वंचित क्यों हैं। पीएचई विभाग और प्रशासनिक अमले की उदासीनता ने जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत उजागर कर दी है। कागजों में योजनाएं आगे बढ़ रही हैं, लेकिन धरातल पर आदिवासी परिवार आज भी पानी के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।

**ग्रामीणों ने कही यह बात**- पहले हमें पानी के लिए गहरी खाई में उतरना पड़ता था। चट्टानों से रिसने वाले पानी को इकढ़ा कर किसी तरह काम चलाते थे। अब पंचायत ने टंकी रखवा दी है तो थोड़ी राहत मिली है, लेकिन घर तक पानी नहीं पहुंच रहा। गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बच्चों को होती है। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन तो डाल दी गई, लेकिन चार महीने बाद भी टंकी निर्माण अधूरा है। अधिकारी सिर्फ कागजों में काम दिखा रहे हैं। गांव के लोग आज भी सिर और साइकिल व मोटरसाइकिल व सिर से पानी ढोने को मजबूर हैं। प्रशासन को जल्द स्थायी व्यवस्था करनी चाहिए। ग्रामीण अब खाई में पानी भरने नहीं जाते। पंचायत द्वारा 2 हजार लीटर क्षमता की टंकी रखवा दी गई है। नलकूप से पानी भरा जा रहा है, जिससे बड़ी राहत मिली है। गांव में 4 माह पहले पाइप लाइन डल गई है। ठेकेदार द्वारा टंकी का निर्माण नहीं किया गया, जिस कारण घर-घर पानी नहीं पहुंच रहा।

**सात दिन से सूखी टोंटियां, विकास के दावों में प्यासा जगतपुर उमरिया**- बड़वारा जनपद की ग्राम पंचायत जगतपुर उमरिया में नल-जल योजना पिछले एक सप्ताह से ठप पड़ी है। भीषण गर्मी के बीच गांव के करीब 200 परिवार बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। हालत यह है कि पूरा गांव अब सिर्फ दो हैंडपंपों के सहारे गुजर-बसर करने को मजबूर है। ग्रामीण उमेश निगम ने बताया कि समस्या की जानकारी कई बार पंचायत प्रशासन को दी गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। उनका कहना है कि ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव को मौखिक व लिखित शिकायतें दीं, फिर भी पानी सप्लाई बहाल नहीं की गई। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गांव में पीने के पानी के साथ दैनिक उपयोग के लिए भी संकट गहरा गया है। दो हैंडपंपों पर अत्यधिक दबाव के कारण सुबह से लंबी कतारें लग रही हैं और विवाद की स्थिति भी बन रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं इस मामले में ग्राम पंचायत बड़वारा की सरपंच सुनैना बाई ने कहा कि शिकायत मिली है। जल्द पानी सप्लाई शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## मध्यप्रदेश में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रगति पर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 1 मई 2026 से प्रारंभ होकर 30 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जिले भर में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान, परिवार एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है। कटनी वासियों द्वारा इस अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की जा रही है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने समस्त कटनीवासियों से अनुरोध किया है कि यदि परिवार द्वारा स्व-गणना पूर्ण कर ली गई है, तो प्रगणक के आगमन पर अपनी स्व-गणना आईडी अवश्य साझा करें। इससे नागरिकों का समय बचेगा तथा परिवार की सटीक जानकारी जनगणना अभिलेखों में दर्ज की जा सकेगी। नागरिक सही एवं पूर्ण जानकारी देकर जनगणना 2027 के सफल संचालन में सहभागिता सुनिश्चित करें तथा प्रगणकों को आवश्यक सहयोग प्रदान कर राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाएं। जिन परिवारों द्वारा स्व-गणना नहीं की गई है, उनसे आग्रह किया गया है कि वे प्रगणकों को सही, स्पष्ट एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर राष्ट्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग प्रदान करें। प्रत्येक प्रगणक के पास चार्ज अधिकारी द्वारा जारी अधिकृत परिचय पत्र उपलब्ध रहता है। आमजन प्रगणक से उनका परिचय पत्र देखकर उनकी पहचान सुनिश्चित कर सकते हैं। जनगणना के अंतर्गत संकलित की गई समस्त जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 15 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है। इस जानकारी का उपयोग किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता। साथ ही, जनगणना के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर किसी व्यक्ति को वर्तमान में प्राप्त किसी हित-लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता तथा न ही कोई नवीन लाभ दिया जा सकता है। जनगणना में प्राप्त जानकारी का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है तथा व्यक्तिगत जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत भी साझा नहीं की जाती।



# आरसीबी की नज़र प्लेऑफ़ में जगह बनाने पर

## जबकि पंजाब किंग्स की वापसी पर

धर्मशाला (वार्ता)।

पंजाब किंग्स की टीम, जो सीज़न की शुरुआत में सबसे आगे चल रही थी, अब अचानक से मुश्किल दौर में फँस गई है और जवाबों की तलाश में है। रविवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2026 के एक अहम मुकाबले में, जब उनका सामना आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम से होगा, तो उनके इस अचानक आए पतन की कड़ी जाँच होगी। यह मुकाबला दो ऐसी टीमों के बीच है जो बिल्कुल विपरीत दिशाओं में आगे बढ़ रही हैं। जहाँ एक तरफ आरसीबी पूरी रफ़्तार के साथ प्लेऑफ़ की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रही है, वहीं दूसरी तरफ पंजाब एक ऐसे बड़े संकट से जूझ रही है जिसने उनके उस अभियान को पटरी से उतारने का खतरा पैदा कर दिया है, जो कभी सपनों जैसा अभियान लग रहा था। पंजाब ने सीज़न की शुरुआत ज़बरदस्त अंदाज़ में की थी उन्होंने अपने पहले छह मैच जीते और टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बल्लेबाज़ी इकाइयों में से एक बनकर उभरे। उनके आक्रामक रवैये ने उन्हें तुरंत ही खिताब का दावेदार बना दिया और सालों की निराशा के बाद आखिरकार आईपीएल की ट्रॉफी जीतने की उम्मीदें फिर से जगा दीं। हालाँकि, सीज़न के दूसरे हाफ़ ने टीम की कुछ बड़ी कमज़ोरियों को उजागर कर दिया है, खासकर गेंदबाज़ी विभाग में। पंजाब को अब लगातार



पाँच हार का सामना करना पड़ा है, जिनमें से चार हार तब मिलीं जब उन्होंने 200 से ज़्यादा रन बनाए थे टी-20 क्रिकेट में यह एक चौंकाने वाला आँकड़ा है। बड़े स्कोर का बचाव न कर पाना ही पंजाब के अभियान की मुख्य कहानी बन गई है। उनके बल्लेबाज़ लगातार धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन गेंदबाज़ी आक्रमण दबाव में बार-बार नाकाम रहा है। प्रभसिमरन सिंह ने 439 रनों के साथ शीर्ष क्रम में मोर्चा संभाला है, जबकि प्रियांश आर्य 200 से ज़्यादा के ज़बरदस्त स्ट्राइक रेट के साथ इस सीज़न के उभरते सितारों में से एक बनकर सामने आए हैं। कूपर कोनोली ने भी मध्य क्रम में अहम योगदान दिया है, जिससे पंजाब के पास लीग के सबसे मजबूत बल्लेबाज़ी संयोजनों में से एक है। फिर भी, गेंदबाज़ी इकाई के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मार्को यानसन के लिए यह सीज़न मुश्किल भरा रहा है, अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल निरंतरता के लिए संघर्ष करते दिखे हैं, और अर्शदीप सिंह को दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला है। पंजाब के गेंदबाज़ों ने डेथ ओवरों में लगातार रन लुटाए हैं, जिससे जीत की स्थिति भी दिल तोड़ने वाली हार में बदल गई है। अगर पंजाब बढ़ते दबाव का सामना कर रही है, तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ठीक सही समय पर अपने चरम पर पहुँचती दिख रही है।

आरसीबी की वापसी का श्रेय काफी हद तक पूर्व कप्तान विराट कोहली के फॉर्म में लौटने को जाता है। टूर्नामेंट में लगातार दो बार ज़ीरो पर आउट होने के बाद मिली आलोचना का जवाब देते हुए, कोहली ने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नाबाद 105 रन बनाकर ज़ोरदार वापसी की। इस पारी ने न सिर्फ़ बेंगलुरु को एक और सफल लक्ष्य का पीछा करने में मदद की, बल्कि यह कोहली का 10वां टी 20 शतक भी था, जिससे वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज़ बन गए। वह अब इस सीज़न में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में शामिल हो गए हैं और एक बार फिर आरसीबी के ख़िताब बचाने के अभियान में अहम भूमिका निभाते नज़र आ रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ कोहली का रिकॉर्ड बेंगलुरु के आत्मविश्वास को और मज़बूत करता है। हाल के मैचों में उन्होंने पंजाब की गेंदबाज़ी पर लगातार अपना दबदबा बनाए रखा है, जिसमें आईपीएल 2025 का फ़ाइनल भी शामिल है, जहाँ आरसीबी ने पंजाब को छह रनों से हराकर ट्रॉफ़ी अपने नाम की थी।

बेंगलुरु का हालिया हेड-टू-हेड रिकॉर्ड भी काफ़ी मज़बूत है, क्योंकि उन्होंने पंजाब के खिलाफ़ पिछले तीन मैच जीते हैं। उनकी बल्लेबाज़ी यूनिट, जिसमें देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार और टिम डेविड शामिल हैं, ने कोहली का शानदार साथ दिया है, जबकि अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ भुवनेश्वर कुमार ने इस सीज़न में 22 विकेट लेकर गेंदबाज़ी आक्रमण की अगुवाई की है। पहले ही 16 अंक हासिल कर चुकी आरसीबी के लिए एक और जीत क्वालिफ़ायर में उसकी जगह लगभग पक्की कर सकती है। वहीं दूसरी ओर, पंजाब के सामने करो या मरो की स्थिति है, ताकि वह प्लेऑफ़ में पहुँचने की अपनी धूमिल होती उम्मीदों को ज़िंदा रख सके। इसलिए, रविवार का यह मुक़ाबला सिर्फ़ दो मजबूत बल्लेबाज़ी टीमों के बीच की लड़ाई नहीं है। यह एक ऐसी टीम के बीच धैर्य की परीक्षा है जो नॉकआउट की ओर तेज़ी से बढ़ रही है, और दूसरी ऐसी टीम के बीच जो इस सीजन की सबसे नाटकीय हारों में से एक को रोकने के लिए बेताब है।




## मलेशियाई जोड़ी को हराकर सात्विक चिराग थाईलैंड ओपन के फाइनल में

पटुमवान (थाईलैंड) (वार्ता)।

दो बार के पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शनिवार को शानदार वापसी करते हुए मलेशिया के गोह से फेई और नूर इजुद्दीन की जोड़ी को 19-21, 22-20, 21-16 से हराकर थाईलैंड ओपन के फाइनल में जगह पक्की की। आज यहां थाईलैंड के निमिबुत्र स्टेडियम में खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में मलेशियाई जोड़ी ने शुरुआती गेम में बेहतर शुरुआत की, 7-7 से बराबरी पर होने के बाद कंट्रोल हासिल करके 15-9 से छह पॉइंट की बढ़त बना ली। हालांकि सात्विक और चिराग ने बाद के स्टेज में अंतर कम करने का प्रयास किया, लेकिन मलेशियाई जोड़ी ने मजबूती से गेम 21-19 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में दोनों जोड़ियों के बीच अंकों के लिए मुकाबला हुआ, जिसमें भारतीय जोड़ी 20-18 के स्कोर पर गेम पॉइंट पर पहुंच गई। पीछे हटने से इनकार करते हुए, गोह-नूर की जोड़ी ने स्कोर बराबर करने के लिए दो गेम पॉइंट बचाए, लेकिन भारतीय स्टार्स ने गेम 22-20 से जीत लिया और निर्णायक मुकाबला कराया। 2019 और 2024 के चैंपियन, सात्विक और चिराग ने तीसरे गेम में दबदबा बनाया और 21-16 से आसान जीत हासिल करके फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ, उन्होंने इस सीजन का पहला फाइनल दर्ज किया। भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्थिन और चीन के ही जी टिंग और रेन जियांग यू के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

# संजना को मिला कांस्य वंशिका को चौथा स्थान



गांधीनगर (वार्ता)।

एडब्ल्यूएफ एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के छठे दिन भारत को एक और पदक मिला, और भारतीय पदकों की संख्या में चौथा पदक जुड़ गया है। संजना ने महिलाओं के 77 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए, स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल तीनों श्रेणियों में कांस्य पदक हासिल किए उन्होंने कुल मिलाकर 220 किलोग्राम भार उठाया। महिलाओं की 77 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण पदक चीन की गुइफांग लियाओ ने कुल 265 किलोग्राम भार उठाकर जीता, जबकि रजत पदक डीपीआर कोरिया की क्योंग योंग किम ने कुल 260 किलोग्राम भार उठाकर हासिल किया। महिलाओं की 86 किलोग्राम श्रेणी में, चीन की कुइटिंग पेंग ने कुल 270 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। बहरीन की अलीना मारुशचक ने 265 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक हासिल किया, जबकि दक्षिण कोरिया की ह्योनजू जंग ने कुल 245 किलोग्राम भार उठाकर कांस्य पदक जीता। भारत की वंशिका वर्मा ने घरेलू दर्शकों के सामने सराहनीय प्रदर्शन किया और कुल 220 किलोग्राम भार उठाकर समग्र रूप से चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने स्नैच में सफलतापूर्वक 95 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 125 किलोग्राम भार उठाया।



## ऋषभ पंत पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुंबई (वार्ता)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर आईपीएल के 59वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल के एक बयान के मुताबिक, क्योंकि यह आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का पहला उल्लंघन था, जो न्यूनतम ओवर-गति अपराधों से जुड़ा है, इसलिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया। इस रोमांचक मुकाबले के शुरू होने से पहले दोनों टीमें काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरीं और उत्तर प्रदेश में आई भयानक ओलावृष्टि के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा।

# डीसी की प्लेऑफ की उम्मीदों को सूर्यवंशी से खतरा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल 2026 का अभियान एक अहम मोड़ पर पहुंच गया है, और कल होने वाले मुकाबले में उनके बचने के बीच एक निडर किशोर (आरसीबी का वैभव सूर्यवंशी) खड़ा है जिसने टूर्नामेंट में तहलका मचाया हुआ है। जब दिल्ली रविवार रात अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी, तो सभी की नजरें 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर होंगी, जिनकी ज़बरदस्त बल्लेबाजी ने उन्हें इस सीजन के सबसे बड़े स्टार्स में से एक बना दिया है। दिल्ली के लिए, समीकरण आसान है-जीतो या प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर होने का रिस्क लो। 12 मैचों में 10 अंकों के साथ टेबल में सातवें नंबर पर, दिल्ली के पास गलती की बहुत कम गुंजाइश बची है। उनके -0.993 के खराब नेट रन रेट ने मामले को और मुश्किल बना दिया है, जिसका मतलब है कि एक और हार उन्हें लीग स्टेज के आखिरी हफ़्ते में कई नतीजों पर निर्भर कर सकती है।

वहीं राजस्थान रॉयल्स (आरआर) भी पूरी तरह से कम्फर्टेबल नहीं है। 11 मैचों में 12 अंकों के साथ छठे नंबर पर, आरआर एक समय टॉप-चार की रेस में मजबूती से आगे थी, लेकिन अचानक फॉर्म में गिरावट के कारण उन्हें



अपने पिछले सात में से पांच गेम हार का सामना करना पड़ा। फिर भी, वे टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बल्लेबाजी टीमों में से एक हैं, जिसका बड़ा कारण सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की जबरदस्त शुरुआत है। सूर्यवंशी का आगे बढ़ना आईपीएल 2026 के सबसे बड़े टॉकिंग पॉइंट्स में से एक बन गया है। इस किशोर ने केवल 11 मैचों में 40 छक्के लगाए हैं। च जो इस सीज़न में किसी भी खिलाड़ी द्वारा लगाए गए सबसे ज़्यादा छक्के हैंज् और पावरप्ले के अंदर कई बार गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त किया है। उनके निडर स्ट्रोकप्ले ने राजस्थान को रन चेज में जल्दी हावी होने और विरोधियों पर तुरंत दबाव डालने की काबिलियत दी है।दिल्ली के लिए, पहले छह ओवर में सूर्यवंशी को रोकना यह तय कर सकता है कि उनका सीजन बना रहेगा या नहीं। दिल्ली के पास राजस्थान को धीमा करने की काबिलियत है। कुलदीप यादव और कप्तान अक्षर पटेल ने टूर्नामेंट में सबसे अच्छी स्पिन पार्टनरशिप में से एक बनाई है और बीच के ओवरों को कंट्रोल करने की दिल्ली की उम्मीदों के लिए अहम बने हुए हैं। बैटिंग-फ्रेंडली दिल्ली पिच पर मोमेंटम तोड़ने की उनकी काबिलियत अहम हो सकती है। हालांकि, दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता उनका अपना असंगत रहना है। उन्होंने सीजन की शुरुआत ज़ोरदार की थी लेकिन बार-बार बल्लेबाजी के गिरने और खराब डेथ बॉलिंग के कारण बुरी तरह पिछड़ गए। उनका शीर्ष क्रम अक्सर दबाव में संघर्ष करता रहा है, जिसमें टूर्नामेंट में पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 13/6 पर एक नाटकीय गिरावट भी शामिल है। फिर भी दिल्ली ने कुछ शानदार खेल भी दिखाया है। इस महीने की शुरुआत में, उन्होंने जयपुर में राजस्थान के खिलाफ 226 रनों का पीछा किया। जो फ्रेंचाइजी के इतिहास का सबसे बड़ा सफल चेज़ था जिसमें केएल राहुल ने लीड किया था।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव उतर गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम बढ़ गये जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 38 रुपये बढ़कर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 14 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटे की कीमत कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही बनी रही। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 63 रुपये और मसूर दाल की 34 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गयी। वहीं, मूंग दाल आठ रुपये और उड़द दाल चार रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव स्थिर रहा। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 103 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। सरसों तेल भी 22 रुपये सस्ता हुआ। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल 92 रुपये और सूरजमुखी तेल 40 रुपये महंगा हो गया। पाम ऑयल में 15 रुपये और वनस्पति में चार रुपये प्रति क्विंटल ऊपर बंद हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी की कीमत पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।दाल चना 7666.28 रुपये, मसूर काली 8080.32 रुपये, मूंग दाल 10185.98 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11199.44 रुपये प्रति क्विंटल रही।



# सेल को चौथी तिमाही में सालाना आधार पर डेढ़ गुना शुद्ध लाभ

नयी दिल्ली (वार्ता)।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को आज चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कर पश्चात 1,680 करोड़ रुपए का लाभ हुआ जो इससे पिछले वित्त वर्ष की किसी की तिमाही के 1,178 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ का डेढ़ गुना है। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 442 करोड रुपए का कर पश्चात लाभ हुआ था। कंपनी की चौथी तिमाही की परिचालन आय 30,813 करोड रुपए थी जो इसे पिछले वित वर्ष की चौथी तिमाही में 29,316 करोड रुपए और वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में 27,371 करोड रुपए थी। कंपनी ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने वित्तीय नतीजे शुक्रवार को जारी किए। सेल के



निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 10 रुपये के प्रत्येक पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर पर 2.35 रुपये (23.5 प्रतिशत) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में उसने अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन और बिक्री तथा परिचालन से अब तक की सर्वाधिक कारोबारी आय दर्ज की है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में, वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी के कच्चे इस्पात के उत्पादन में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि (1.92 करोड़ टन से बढ़कर 1.94 करोड़ टन) रही। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कंपनी की बढ़ती बाज़ार पहुंच, इन्वेंट्री में कमी और बेहतर डिस्पैच के कारण बिक्री की मात्रा में 11.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई । विज्ञप्ति के अनुसार सेल प्रचालन दक्षता, इन्वेंट्री की निकासी और लागत अनुकूलन की बदौलत शुद्ध लाभ में लगभग 50.5 प्रतिशत का उछाल आया है।

वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी के कर्ज भार में 8,148 करोड़ रुपये की कमी आई है। वर्ष 2025-26 की पूरी अवधि में सेल की परिचालन आय इसे पिछले वित्त वर्ष के 1,02,478 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 1,10,810 करोड रुपये और शुद्ध लाभ 2,148 करोड रुपये के मुकाबले 50 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ कर 3,233 करोड रुपये रहा। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), डॉ. ए. के. पंडा ने कहा, च्हमारा प्रदर्शन हमारे मुख्य कामकाज की मजबूती को दर्शाता है। यह हमारी मार्केट में पकड़ बनाने की कोशिशों और मांग के हिसाब से उत्पाद तैयार करने का नतीजा है।

# वेनिस अंतरिक्ष प्रदर्शनी में भारतीय कंपनियों ने किये कई करार

### इन-स्पेस ने किया था भारतीय अंतरिक्ष उद्योग के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व



**नई दिल्ली (वार्ता)।** इटली के वेनिस में अंतरिक्ष अनुसंधान और उपग्रह प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अंतराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन- स्पेस मीटिंग्स वेनेटो, 2026 में शामिल भारतीय कंपनियों ने विदेशी कंपनियों के साथ सहयोग के करारों पर हस्ताक्षर किये। इस आयोजन में अंतरिक्षण- प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) ने किया। इन-स्पेस की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इटली की अंतरिक्ष उद्योग प्रदर्शनी में उसके नेतृत्व में देश की नौ कंपनियों ने भाग लिया। इनमें एस्ट्रोगेट लैब्स, एस्ट्रोबेस स्पेस टेक्नोलॉजीज, व्योमआईसी, सुहोरा, केप्लर एयरोस्पेस लि, हाईस्पेस टेक्नोलॉजीज, टेकमी2स्पेस,जारबिट्स प्रा लि और ध्रुव स्पेस शामिल थे। विज्ञप्ति के अनुसार वेनिस में कार्यक्रमों के दौरान कर्नाटक स्थित एस्ट्रोबेस स्पेस टेक्नोलॉजीज ने इम्पल्सो स्पेस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य एकीकृत मिशन प्रबंधन और प्रक्षेपण सेवा नेटवर्क के माध्यम से ग्राहकों की पहुँच बढ़ाना तथा प्रक्षेपण के अवसर ढूंढना है। इसी तरह केप्लर एयरोस्पेस ने एपोजियो स्पेसके साथ भू-केंद्र सेवा (जीसास) अवसंरचना के विस्तार के लिए एक करार किया।

# इजिप्टएयर ने 94 साल पूरे होने पर भारत में किया जश्न का आयोजन

## यूनेस्को के साथ सहयोग की घोषणा

नयी दिल्ली (वार्ता)।

मिस्र की राष्ट्रीय विमान सेवा कंपनी इजिप्टएयर के अपने 94 साल पूरे होने पर यहां जश्न का आयोजन किया और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए यूनेस्को के साथ सहयोग की घोषणा की। इस कार्यक्रम में भारत में मिस्र के राजदूत कामेल गलाल ने दोनों देशों के बीच लगातार मजबूत हो रहे पर्यटन, व्यापार, संपर्क और सांस्कृतिक सहयोग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राजनयिक समुदाय के साथ पर्यटन उद्योग, विमानन और कॉर्पोरेट जगत के लोग भी मौजूद थे।

इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए नयी दिल्ली को चुना जाना यह दिखाता है कि दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा भारतीय विमानन बाजार एयरलाइंस के लिए कितना महत्वपूर्ण है। भारत में इजिप्टएयर के प्रबंधक आम्र अली ने कहा, इजिप्टएयर अपने वैश्विक संचालन के 94 वर्ष पूरे कर रहा है और भारत हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बाजारों में से एक बना हुआ है। यह शाम केवल हमारी विरासत का जश्न नहीं, बल्कि भारत और मिस्र के बीच बढ़ती मित्रता और हमारे ट्रैवल पार्टनर्स, उद्योग के सहयोगियों तथा यात्रियों के निरंतर समर्थन का भी उत्सव है। अगले वर्ष अपनी 95वीं वर्षगांठ की ओर बढ़ते हुए हम दोनों देशों के बीच संपर्क, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




समारोह के दौरान इजिप्टएयर ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने तथा सांस्कृतिक विरासत, जैव विविधता और पारंपरिक परंपराओं के संरक्षण से जुड़े प्रयासों को समर्थन देने के लिए यूनेस्को के साथ एक आगामी सहयोग की भी घोषणा की। उसने कहा है कि इस पहल से जुड़ी विस्तृत जानकारी बाद में साझा की जायेगी।

# सरकारी इलेक्ट्रानिक बाजार मंच जेम ने मनाया 9वां स्थापना दिवस

## सकल लेन-देन 18.4 लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अपने गठन के 9 वर्ष पूरे कर रहा गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) देश में पारदर्शिता, दक्षता और प्रौद्योगिकी-आधारित शासन के माध्यम से सार्वजनिक खरीद प्रणाली को मजबूत, प्रतिस्पर्धी तथा किफायती बनाने के साथ आज देश में एक प्रमुख ई-वाणिज्य मंच बन कर उभरा है। वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी कंपनी के रूप में 17 मई 2017 को गठित जेम से आज 1.36 लाख से अधिक सरकारी खरीदार और लगभग 25 लाख विक्रेता एवं सेवा प्रदाता जुड़े हैं। इसके चालू होने से अप्रैल 2026 के अंत तक जेम के माध्यम से सकल 18.4 लाख करोड़ रुपये के सामान और सेवाओं के सौदे हो चुके थे और यह विश्व में अपनी तरह के एक प्रमुख आनलाइन बाजार मंच के रूप में स्थापित हो चुका है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप, जेम स्थानीय क्षमताओं को सरकारी खरीद अवसरों से जोड़कर




घरेलू उद्यमों का समर्थन करता रहा है। इस प्लेटफॉर्म पर फार्मास्यूटिकल्स, परिवहन, निर्माण उपकरण, फर्नीचर, वस्त्र और चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों जैसे क्षेत्रों के प्रथम श्रेणी के स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं की भागीदारी देखी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार इस मंच पर आज 1.36 लाख से अधिक सरकारी खरीदार और लगभग 25 लाख विक्रेता एवं सेवा प्रदाता पंजीकृत हैं, जिनमें सक्रिय विक्रेताओं का लगभग 72 प्रतिशत सूक्ष्म और लघु उद्यम हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान जेम पर 11 लाख से अधिक लघु और मझोली आपूर्तिकर्ता इकाइयों को 2.36 लाख करोड़ मूल्य के 51 लाख से अधिक ऑर्डर प्राप्त हुए। इनमें 28,000 करोड़ रुपये से अधिक के आर्डर महिला इकाइयों को तथा 6,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमियों की इकाइयों को प्राप्त हुए। मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष के दौरान जेम से स्टार्टअप्स को 19,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर मिले, जो उद्यमिता को बढ़ावा देने और सरकारी खरीद तक पहुंच बढ़ाने में इसकी भूमिका को दर्शाता है।

जेम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मिहिर कुमार ने कहा, जेम की स्थापना सरकार और उसकी एजेंसियों के लिए एक पारदर्शी, कुशल और समावेशी डिजिटल खरीद मंच बनाने की दृष्टि से की गई थी। आज जेम आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल को समर्थन देते हुए घरेलू उद्यमों को खरीद अवसरों से जोड़ रहा है। जेम के स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत विभिन्न हितधारक सहभागिता और ज्ञान-साझाकरण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस बार जेम स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत शुक्रवार को आपूर्तिकर्ताओं के लिए एक कार्यशाला से हुई, जिसका उद्देश्य संभावित मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के लिए आपूर्तिकर्ताओं के आकलन की प्रक्रिया और दस्तावेज़ी आवश्यकताओं को अधिक स्पष्ट बनाना है। इन समारोहों के अंतर्गत 21 मई को जेम बाजार-मंच को समृद्ध बनाना विषय पर जेम मंथन संगोष्ठी आयोजन करेगा उसके अगले दिन रक्षा सेवाओं के प्रतिनिधियों के साथ एक विचार-मंथन सत्र भी आयोजित करेगा, जिसमें रक्षा खरीद और परिचालन आवश्यकताओं के साथ बेहतर समन्वय हेतु प्रक्रिया सुधार और तकनीकी हस्तक्षेपों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# प्रदेश में निरंतर सशक्त हो रही स्वास्थ्य सेवाएं : डॉ. मोहन यादव

## नवजात एवं मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने की उल्लेखनीय प्रगति



भोपाल (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सशक्त एवं उन्नत बनाया जा रहा है। प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ ही उनकी सतत एवं सशक्त निगरानी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें। महिला एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा आधुनिक स्वास्थ्य अधोसंरचना, विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं एवं प्रभावी मॉनिटरिंग तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। इन प्रयासों से प्रदेश में नवजात एवं मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में सतत सुधार दर्ज किया जा रहा है।

**नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयों का सशक्त संचालन**–राज्य में जन्म के समय कम वजन वाले, समय पूर्व जन्मे एवं जन्म के समय गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार और नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयाँ (एसएनसीयू) प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। इन इकाइयों से नवजात शिशुओं को विशेषज्ञ उपचार, आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं प्रशिक्षित चिकित्सकीय देखरेख उपलब्ध कराई जा रही है।

**उपचार एवं डिस्चार्ज दर में उल्लेखनीय वृद्धि**–वर्ष 2024–25 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025–26 में नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 24–25 में जहाँ 1 लाख 29 हजार 212 नवजात शिशुओं को उपचार प्रदान किया गया था, वहीं वर्ष 25–26 में यह संख्या बढ़कर 1 लाख 34 हजार 410 तक पहुँच गई है। साथ ही नवजात शिशुओं की सफलतापूर्वक डिस्चार्ज दर भी अब तक के सर्वोत्तम स्तर 82.3 प्रतिशत पर पहुँच गई है।

**बिस्तरों की संख्या में वृद्धि से उपचार क्षमता बढ़ी**–राज्य शासन द्वारा नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयों में उपलब्ध बिस्तरों की संख्या में भी वृद्धि की गई है। वर्ष 24–25 में जहाँ कुल 1654 बिस्तर उपलब्ध थे, वह अब बढ़कर 1770 हो गए हैं। इससे अधिक संख्या में गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

**आधुनिक उपकरणों एवं विशेषज्ञ उपचार की उपलब्धता**–राज्य सरकार गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के उपचार के लिये अत्याधुनिक एवं समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

राज्य की एसएनसीयू इकाइयों में जटिल एवं गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के उपचार के लिये वेंटिलेटर, सी–पैप, निर्बाध ऑक्सीजन, फोटोथेरेपी सहित आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ ही, फैसिलिटी बेस्ड न्यूबोर्न केयर (एफबीएनसी) में प्रशिक्षित चिकित्सकों एवं नर्सिंग ऑफिसर्स द्वारा वैज्ञानिक एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान किया जा रहा है।

**उप जिला स्तर पर सशक्त नवजात उपचार सेवाएं**–राज्य में संचालित 200 एनबीएसयू (न्यूबॉर्न स्टेबिलाइजेशन यूनिट) के माध्यम से भी नवजात शिशुओं को प्रभावी उपचार एवं स्थिरीकरण सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस वर्ष 1 अप्रैल से 15 मई 2026 तक 2 हजार 241 नवजात शिशुओं को उपचार कर सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया है। एनबीएसयू इकाइयों के माध्यम से उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं को स्थिरीकरण सेवाओं के साथ–साथ ऑक्सीजन सपोर्ट एवं फोटोथेरेपी जैसी आवश्यक उपचार सुविधाएं उप जिला स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**जीरो सेपरेशन अवधारणा की अभिनव पहल**–माँ एवं नवजात शिशु को एक साथ गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार के नवीन दिशा–निर्देशों के अनुरूप राज्य में एमएनसीयू (मदर एंड न्यू बोर्न केयर यूनिट) की अवधारणा को भी विस्तार दिया जा रहा है। यह व्यवस्था जीरो सेपरेशन सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें माँ और नवजात शिशु को अलग नहीं किया जाता। इससे स्तनपान, कंगारू मदर केयर तथा नवजात की समुचित देखभाल को बढ़ावा मिलता है। यह पहल विशेष रूप से कम वजन एवं समय पूर्व जन्मे शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है।





# टोंकखुर्द पटाखा फैक्ट्री विस्फोट प्रकरण में राज्य शासन की सख्त कार्रवाई

## पुलिस एवं राजस्व विभाग के तीन अधिकारी तत्काल प्रभाव से निलंबित

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** देवास जिले की टोंकखुर्द तहसील के ग्राम टोंककला स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुई विस्फोट एवं आगजनी की घटना के मामले में पुलिस एवं राजस्व विभाग के तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सोनकच्छ, जिला–देवास की अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) दीपा मांडे को निलंबित किया गया है। आयुक्त उज्जैन संभाग से प्राप्त प्रतिवेदन और पुलिस महानिदेशक की अनुशंसा के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि संबंधित अधिकारी द्वारा शासन स्तर से समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप फैक्ट्री संचालन संबंधी निरीक्षण नहीं किए गए। वरिष्ठ कार्यालय को आवश्यक प्रतिवेदन भी प्रेषित नहीं किए गए। शासन ने इसे कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता माना है। इसी क्रम में संभाग आयुक्त आशीष सिंह द्वारा टोंकखुर्द के एसडीएम संजीव सक्सेना एवं टप्पा चिडावद के नायब तहसीलदार रवि शर्मा को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि विस्फोटक सामग्री से संबंधित प्रकरणों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रशासनिक निरीक्षण एवं निगरानी नहीं की गई। मामले में गंभीर लापरवाही पाई गई। सभी अधिकारियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान दीपा मांडे का मुख्यालय पुलिस मुख्यालय, भोपाल निर्धारित किया गया है। संजीव सक्सेना एवं रवि शर्मा का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय, देवास रहेगा। सभी अधिकारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### बस स्टैंड पर यातायात व्यवस्था सुधारने हटा थाना प्रभारी ने संभाला मोर्चा

**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा बस स्टैंड पर नियम विरुद्ध पार्किंग, मुख्य मार्गों पर खड़ी बाइकों और वाहनों पर हटा थाना पुलिस ने चालानी कार्यवाही की। हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने यातायात व्यवस्था का मोर्चा संभाला और वाहन चालकों, हाथ ठेलों को खदेड़ा। मौके पर दर्जन वाहनों को पुलिस ने हाथ ठेले पर पुलिस थाने भेजा। हटा पुलिस थाना से बस स्टेंड जाने वाले मुख्य मार्ग पर पटेरिया काम्प्लेक्स और पुरानी तहसील के पास सैकड़ों की संख्या में बाईकों, हाथ ठेलो और वाहनों के मुख्य मार्ग पर खड़े होते हैं जिससे आवागमन प्रभावित होता है ।

# पेट्रोल पंप पर मरीज को छोड़ भागा निजी एंबुलेंस चालक



**हटा (स्वतंत्र मत)।** मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला हटा नगर से सामने आया है, जहां गंभीर मरीज को निजी एंबुलेंस चालक पेट्रोल पंप पर ही छोड़कर फरार हो गया। परिजनों के पास पूरे पैसे न होने पर चालक ने बीच रास्ते में ही एंबुलेंस रोक दी और मरीज को उतारकर चला गया। ग्राम पांजी निवासी अक्षु पटेल पिता स्व. मुकेश पटेल करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल हटा लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि शासकीय 108 एंबुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी जिसके कारण परिजनों ने अस्पताल परिसर में खड़ी एक निजी एंबुलेंस से मरीज को दमोह ले जाने का निर्णय लिया। एंबुलेंस में मरीज को बैठाकर वाहन रवाना हुआ लेकिन सिविल अस्पताल से कुछ ही दूरी पर शहर के एक पेट्रोल पंप पर चालक ने एंबुलेंस रोक दी। यहां चालक ने ईंधन के लिए तत्काल पैसे मांगे। परिजनों के पास उस समय केवल 400 रुपये ही थे जो उन्होंने चालक को दे दिए और शेष राशि जिला अस्पताल पहुंचकर देने की बात कही।



## भीषण गर्मी के बीच सुधीर बेगी की मानवीय पहल

**हटा (स्वतंत्र मत)।** शनिवार को थाना प्रभारी सुधीर बेगी पुलिस स्टाफ के साथ कृषि उपज मंडी पहुंचे जहां उन्होंने मंडी शेड में मेहनत कर रहे हम्मालों और किसानों को लस्सी एवं ठंडा पानी वितरित किया। तेज गर्मी और उमस के बीच पुलिस की इस संवेदनशील पहल से मंडी परिसर में मौजूद लोगों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। मंडी में कार्य कर रहे हम्मालों ने कहा कि गर्मी के इस दौर में राहत पहुंचाने वाला यह प्रयास सराहनीय है। किसानों ने भी थाना प्रभारी और पुलिस स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस का यह मानवीय रूप समाज के लिए प्रेरणादायी है। आमतौर पर कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने वाली पुलिस का यह सेवा भाव लोगों के बीच सकारात्मक संदेश देने वाला रहा। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने कहा कि भीषण गर्मी में जरूरतमंद लोगों की सहायता करना सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

## रक्षा मंत्री से राज्यमंत्री पटेल ने पथरिया में सैनिक स्कूल स्थापना का किया आग्रह

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** नई दिल्ली में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने सौजन्य भेंट कर दमोह जिले के पथरिया विधानसभा में सैनिक स्कूल की स्थापना का आग्रह किया। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा भारत सरकार के रक्षा मंत्री श्री सिंह के नेतृत्व में देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा सैनिक स्कूल युवा पीढ़ी में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने बताया विधानसभा पथरिया में सैनिक स्कूल स्थापित करने का अनुरोध किया ।



## दमोह की बेटी प्रिंसी ने बढ़ाया जिले का मान

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दमोह की गौरव प्रिंसी ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए मेडल प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि प्रिंसी ने इससे पूर्व बैचलर ऑफ फाइन आर्टस में उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त किया था और अब सफलता के इस सिलसिले को जारी रखते हुए उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि मास्टर डिग्री में अपने नाम की है। इस बार उन्हें यह विशिष्ट सम्मान जगत प्रकाश नड्डा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री भारत सरकार के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

# गौमाताओं के लिए बेहतर संरक्षण सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

## इमलिया घाट, चौरई एवं बालाकोट गौशालाओं का किया गया निरीक्षण



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव आज आकस्मिक भ्रमण अभियान के तहत इमलिया घाट स्थित गोपाल कृष्ण गौशाला पहुंचे। यहां पर गौशाला की व्यवस्थाएं देखी। गौमाता गौशाला में थी, छाया पानी और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्थाएं थी। उन्होंने यहां पर गौशाला के संचालन की बेहतर व्यवस्था पर इसकी सराहना करते हुए इसी तरह अच्छा कार्य करने प्रेरित किया। इसी दौरान कलेक्टर चौरई स्थित गौशाला पहुंचे। यहां पर भी गौशाला का संचालन अच्छी तरह से किया जा रहा था इसके उपरांत कलेक्टर बालाकोट पहुंचे। बालाकोट गौशाला में पेयजल की समुचित व्यवस्था आदि नहीं पाए जाने पर और बाहर गौशाला में बोर्ड लेखन का कार्य नहीं पाया गया। कलेक्टर यादव ने कहा गौ सेवा करना हम सबका कर्तव्य हैं, इसी को देखने के लिए प्रातः से गौशालाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा शासन द्वारा गौ सेवा के लिए राशि दी जाती हैं, उसका पूरा उपयोग गौमाता माताओं को अच्छी व्यवस्था मिले, छाया, पानी मिले, उन्हें आवश्यकता पड़ने पर उनको ईलाज मिले। चौरई में व्यवस्था अच्छी मिली है। बालाकोट गौशाला में सुदृण व्यवस्था नहीं पाये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

श्री यादव ने कहा इमलिया घाट में अच्छी व्यवस्था मिली है, हमारा जैसा प्रयास था कि जो बैठक लेकर गौशाला संचालकों को बताया गया था सेवा करना हैं, लोगों को जागरूक करें कि वो अपना इसको कर्तव्य माने और संवेदनशीलता के साथ गौमाता के प्रति प्रेम रखकर उनकी सेवा करें। आज हमें उसमें परिवर्तन देखने को मिला, यहां देखा तो सभी गौमाताओं के लिए अच्छा भोजन मिल रहा है छाया पानी है, पंखे लगे लगे हुए हैं, आगे लिखा भी दिया गया है, कब क्या दिया जाएगा, क्या व्यवस्था है कितने पशु हैं।

## कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

दमोह (स्वतंत्र मत)।

जिले में कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर जनपद पंचायत की अध्यक्ष प्रीति राजू सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, विधायक दमोह के प्रतिनिधि कमल सिंघाई, मयंक श्रीवास्तव, पुरन पटैल एवं उपसंचालक कृषि जीएल अहिरवार, परियोजना संचालक आत्मा एवं सहायक संचालक कृषि जेएल प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरके जैन, जिला सलाहकार गिरवर पटेल की उपस्थिति में कृषि रथ को कलेक्ट्रेट परिसर दमोह से रवाना किया गया। कृषि रथ प्रत्येक विकासखंड में संचालित होंगे।

# 15 दिन से पानी को तरसे हाउसिंग बोर्ड निवासी

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर में गहराए जल संकट के बीच हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की वर्षों से बंद पड़ी पानी की टंकी को अचानक चालू कराने की कवायद ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। करीब आठ वर्ष पूर्व नगर पालिका को हैंडओवर की गई इस टंकी को अब सक्रिय करने के लिए आनन–फानन में पाइप लाइन बिछाई गई जबकि कॉलोनी के करीब 30 परिवार पिछले 15 दिनों से पानी के लिए परेशान हैं। जानकारी के अनुसार करीब दस दिन पूर्व नगर में पेयजल संकट को लेकर दमोह कलेक्टर की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद में समीक्षा बैठक आयोजित हुई थी। बैठक में जल आपूर्ति में आ रही दिक्कतों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने और नियमित जल सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद नगर पालिका, एमपीयूडीसी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी नगर में जल व्यवस्था सुधारने में जुट गए। इसी बीच नगर पालिका परिषद ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित पानी की टंकी को चालू कराने के लिए अलग पाइप लाइन डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कलेक्टर के निर्देशों का हवाला देकर एमपीयूडीसी के अधिकारियों से महज 24 घंटे में पाइप लाइन बिछवा दी गई जबकि बैठक में इस टंकी को चालू कराने को लेकर कोई स्पष्ट चर्चा नहीं हुई थी।

### आठ वर्ष पहले नगर पालिका को हैंडओवर हो चुकी थी टंकी

स्थानीय लोगों के अनुसार, हाउसिंग बोर्ड ने करीब आठ वर्ष पूर्व निर्धारित राशि जमा कर पानी सप्लाई के लिए उक्त टंकी नगर पालिका को हैंडओवर कर दी थी। इसके बावजूद वर्षों तक टंकी चालू नहीं कराई गई। कॉलोनी में उदय प्रोजेक्ट की पाइप लाइन के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति होती रही। बताया गया कि अंधियारा बगीचा से पटेरा नाका तक फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन उखाड़ दिए जाने से कॉलोनी की जलापूर्ति बाधित हो गई।



## शिव साई धाम में प्रथम शनि जयंती महामहोत्सव का आयोजन हुआ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** श्री शिव साई धाम वेलाताल टापू में शनिवार को प्रथम श्री शनि जयंती महामहोत्सव का दिव्य एवं भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। श्री शिव सांई धाम पुरोहित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने बताया कि आयोजन की शुरुआत प्रातः 8 बजे श्री शनि देव के विधिविधान से पूजन एवं अभिषेक के साथ हुई। इसके पश्चात 9 बजे से 12 बजे तक हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित भक्तों ने श्रद्धाभाव से भाग लिया और वातावरण भक्तिमय हो गया। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत दोपहर 12 बजे से सायं 6 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान सेवा कार्यों में लगे कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमलिया घाट के औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव करीब 10 बजे इमलिया घाट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। इस दौरान यहां पर स्वास्थ्य विभाग का कोई भी अधिकारी–कर्मचारी मौजूद नहीं था, यहां पर तीन मरीज इलाज के लिए बैठे हुए थे और एक महिला अपनी बहु को लेकर डिलीवरी के लिए पहुंची थी, सुबह डिलीवरी हुई है, कलेक्टर ने तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वीडियो कॉल कर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए त्वरित रूप से कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था जायजा लेने दूरस्थ अंचल पर पहुंचे। उन्होंने बताया जब हम यहां आए, डॉक्टर मिला न कोई नर्स मिली। पेशेंट अपनी दवा कराने के लिए सुबह से बैठे हुए हैं। कलेक्टर ने कहा लगातार इस तरह की कार्रवाई की जायेगी जिससे कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छी मिलें।

उन्होंने कहा तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वीडियो कॉल करके उनको वस्तु स्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डॉक्टर एवं स्टॉफके विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। यहां पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर सचिव को निर्देशित किया गया व्यवस्था सुदृण की जाये। कलेक्टर ने कहा वे लगातार दौरे करेंगे। सभी स्वास्थ्य अधिकारी–कर्मचारी समय पर आए और मरीजों का बेहतर इलाज करें। कलेक्टर ने कहा जो ड्यूटी दी गई है, उसको बखूबी निभाएं अन्यथा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्तरीय निगरानी दल द्वारा चना मसूर उपार्जन केन्द्रों पर की गई कार्यवाही

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा चना मसूर उपार्जन केंद्रों पर कार्यवाही की गई। उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति पटेरिया केंद्र में मसूर नॉन एफएक्यू स्तर की खरीदी पाई गई। साथ ही उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति रसीलपुर में किसान सौरभ तिवारी, ग्राम हरद्वानी से चना उपार्जन में 170 रूपये प्रति क्विंटल एवं 35 रूपये तुलाई के तथा मसूर में 150 रुपए प्रति क्विंटल एवं 35 रूपये तुलाई के अलग से लिए जाने की बात सामने आई। किसान को मौके में बुलाकर कथन एवं पंचनामा तैयार किया गया। संपूर्ण प्रकरण की जानकारी से कलेक्टर को अवगत कराने पर कलेक्टर ने कठोर कार्यवाही के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील आधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र.0110/6/2026-2027
जबलपुर, दिनांक 15/05/26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गहोई संस्कार उत्थान समिति द्वारा अध्यक्ष नंदकिशोर नीखरा पिता हजारी लाल नीखरा निवासी विजय नगर जबलपुर के द्वारा मौजा कछपुरा नजूल ब्लाक नंबर ..स्थित भूमि खसरा नंबर 126, 127, 132/2 वर्गफुट में से रकवा 1379 व.फु. भूमि पर फूलचंद सेठ की मृत्यु दिनांक 29/09/2024 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रश्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 29/05/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 15/05/2026
पेशी दिनांक 29/05/2026

सील

**तहसीलदार**
**आधारताल जबलपुर**



## ➤ हज यात्रा के लिए रवाना हुआ 41 लोगों का जत्था

### माला पहनाकर दी गई विदाई

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । डुमना एयरपोर्ट से हज यात्रियों का एक जत्था अपनी पवित्र यात्रा के लिए मक्का मदीना शरीफ के लिए रवाना हुआ। हाजी मोहम्मद शाहिद रज़ा और हाजी मोहम्मद जैनुल आबदीन के नेतृत्व में हज यात्रियों को ले जाया जा रहा है जत्थे में महिलाओं सहित पुरुष मिलाकर कुल 41 जायरीन शामिल हैं। सभी यात्री पहले जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से बेंगलुरु पहुंचेंगे और वहां से सीधे सऊदी अरब के जेद्दा के लिए रवाना होंगे जबलपुर एयरपोर्ट पर यात्रियों का फूलों की माला पहनाकर और दुआओं के साथ स्वागत करते हुए विदाई की गई।

## ➤ हनुमानताल थाना क्षेत्र में वारदात

### युवक को घेरकर मारे चाकू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। हनुमानताल क्षेत्रातंर्गत मोहरिया कैफे के सामने बीतीरात राजीव नगर मोहरिया निवासी 26 वर्षीय दिलशाद ने जैसे ही मोह. हसल और उसके दो साथियों से बुलट गाड़ी हटाने कहा तो तीनों ने विवाद करना शुरु कर दिया। इसके बाद मोह. हसल और उसके साथियों ने दिलशाद के साथ मारपीट शुरु कर दी। इसी बीच हसल ने चाकू से हमला कर दिलशाद की वायीं भुजा और पैर में चोट पहुंचा दी और मौके से भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।





# नीट पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

## रसल चौक से राजीव गांधी चौक तक कांग्रेस का मशाल जुलूस, केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण और लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि इस जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं, छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने हिस्सा लेकर शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार व अव्यवस्थाओं के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की। मशाल जुलूस रसल चौक से प्रारंभ होकर राजीव गांधी चौक तक पहुंचा। पूरे मार्ग के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और परीक्षा प्रणाली में हुई गंभीर गड़बड़ियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने नीट धांधली के दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करने और देश में पूरी तरह पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई।

### सड़क से सदन तक लड़ेंगे लड़ाई

जुलूस के समापन पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था और उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। लाखों मेहनती विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सपनों को कुचला गया है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। नेताओं ने साफ किया कि युवाओं के हक और उनके सुनहरे भविष्य की रक्षा के लिए कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक अपना संघर्ष जारी रखेगी।

### वरिष्ठ नेताओं सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता रहे मौजूद

इस विरोध प्रदर्शन में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, सोनू कुकरेले, अभिषेक चौकसे, कमलेश यादव, प्रमोद पटेल, संतोष दुबे, इंद्रा तिवारी, आदित्य मिश्रा और अभिषेक पाठक मौजूद रहे। इनके साथ ही मेवालाल पटेल, रिंकू यादव, समर्थ अवस्थी, सिद्धांत जैन, पवन कनौजिया, सुभाष पटेल, सचिन रजक, आरिफ बेग, अरुण पवार, रज्जू सराफ, मनोज नामदेव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय कंगारू केयर दिवस पर जिनसार के विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च के बी.एससी. नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कंगारू केयर जागरूकता दिवस के अवसर पर मनमोहन नगर यूसीएचसी में एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी (प्राचार्य प्रभारी) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया तथा इसका समन्वयन स्वप्लिल मसीह एवं पूर्वी विजय कुमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माताओं एवं परिवारों को कंगारू मदर केयर के महत्व के प्रति जागरूक करना था, जिससे विशेष रूप से समय से पूर्व जन्मे एवं कम वजन वाले नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य एवं जीवन रक्षा में सुधार हो सके। विद्यार्थियों ने त्वचा से त्वचा के संपर्क, केवल स्तनपान, शरीर के तापमान का संतुलन, भावनात्मक जुड़ाव तथा शिशुओं के स्वस्थ मस्तिष्क विकास के लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की। जागरूकता सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर, प्रदर्शन एवं संवादात्मक शिक्षण के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की।

***दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां***- समुदाय के लोगों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई तथा नवजात शिशु की उचित देखभाल के विषय में रुचि के साथ जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में शिशु को गर्म रखने, संक्रमण से बचाव, शीघ्र स्तनपान तथा नवजात देखभाल में मातृ सहभागिता के महत्व के बारे में भी जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं समुदाय की उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने कंगारू केयर के प्रति जागरूकता फैलाने तथा नवजात स्वास्थ्य को बढ़ावा देने एवं माँ-शिशु के संबंध को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


## कार की टक्कर से दो घायल

जबलपुर। मंझौली पुलिस ने बताया कि कटंगी बेलखाडू निवासी इरशाद अंसारी अपने भाई शहजाद व साथ में काम करने वाले कमल रैदास, आसिफ अंसारी के साथ लोडिंग वाहन में टैंट का सामान लोड कर ग्राम बिछिया जा रहे थे। जैसे ही वे बचैया मेन रोड ग्राम मोहनिया के बीच रूक-कर रोड पर खड़े होकर बाते कर रहे थे। उसी दौरान बचैया तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 एफ ए 6016 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए शहजाद एवं कमल को टक्कर मार दी। जिससे दोनों को चोटे आ गई।

# कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

संजीवनी नगर थाना अंतर्गत धनवंतरी नगर की कृष्ण विहार कॉलोनी में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक मकान के अंदर युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। घटना की खबर मिलते ही आसपास के स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पाकर तुरंत पहुंची संजीवनी नगर थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की शिनाख्त अखिलेश लोधी के रूप में हुई है, जो पेशे से फोटोग्राफर था। बताया जा रहा है कि अखिलेश धनवंतरी नगर स्थित कृष्ण विहार कॉलोनी में अपने दोस्त सिद्धार्थ के साथ किराए के मकान में रहता था। युवक की मौत किन परिस्थितियों में और कैसे हुई, इसे लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

इस पूरे मामले में मृतक के भाई आकाश लोधी ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। आकाश ने बताया कि उन्हें अखिलेश के दोस्त सिद्धार्थ ने फोन पर सूचना दी थी कि उनके भाई की मौत हो गई है। जब वे घबराए हुए मौके पर पहुंचे, तो अखिलेश घर के अंदर सोफे पर बेहद संदिग्ध हालत में मृत पड़ा हुआ था। परिजनों का स्पष्ट कहना है कि यह मामला सामान्य मौत का नहीं लग रहा है। पुलिस मृतक के साथ रहने वाले उसके दोस्त सिद्धार्थ और आसपास के पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल हर एंगल से मामले की बारीकी से तफ्तीश की जा रही है।

## पमरे जीएम ने परखा जबलपुर-भिटौनी रेलखंड

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पमरे के महाप्रबंधक द्वारा शनिवार, 16 मई को रेल संरक्षा, यात्री सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जबलपुर मंडल के विभिन्न रेलखंडों, गढ़ा गुड्स शेड एवं रेलवे स्टेशनों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने विशेष निरीक्षण यान 'परख' से जबलपुर,गढ़ा,कछपुरा,भेड़ाघाट,भिटौनी रेलखंड के मध्य संपूर्ण रूट की तकनीकी व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। महाप्रबंधक का निरीक्षण यान सर्वप्रथम जबलपुर स्टेशन से रवाना होकर गढ़ा गुड्स शेड पहुंचा और यात्री सुविधाओं ,माल यातायात से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। कछपुरा,भेड़ाघाट,भिटौनी रेलखंड के बीच महाप्रबंधक ने रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग प्रणाली और ओवरहेड इक्विपमेंट व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, भिटौनी स्टेशन पर महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं की समीक्षा की भिटौनी से लौटते समय महाप्रबंधक मदनमहल रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां उन्होंने चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों का समयपालन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। चालू विकास परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाई जाए और इनके साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

# स्टेशन पर भीख मांगते मिले नाबालिग

## आरपीएफ ने सुरक्षित रेस्क्यू कर बाल गृह भेजा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



रेल यात्रियों और बच्चों की सुरक्षा के प्रति मुस्तैद रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत जबलपुर रेलवे स्टेशन पर एक बड़ी कार्रवाई की है। आरपीएफ टीम ने स्टेशन परिसर में लावारिस हालत में भिक्षावृत्ति कर रहे चार नाबालिग बालकों को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया है। आरपीएफ से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार (15 मई) को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जबलपुर के उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रधान आरक्षक हरिओम सिंह, आरक्षक अरुण यादव, आरक्षक पंकज सिंह, आरक्षक देवी शंकर पांडे और स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) संजय जायसवाल स्टेशन प्लेटफॉर्म पर रूटीन गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें ये चारों बच्चे संदिग्ध और लावारिस हालत में भीख मांगते हुए दिखाई दिए।

***घर से भागकर आए थे जबलपुर***- संदेह होने पर जब टीम ने बच्चों से पूछताछ की, तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद उन्हें सुरक्षा के साथ आरपीएफ पोस्ट लाया गया। यहाँ गहन पूछताछ में बच्चों ने स्वीकार किया कि वे अपने घरों से भागकर जबलपुर स्टेशन पहुंचे थे और पेट भरने के लिए यहाँ भिक्षावृत्ति करने लगे थे। आरपीएफ ने तत्परता दिखाते हुए सभी बालकों की आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की और उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया। इसके बाद बच्चों को बाल कल्याण समिति, गोकलपुर के समक्ष पेश किया गया। समिति के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए चारों बच्चों को सुरक्षित संरक्षण के लिए शासकीय बाल गृह, गोकलपुर की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

## साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। जिला साहू समाज, जबलपुर द्वारा साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन आज 17 मई 2026, रविवार को मानस भवन, राइट टाउन में किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित रहेगा। जिला साहू समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज के युवक-युवतियों को एक मंच प्रदान करना एवं पारिवारिक परिचय के माध्यम से वैवाहिक संबंधों को प्रोत्साहित करना है।


South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic

| | |
|---|---|
| PATI PATNI AUR WOH DO (HIN) | 9:00 AM, 10:10 AM, 11:30 AM, 2:00 PM, 4:30 PM, 7:00 PM, 9:30 PM & 10:35 PM \| RUBY 9:00 PM |
| AAKHRI SAWAL (HIN) | RUBY 10:15 AM |
| BHOOTH BANGLA (HIN) | 12:30 PM, 3:40 PM, 6:50 PM & 10:00 PM |
| IIZ: INDIAN INSTITUTE OF ZOMBIES (HIN) | RUBY 9:30 AM |
| KRISHNAVATARAM PART 1 (HIN) | 9:40 AM, 12:30 PM & 3:25 PM RUBY 6:45 PM, 9:30 PM |
| DAADI KI SHAADI (HIN) | RUBY 4:00 PM |
| MORTAL KOMBAT II (HIN/ENG) | RUBY HIN - 12:00 PM RUBY ENG - 2:10 PM |
| MICHAEL (ENG) | RUBY 4:20 PM & 6:40 PM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HIN) | 6:20 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC 5 BIG SCREENS
Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508


# पानी की तलाश में रिहायशी इलाके में पहुंच रहा तेंदुआ, दहशत में ग्रामीण

## सिहोरा से सटे इलाकों में दहशत का माहौल, लोगों ने घरों से निकलना किया बंद





सिहोरा (स्वतंत्र मत)

वन परिक्षेत्र सिहोरा की धनगवां बीट अंतर्गत मजोली, हरदुआ कला, खलरी, हाथवई, डुंडी, महगवां, मोहला और धनगवां सहित आसपास के गांवों में तेंदुए के मूवमेंट ने दहशत फैला दी है। खदानों के पिछले हिस्से में किसानों को तेंदुए के ताजा पंजों के निशान दिखाई दिए हैं, जिसके बाद ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। उड़द और मूंग की खेती कर रहे किसानों ने खेतों के पास मिले निशानों की सूचना वन विभाग को दी है।

***बच्चों के साथ दिखी मादा बाघिन, रात में खेत जाने से डर रहे किसान***- ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में बच्चों के साथ एक मादा बाघिन भी देखी गई है, जो लगातार जंगल से सटे गांवों के आसपास अपनी लोकेशन बदल रही है। शिकार और पानी की तलाश में वन्यजीव अब आबादी वाले इलाकों तक पहुंच रहे हैं। हालात यह हैं कि रात के समय खेतों में सिंचाई और रखवाली के लिए जाने से किसान डरने लगे हैं और गांवों में शाम ढलते ही सन्नाटा पसर रहा है।

***अलर्ट पर वन विभाग का अमला*** - बताया जा रहा है कि धनगवां बीट समेत आसपास के क्षेत्रों में पहले भी तेंदुए और मादा बाघिन के मूवमेंट की सूचनाएं लगातार सामने आती रही हैं। वन विभाग का कहना है कि उन्हें कई बार जानकारी मिली, लेकिन वन्यजीव सीधे नजर नहीं आए। फिलहाल वन अमला गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा है, लेकिन दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही।

### इन्होंने कहा

धनगवां बीट के अंतर्गत आने वाले गांव में तेंदुए की मूवमेंट की जानकारी मिली है। वन अमले को संबंधित क्षेत्र में भेजा गया है, ताकि ग्रामीणों को सतर्क किया जा सके और तेंदुए की सटीक लोकेशन के आधार पर उसे ट्रेस किया जा सके।

**एमएल बरकड़े, अनुविभागीय अधिकारी वन, सिहोरा**






हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**